RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 173
नई दिल्ली, रविवार, 30 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




प्रचंड की भारत यात्रा जून तक टली

विदेश-10

# कांग्रेस ने 91 बार मुझे अपमानित कियाः मोदी

## चुनावी राज्य कर्नाटक में पहली बार प्रचार के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री

● जहरीला सांप वाली टिप्पणी को लेकर विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना, कहा- भ्रष्टाचार के सभी स्रोत बंद करने के कारण उनके खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल कर रही

**एजेंसी।** हुमनाबाद/विजयपुरा/कुडची



बेंगलुरु में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोडशो करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जहरीला सांप वाली टिप्पणी को लेकर पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस और उसके नेता अब तक 91 बार अलग-अलग तरह से उन्हें अपमानित कर चुके हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस उनके खिलाफ अपशब्द कह रही है क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार के सभी स्रोत बंद कर दिए हैं।

कांग्रेस पर कर्नाटक में लिंगायत समुदाय का भी अपमान करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि पार्टी ने बाबासाहेब आंबेडकर और वीर सावरकर को भी अपशब्द कहे हैं। कर्नाटक में 29 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद पहली बार प्रचार के लिए राज्य के दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि लोग उसकी गालियों का वोटों से जवाब देंगे और वे (कांग्रेस नेता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जितना कीचड़ उछालेंगे, उतना ही कमल खिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक नया नारा इ बारिया निरधारा, बहुमतदा बीजेपी सरकारा (इस बार का निर्णय, बहुमत की भाजपा सरकार) दिया और विश्वास जताया कि पूर्ण बहुमत हासिल करके पार्टी सत्ता बरकरार रखेगी।

मोदी ने कहा, कांग्रेस आम आदमी के बारे में बात करने वाले, उनके (कांग्रेस के) भ्रष्टाचार को सामने लाने वाले और स्वार्थ की उनकी राजनीति पर वार करने वाले हर व्यक्ति से नफरत करती है। ऐसे लोगों के खिलाफ कांग्रेस की नफरत गहरी होती जाती है। इस चुनाव में भी कांग्रेस ने (शेष पेज 9)

## अपनी व्यथा सुनाने वाले पहले पीएम हैं मोदीः प्रियंका गांधी

● कहा- भाजपा सरकार किसी का सम्मान नहीं करती चाहे वह लोग हों, उनके वोट हों या वह राज्य हो, जहां वह शासन कर रही है

**एजेंसी।** धारवाड़ (कर्नाटक)



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने नरेंद्र मोदी के तौर पर एकमात्र ऐसा प्रधानमंत्री देखा है, जो लोगों की व्यथा सुनने के बजाय उनके सामने अपनी व्यथा सुनाते हैं।

वाद्रा ने कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धारवाड़ जिले के नवलगुंड शहर में एक जनसभा में कहा, मैंने इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेई और मनमोहन सिंह से लेकर कई प्रधानमंत्रियों को देखा है, लेकिन ये (मोदी) पहले प्रधानमंत्री हैं, जो लोगों की व्यथा सुनने के बजाय उन्हें अपनी व्यथा सुनाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार किसी का सम्मान नहीं करती, चाहे वह लोग हों, उनके वोट हों या वह राज्य हो, जहां वह शासन कर रही है, या वरिष्ठ नेता जगदीश शेट्टर, जो हाल ही में टिकट नहीं दिए जाने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए या पूरा लिंगायत समुदाय। उन्होंने कहा कि जब लोगों का सम्मान नहीं किया जाता है, तो यह देश (शेष पेज 9)

# मुख्तार को 10, अफजाल को चार साल की सजा

● वर्ष 2005 में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या व 1997 में व्यापारी की हत्या से जुड़े गैंगस्टर एक्ट मामलों में गाजीपुर की विशेष सांसद-विधायक अदालत ने सुनाया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजीपुर



अफजाल और मुख्तार का फाइल चित्र

**गैंगस्टर** एक्ट के 14 साल पुराने मामले में पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को 10 साल कैद और पांच लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। वहीं, उनके बड़े भाई बसपा सांसद अफजाल अंसारी को चार साल की सजा और एक लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है।

गाजीपुर की विशेष सांसद-विधायक अदालत के अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) दुर्गेश ने दोनों भाइयों को यह सजा सुनाई। गाजीपुर जिले में तत्कालीन विधायक कृष्णानंद राय की 29 नवंबर, 2005 को हुई हत्या तथा वाराणसी में 22 जनवरी, 1997 को व्यापारी नंद किशोर रुंगटा उर्फ नंदू बाबू के अपहरण और हत्या के मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। अदालत का फैसला आने के बाद दिवंगत कृष्णानंद राय के भतीजे आनन्द राय ने अपने और परिवार की ओर से अदालत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति भी आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उन्होंने (योगी) उप्र को भयमुक्त बनाया है, जबकि विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों में गुंडे, माफिया आतताई की तरह काम करते थे।

अफजाल अंसारी गाजीपुर संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद हैं। वहीं, मुख्तार अंसारी पड़ोसी जिले मऊ की सदर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक रह चुके हैं। शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि 22 नवंबर, 2007 को गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली में गैंगस्टर चार्ट में सांसद अफजाल अंसारी और मुख्तार अंसारी को शामिल करते हुए गैंगस्टर अधिनियम के तहत उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर, 2022 को दोनों के खिलाफ आरोप तय किए गए और अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हुई। अधिवक्ता के मुताबिक, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा था। उन्होंने बताया कि शनिवार को अदालत ने मामले में मुख्तार अंसारी को दस साल कैद और पांच लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

मुख्तार अंसारी ने 2022 में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था और उनकी सीट पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) से किस्मत आजमा रहे उनके बेटे अब्बास अंसारी विधायक चुने गए। मुख्तार अंसारी इस समय आपराधिक मामलों में बांदा की एक जेल में बंद हैं। मुख्तार की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। हालांकि अफजाल अंसारी अदालत में पेश हुए और सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) हितेंद्र कृष्ण ने एजेंसी को बताया कि अफजाल अंसारी को अदालत के आदेश के (शेष पेज 9)

# मन की बात कार्यक्रम बना प्रेरणादायक मंच

● बिल ऐंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने पीएम मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' पर किया अध्ययन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल चित्र

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम मन की बात एक प्रेरणादायक मंच में बदल गया है जो सतत विकास की प्राथमिकता वाले विषयों को प्रोत्साहित करता है और यह सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में भारत के प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण है। यह जानकारी बिल ऐंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा कराए गए अध्ययन से प्राप्त हुई है।

मन-की-बात: ए डिकेड ऑफ रिफ्लेक्शन शीर्षक से किए गए अध्ययन में कहा गया कि वर्ष 2014 में प्रसारण शुरू होने के बाद से यह सरकार के नागरिकों तक पहुंचने के कार्यक्रम का अहम स्तंभ बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अध्ययन का उद्देश्य वर्ष 2014 से 2023 के बीच प्रसारित मन -की-बात की 99 कड़ियों का मात्रात्मक और गुणात्मक विश्लेषण और चर्चा के प्रमुख विषयगत क्षेत्रों की पहचान करना था।

इस अध्ययन में इंस्टीट्यूट फॉर कम्पेटिटिवनेस (आईएफसी) अनुसंधान सहयोगी रहा, जबकि एक्सिस माई इंडिया ज्ञान साझेदार रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि मन की बात कार्यक्रम ने वैश्विक और स्थानीय समस्याओं के प्रति जागरुकता पैदा की और जमीनी समाधानों का उत्सव मनाया। इसमें कहा गया कि इस कार्यक्रम ने नागरिक सक्रियता को बढ़ावा दिया जिसने भारत की सतत विकास की दिशा में प्रगति में योगदान दिया। इस अध्ययन में यह भी कहा गया कि मन की बात में पांच बिंदुओं- स्वच्छता और सफाई, स्वास्थ्य, आरोग्य, जल संरक्षण और स्थायीत्व को प्रोत्साहित किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार आम नागरिकों की कोशिशों के उदाहरण पेश कर और बदलाव एवं प्रगति की कहानियों को साझा कर मन की बात स्वयं प्रेरणादायक मंच में तब्दील हो गया है। यह सतत विकास को प्राथमिकता वाली उन थीम के जरिए प्रोत्साहित कर रहा है जो भारत की सतत विकास लक्ष्य को हासिल करने के केंद्र में हैं। रिपोर्ट में (शेष पेज 9)

# केजरीवाल आवास पर खर्च के रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश

● उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के नवीनीकरण की जांच कर 15 दिन में तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास की मरम्मत पर करोड़ों रुपए खर्च को लेकर उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को अधिकारियों को खर्च का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का आदेश दिया है और 15 दिनों के भीतर मामले पर रिपोर्ट मांगी है।

भाजपा और कांग्रेस इस मुद्दे को पहले से ही बेहद आक्रामक ढंग से उठा रही हैं और केजरीवाल से सवाल पूछ रही हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाते हुए दावा किया कि वर्ष 2020-22 के दौरान छह-फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण पर 45 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे।

वहीं, आप ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा इस मामले को उठाकर वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। राज निवास द्वारा, 27 अप्रैल को जारी आदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा आवास के नवीनीकरण में की गई कथित घोर (शेष पेज 9)

# अपराधी बनकर नहीं दूंगा इस्तीफाः बृजभूषण

**भाषा।** गोंडा



**धरने** पर बैठे पहलवानों के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को कहा कि इस्तीफा देना उनके लिए कोई बहुत बड़ी बात नहीं है, किन्तु वह अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं देंगे। महिला पहलवानों द्वारा बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज कीं।

विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में बृजभूषण ने कहा, मैं पूरी तरह से निर्दोष हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा है। मैं हर तरह की जांच का सामना करने को तैयार हूं। उन्होंने कहा, भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना मेरे लिए कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है, किन्तु मैं अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं अपराधी नहीं हूं। इस्तीफा देने का मतलब है कि मैंने इनके आरोपों को स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में धरने पर बैठे पहलवानों से शनिवार को मुलाकात कर उनके प्रति समर्थन जताया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बाहुबली एवं माफिया के सामने नतमस्तक हो गई है।

इस पर उन्होंने कहा, आज दिखाई पड़ गया कि इस पूरे विवाद के पीछे किसका हाथ है। मैं शुरू से कह रहा हूं कि इसमें एक उद्योगपति और कांग्रेस का हाथ है। इन्हें मुझसे कष्ट है। उन्होंने सवाल किया, जब मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो गई तो अब पहलवान क्यों धरने पर बैठे हैं? वे लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्रालय के खिलाफ क्यों बोल रहे हैं? यह खिलाड़ियों का धरना नहीं, षड्यंत्रकारियों का धरना है। हम बहाना हैं, निशाना हमारे ऊपर कहीं है। बृजभूषण ने कहा , महिला पहलवानों की सभी मांगें मान ली गई हैं। मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, फिर भी वे धरने पर बैठे हैं। क्यों? उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और महासंघ के अध्यक्ष के चुनाव के साथ अपने आप ही इस्तीफा हो जाएगा। नए चुनाव तक वह सिर्फ कार्यवाहक की भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने सवाल दागा कि यदि वह पिछले 12 साल से खिलाड़ियों का यौन शोषण कर रहे था, तो वे आज तक कभी पुलिस स्टेशन, फेडरेशन अथवा सरकार के पास शिकायत लेकर क्यों नहीं गए? सीधा जंतर-मंतर पर धरना देने क्यों पहुंच गए। पहलवानों के धरना प्रदर्शन को राजनीति से प्रेरित और साजिश बताते हुए भाजपा सांसद ने दावा किया कि उन्होंने जांच समिति को एक ऑडियो सौंपा है, जिसमें एक शख्स किसी से कह रहा है कि एक लड़की की व्यवस्था कर दो, उसे (बृजभूषण को) फंसाने के लिए। बृजभूषण ने दावा किया कि पूरा हरियाणा और यूपी का अखाड़ा उनके साथ है और सिर्फ एक परिवार का अखाड़ा ही उनके खिलाफ है।

## क्विक न्यूज

### जेईई- मेन में 43 अभ्यर्थियों को मिला परफेक्ट 100

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के दूसरे संस्करण मे 43 विद्यार्थियो ने शतप्रतिशत अंक हासिल किए है। इनमे सबसे ज्यादा विद्यार्थी तेलंगाना के है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। कम से कम 15 विद्यार्थियो के नतीजो को अनुचित तरीको का इस्तेमाल करने की वजह से अभी जारी नही किया गया है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 43 उम्मीदवारो मे से 32 सामान्य श्रेणी के है, सात अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के है, तीन सामान्य-आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) और एक अनूसूचित जाति (एससी) श्रेणी से है। दिव्यांग श्रेणी से 99.99 एनटीए अंको के साथ दिपेन सोजित्रा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है जबकि एससी टॉपर देशांक प्रताप सिंह है जिन्होने 100 एनटीए अंक हासिल किए है। 99.99 अंको के साथ अनुसूचित जनजाति (एसटी) के धीरावत तनुज ने टॉप किया है। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 15 विद्यार्थियो के एनटीए अंक जारी नही किए गए है, क्योकि उनकी जांच की जा रही है। उन विद्यार्थियो के मामले को एक अलग समिति के सामने रखा जा रहा। समिति द्वारा रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के बाद उनके एनटीए अंको को जारी किया जाएगा।

# तोपखाना रेजीमेंट में पहली बार पांच महिला अफसर



सेना की तोपखाना रेजीमेंट में पहली बार कमीशन पाने वालीं पांच महिला अफसर। तोपखाना रेजीमेंट के महानिदेशक (डेसिगनेट) ने पासिंग आउट परेड के दौरान महिला अफसरों का स्वागत किया।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● तीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा पर, बाकी दो की एलओसी पर तैनाती

**भारतीय** सेना ने पहली बार अपनी तोपखाना रेजीमेंट में पांच महिला अधिकारियों को शामिल किया है जिनमें से तीन की नियुक्ति चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात दस्तों में गई है।

सेना के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तोपखाना रेजीमेंट में लेफ्टिनेंट महक सैनी, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे, लेफ्टिनेंट अदिति यादव और लेफ्टिनेंट पायस मुद्गिल और लेफ्टिनेंट अकांक्षा को चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद शामिल किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि पांच महिला अधिकारियों में से तीन की तैनाती चीन से लगती एलएसी की जिम्मेदारी संभाल रही यूनिट में की गई है जबकि बाकी दो अधिकारियों की तैनाती पाकिस्तान से लगती सीमा पर चुनौतीपूर्ण स्थानों पर की गई है। सेना का तोपखाना रेजीमेंट अहम लड़ाकू हिस्सा है (शेष पेज 9)

# गलवान में शहीद की पत्नी लेफ्टिनेंट बनीं, लद्दाख में तैनात

## रेखा सिंह ने चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में एक साल का अपना प्रशिक्षण पूरा किया

● नायक दीपक सिंह को मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शहीद नायक दीपक सिंह की पत्नी कैडेट रेखा सिंह को चेन्नई स्थित ओटीए में एक साल के प्रशिक्षण के बाद सेना में कमीशन मिला।

**गलवान** घाटी में जून 2020 में चीनी सैनिकों के साथ हुई झड़प में शहीद हुए नायक दीपक सिंह की पत्नी रेखा सिंह को लेफ्टिनेंट के तौर पर शनिवार को भारतीय सेना में शामिल किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक रेखा सिंह (29) को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मौजूद अग्रिम मोर्चे की इकाई में तैनात किया गया है।

लेफ्टिनेंट सिंह ने चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) में एक साल का अपना प्रशिक्षण पूरा किया है और उन्हें सेना आयुध कोर के साथ तैनात किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि लेफ्टिनेंट रेखा सिंह को पूर्वी लद्दाख में एक अग्रिम मोर्चे की इकाई में तैनात किया गया है। उनके पति नायक दीपक सिंह बिहार रेजीमेंट की 16वीं बटालियन से थे और उन्हें 2021 में मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया। परमवीर चक्र और महावीर चक्र के बाद वीर चक्र युद्ध में वीरता के लिए दिया जाने वाला देश का तीसरा सबसे बड़ा पुरस्कार है।

गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून 2020 को चीनी सैनिकों के साथ हुई झड़प में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए थे। इस घटना के बाद दोनों देशों के बीच सैन्य गतिरोध बढ़ गया है। दीपक सिंह के वीर चक्र प्रशस्ति पत्र के अनुसार उन्होंने 30 से अधिक भारतीय सैनिकों के उपचार और उनके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशस्ति पत्र के मुताबिक नायक दीपक सिंह ने प्रतिकूल (शेष पेज 9)

# खिलाड़ियों का साथ दें, आंदोलन की दिशा न बदलें

## बजरंग पूनिया ने की लोगों से किसी के भी खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग न करने की अपील

## अंतरराष्ट्रीय पहलवान ने फिर कहा- मंच का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए नहीं करने देंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों को जवाब देती विनेश फोगाट, साथ में पहलवान साक्षी मलिक व बजरंग पुनिया। फोटो: रंजन डिमरी

प्रदर्शनकारी पहलवानों ने शनिवार को दावा किया कि कुछ लोग उनके आंदोलन को दूसरी दिशा में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने स्पष्ट कहा कि यहां आने वाले लोग खिलाड़ियों का साथ दें, आंदोलन को गलत दिशा में न मोड़ें।

वह इस मंच का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए नहीं करने देंगे। हालांकि पूनिया ने यह नहीं बताया कि वे लोग कौन हैं, जो आंदोलन का दुरुपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। बजरंग संभवत: उन लोगों का जिक्र कर रहे थे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाते सुना गया था।

शीर्ष पहलवानों ने जब भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपना आंदोलन फिर से शुरू किया था तो राजनीतिज्ञों, किसानों और महिला संगठनों से समर्थन की अपील की थी। बजरंग ने शनिवार को कहा कि यह भारत की बेटियों के लिए न्याय की लड़ाई है। श

कई लोग प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गए हैं और इसे भड़काऊ आंदोलन के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह भारतीय कुश्ती को बचाने की लड़ाई है। जो लोग यहां आए हैं, वे किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि हमारा समर्थन करने के लिए यहां पहुंचे हैं।

बजरंग ने कहा कि राजनीति और अन्य चीजें गौण हैं, महिलाओं की गरिमा और सम्मान पहले है, इसलिए इसमें राजनीति को शामिल न करें। यह खिलाड़ियों का आंदोलन है और इसका किसी राजनीतिक पार्टी से कोई लेना देना नहीं है।

कांग्रेस पार्टी की प्रियंका गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी, जम्मू और कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, दिल्ली सरकार के मंत्रियों आतिशी सिंह और सौरभ भारद्वाज जैसे राजनेताओं ने प्रदर्शन स्थल पर पहुंच खिलाड़ियों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया था। इस बीच विनेश फोगाट में कहा कि मैं संवैधानिक पदों पर आसीन सभी लोगों से कहना चाहती हूं कि आम आदमी भी सम्मान का हकदार है।

हम सभी का सम्मान करते हैं, हम ऐसा कुछ भी नहीं कहेंगे जो उनके सम्मान के खिलाफ हो, लेकिन हमें भी सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हमने गलती से कुछ कह दिया हो तो उसके लिए हम माफी चाहते हैं।

हमारा ऐसा इरादा नहीं था। हम एक सभ्य समाज से आते हैं, हमें सिखाया गया है कि बड़ों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। बजरंग और विनेश ने हालांकि इस पर चुप्पी साधे रखी कि आखिर कौन उनके आंदोलन को राजनीतिक रंग देना चाहता है।

## एक दिन की छुट्टी लेकर जंतर मंतर पहुंचें : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों से शनिवार को मुलाकात की और कहा कि जो भारतीय अपने देश को प्यार करते उन्हें पहलवानों के संघर्ष में उनके साथ खड़ा होना चाहिए। सिंह भारतीय जनता पार्टी के सांसद हैं और दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ दो प्राथमिकियां दर्ज की हैं। केजरीवाल ने कहा जो महिलाओं के साथ ऐसा गलत काम करते हैं, उन्हें फांसी दे दी चाहिए। पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन करने वाली ये सभी महिला खिलाड़ी हमारी बेटियां हैं, इन्हें



इंसाफ मिलना ही चाहिए। केजरीवाल ने देश भर के लोगों से छुट्टी लेकर जंतर-मंतर आकर पहलवानों का समर्थन करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदर्शन स्थल पर बिजली और पानी की आपूर्ति काट दी गई है तथा भोजन की आपूर्ति नहीं होने दी जा रही है।

## विनेश ने चचेरी बहन बबीता से कहा, पहलवानों कर प्रदर्शन कमजोर न करो




*नई दिल्ली। विनेश फोगाट और उनकी चचेरी बहन बबीता फोगाट के बीच शनिवार को पहलवानों के प्रदर्शन को लेकर जुबानी जंग देखने को मिली। विनेश ने बबीता से भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चल रहे आंदोलन को कमजोर नहीं करने को कहा।*

*विनेश ने ट्वीट किया कि यदि पीड़ित महिला पहलवानों के हक में नहीं खड़ी हो सकती तो बबीता बहन आपसे हाथ जोड़कर विनती है कि हमारे आंदोलन को कमजोर तो मत करो। वर्षों लगे हैं महिला पहलवानों को अपने उत्पीड़क के खिलाफ आवाज उठाने में। आप भी महिला हैं और हमारा दर्द समझने की कोशिश करो।*

*इससे पहले बबीता ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के प्रदर्शनकारी पहलवानों से मिलने के लिए जंतर-मंतर पहुंचने के बारे में ट्वीट किया था। भाजपा से जुड़ी बबीता ने कहा था कि प्रियंका वाड्रा अपने निजी सचिव संदीप सिंह को लेकर जंतर मंतर महिला पहलवानों को न्याय दिलाने पहुंची हैं, लेकिन इस व्यक्ति पर खुद महिलाओं से छेड़छाड़ और एक दलित महिला को दो कौड़ी की औरत कहने जैसे तमाम आरोप लगे हैं।*

## कांग्रेस ने की बृजभूषण को पद से हटाने व गिरफ्तार करने की मांग



पहलवानों के समर्थन में पहुंचीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी।

- सरकार एक बाहुबली और माफिया के सामने नतमस्तक : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार सुबह जंतर-मंतर पहुंच धरने पर बैठी पहलवानों से मुलाकात की और अपना समर्थन जताया। प्रियंका ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बाहुबली और माफिया के सामने नतमस्तक हो गई है। प्रियंका ने यह भी कहा कि सरकार भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को बचा रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि सबसे पहले सिंह को उनके पद से हटाया जाना चाहिए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए, ताकि महिला पहलवानों को न्याय मिल सके।प्रियंका कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के वास्ते रवाना होने से पहले शनिवार सुबह जंतर-मंतर पहुंचीं। उन्होंने महिला पहलवानों से अलग बातचीत भी की। प्रियंका से बातचीत में महिला पहलवान भावुक हो गईं। प्रियंका करीब एक घंटे तक वहां रहीं। इस दौरान, दीपेंद्र हुड्डा भी उनके साथ थे। कांग्रेस महासचिव ने बाद में एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि ये खिलाड़ी हमारा मान हैं। ये देश के लिए पदक जीतती हैं। पूरा देश उनके साथ है। इन्हें न्याय मिलना चाहिए। प्रियंका ने जोर देकर कहा कि इस मामले में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार



नई दिल्ली में आयोजित 35वें प्रणय मिलन सम्मेलन में नवविवाहित मूक बधिर जोड़ों के साथ केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू, सांसद एसपी बघेल और अन्य।

### स्कूली बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नई दिल्ली।** नरेला मंडी-2 के नगर निगम प्राथमिक बाल/बालिका विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने कबाड़ के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वयंसेवी संस्था सेसमी वर्कशॉप इंडिया और चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने गीले कचरे से बनाई कंपोस्ट खाद सहित प्लास्टिक की बोतलों और डिब्बों में पौधे लगाकर उन्हें उपयोगी बना कर प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिपाल, स्कूल इंस्पेक्टर, एमसीडी स्कूल, नरेला सहित प्राथमिक बाल/बालिका विद्यालय, नरेला मंडी-2 की प्राचार्या सुशीला कुमारी और निगम प्रतिभा बालिका विद्यालय नरेला मंडी-1 की प्राचार्य निर्मला कुमारी भी मौजूद रहीं।

### वेदों से निकली हैं भारतीय लोकतंत्र की जड़ें : बिरला



**नई दिल्ली।** भारतीय लोकतंत्र की जड़े वेदों से निकली हैं। प्राचीन वेदों का ज्ञान और लोकतांत्रिक जीवन शैली हमारी ताकत है। यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को पूसा संस्थान में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भारतीय वेद विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर कही। कार्यक्रम का आयोजन विश्ववेद परिषद्, परमार्थ निकेतन, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, पतंजलि विश्वविद्यालय के संयुक्त संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर स्वामी चिदानंद, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह, स्वामी चिदानंद मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रो. धर्मेंद्र शास्त्री और डॉ. देवेश प्रकाश का विशेष योगदान रहा।

### हंसराज कॉलेज में नैक समीक्षा समिति का दौरा संपन्न




**नई दिल्ली।** हंसराज कॉलेज में नैक समीक्षा समिति के दो दिन का दौरा संपन्न हो गया। समीक्षा समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद अकबर अली खान ने कहा कि कॉलेज का दौरा विशिष्ट व सुखद अनुभव वाला रहा। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने कहा कि अपनी स्थापना के अमृत वर्ष में यह कॉलेज आज जिस उंचाई पर खड़ा है, वह शिक्षकों के समर्पण, कर्मचारियों की लगन और परिश्रम, विद्यार्थियों की मेहनत एवं उनकी रचनात्मकता का ही परिणाम है। नैक समीक्षा समिति के दो अन्य सदस्य प्रो. लक्ष्मी नाम्बकत तथा प्रो. श्रीकांत सामंत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कॉलेज में नैक समीक्षा समिति के समक्ष कॉलेज के सभी विभागों की प्रस्तुतियां दीं।

## लिव-इन पार्टनर की हत्या का आरोपी युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तेलीवाड़ा इलाके में भाई और बहन की मदद से अपनी लिव-इन पार्टनर की कथित तौर पर हत्या करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी विनीत पंवार के रूप में हुई है।

12 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि कृष्णा पब्लिक स्कूल के पास एक अज्ञात महिला का शव मिला है। शव की पहचान रोहिना नाज उर्फ माही (25) के रूप में की। पुलिस ने बताया कि पंवार, उसका भाई मोहित और उसकी बहन पारुल हत्याकांड में मुख्य संदिग्ध थे।

## आफताब पूनावाला के खिलाफ नौ मई को आरोप होंगे तय

- श्रद्धा हत्याकांड: जज के अवकाश पर होने के कारण मामला स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार आफताब पूनावाला के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला नौ मई के लिए निर्धारित किया। पूनावाला पर अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की गला घोंटकर हत्या करने और उसके शव के टुकड़े करने का आरोप है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल पाहुजा ने यह कहते हुए मामले को स्थगित कर दिया कि संबंधित न्यायाधीश छुट्टी पर हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा कक्कड़ ने 15 अप्रैल को आरोप तय करने पर दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने वालकर के पिता की उस अर्जी पर सुनवाई भी 9 मई तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें न्यायाधीश से आग्रह किया गया था कि परंपरा और संस्कृति के अनुसार महिला के अवशेषों को अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया जाए।

## पंचांग की 10 हजार प्रतियां वितरित करेगा डीयू

- प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित पंचांग शैक्षणिक समुदाय के लोगों को दिया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय अपने पंचांग की 10 हजार प्रतियां देश के शैक्षणिक समुदाय को वितरित करेगा।

अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यह पंचांग प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित है।

अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को अपना पंचांग जारी किया, जिसे हिंदू कैलेंडर भी कहा जाता है और इसकी एक हजार से अधिक प्रतियां वितरित की गईं। पंचांग ग्रहों की चाल पर आधारित है।

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को पंजाब की एक हजार से अधिक प्रतियां वितरित की गईं और आने वाले दिनों में देश के शैक्षणिक समुदाय में नौ हजार और प्रतियां मुफ्त वितरित की जाएंगी।

अधिकारियों ने बताया कि पंचांग पश्चिमी कैलेंडर की तुलना में अधिक उन्नत है और प्राचीन भारतीय ज्ञान के प्रसार में मदद करेगा। इस पंचांग में सभी त्योहारों, ग्रहणों, तिथियों आदि की विस्तृत जानकारी दी गई है।

## आश्रय गृहों में दोबारा शुरू हुई भोजन आपूर्ति

- राष्ट्रीय राजधानी के हजारों बेघर और गरीब लोगों को मिलेगी राहत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे आश्रय गृहों में रहने वाले हजारों बेघर और गरीब लोगों को राहत देते हुए अक्षय पात्र फाउंडेशन ने कहा कि उसने लोगों के लिए भोजन की आपूर्ति फिर से शुरू कर दी है।

धन की कमी का हवाला देते हुए फाउंडेशन ने 26 अप्रैल को आश्रय गृहों को भोजन की आपूर्ति बंद कर दी थी। दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह देखते हुए कि यह राज्य की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक व्यक्ति को भोजन नसीब हो, दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपनी मुफ्त भोजना योजना को जारी रखने का आदेश दिया है।

गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) अक्षय पात्र ने एक बयान में कहा कि उच्च न्यायालय के एक अंतरिम आदेश के बाद फाउंडेशन ने राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के सहयोग से आश्रय गृहों को भोजन की आपूर्ति फिर से शुरू कर दी है।

हालांकि, इसमें कहा गया है कि महत्वपूर्ण रसद और खरीद मुद्दों के कारण शनिवार को फिर से शुरू होने वाली इस योजना में अगले तीन दिनों तक 15,000-17,000 कैदियों के लिए 180 से अधिक आश्रय गृहों में केवल नाश्ता और दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और न्यासी भारतर्षभा दास ने एक बयान में कहा कि फाउंडेशन दो मई से कैदियों को नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना परोसकर सामान्य भोजन आपूर्ति फिर से बहाल करेगा।

## सीयूईटी-यूजी: यूजीसी से समान काउंसलिंग की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार से शनिवार को मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के जरिए स्नातक पाठ्यक्रम में होने वाले प्रवेश के लिए समान काउंसलिंग कराने की मांग की। एबीवीपी द्वारा जारी बयान के मुताबिक प्रतिनिधिमंडल ने यह भी अनुरोध किया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को केवल सरकारी और विश्वसनीय केंद्रों पर ही परीक्षा करानी चाहिए।

## आबकारी मामला: सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

- आप नेता ने कहा, काम को नहीं रोक पाएंगे पीएम मोदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को 8 मई तक बढ़ा दी। सिसोदिया को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया।

उन्होंनेकहा कि प्रधानमंत्री दिल्ली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के काम को नहीं रोक पाएंगे। अदालत ने शुक्रवार को सिसोदिया की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी थी और कहा था कि साक्ष्य प्रथम दृष्टया अपराध में किस हद तक उनकी संलिप्तता है, इस ओर इशारा करते हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को नौ मार्च को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को सीबीआई ने आबकारी नीति बनाने और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं को दोषी माना है।

# मन की बात में शिक्षा, जमीनी नवोन्मेष सबसे प्रेरणादायक विषय

## आईआईएमसी का सर्वे : प्रधानमंत्री का मासिक कार्यक्रम सबसे अधिक इंटरनेट मंच से सुना गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में शिक्षा और देश के जमीनी नवोन्मेष के संबंध में दी गई सूचना सबसे प्रेरणादायक विषयों में से एक हैं।

यह खुलासा भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के सर्वेक्षण में हुआ है। सर्वेक्षण में यह तथ्य भी सामने आया है कि मूल रूप से रेडियो कार्यक्रम के तौर पर परिकल्पित मन की बात को सबसे अधिक इंटरनेट मंच पर सुना गया। आईआईएमसी के महानिदेशक संजय द्विवेदी ने बताया कि अध्ययन में देश के 116 समाचार संगठनों, शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के 890 लोगों ने हिस्सा लिया। सर्वेक्षण के मुताबिक, मन की बात में शिक्षा और जमीनी अविष्कारकों की चर्चा सबसे प्रेरणादायक विषय रहे।

अध्ययन में शामिल 40 प्रतिशत ने कहा कि शिक्षा और 26 प्रतिशत ने कहा कि जमीनी स्तर के अविष्कारकों की सूचना कार्यक्रम के सबसे प्रेरणादायक विषय थे। मन की बात कार्यक्रम का पहला प्रसारण तीन अक्टूबर 2014 को किया गया था और अबतक 99 कड़ियां प्रसारित हो चुकी हैं। आईआईएमसी के अध्ययन के मुताबिक, सर्वेक्षण में शामिल मीडिया के 76 प्रतिशत लोग मानते हैं कि रेडियो कार्यक्रम ने देशवासियों के समक्ष वास्तविक भारत का परिचय कराने में अहम भूमिका निभाई। सर्वेक्षण में शामिल लोगों के मुताबिक देश के बारे में जानकारी और देश को लेकर प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण, ऐसे दो कारण रहे जो लोगों को कार्यक्रम सुनने के लिए प्रेरित करते हैं।

अध्ययन के मुताबिक 32 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे कार्यक्रम में उठाए गए मुद्दों को लेकर परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा करते हैं जबकि 29 प्रतिशत दोस्तों से कार्यक्रम पर चर्चा करते हैं। अध्ययन के मुताबिक 12 प्रतिशत प्रतिभागी रेडियो के जरिए मन की बात सुनते हैं, 15 प्रतिशत टेलीविजन पर जबकि 37 प्रतिशत इंटरनेट माध्यम से यह कार्यक्रम सुनते हैं।

## मन की बात सम्मेलन में शामिल महिला ने दिया बच्चे को जन्म

- विज्ञान भवन में कार्यक्रम के दौरान पूनम को हुई थी प्रसव पीड़ा

**नई दिल्ली।** मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी को लेकर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने पहुंची उत्तर प्रदेश के एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य पूनम देवी ने एक बच्चे को जन्म दिया है।

पूनम, बुधवार को विज्ञान भवन में आयोजित सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित किए गए लोगों में शामिल थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के एक एपिसोड में लखीमपुरी खीरी के पास के एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य के तौर पर उनके काम का जिक्र किया था। पूनम को विज्ञान भवन में प्रसव पीड़ा हुई और उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। लखीमपुर खीरी में स्वयं सहायता समूह केले के तने से फाइबर का उपयोग करके हैंडबैग, चटाई और अन्य वस्तुएं बनाता है। इसके जरिए न केवल गांव की महिलाओं को अतिरिक्त आय होती है बल्कि वे अपशिष्ट को घटाने में भी मदद करती हैं।

# बेसहारा गोवंश को आश्रय देने वाली गोशालाओं को मिलेगी वित्तीय मदद : जेपी दलाल



गुरुग्राम नगर निगम व मानेसर नगर निगम से जुड़ी शिकायतों पर जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की पहली बैठक लेते कृषि मंत्री जेपी दलाल।

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने नगर निगम से जुड़ी शिकायतों के लिए की विशेष बैठक

### नगर निगम से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए जल्द बुलाया जाएगा खुला सत्र

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल की अध्यक्षता में शनिवार को नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर से संबंधित शिकायतों को लेकर जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की पहली बैठक हुई। बैठक के एजेंडे में शामिल 24 परिवादों की सुनवाई करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने आधे से अधिक मामलों का निपटारा किया और कई मामलों में अगली बैठक तक अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बैठक में पहुंचे अन्य लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने बैठक में कहा कि गुरुग्राम हरियाणा प्रदेश के साथ-साथ हमारे देश का सिरमौर शहर है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी एक अलग पहचान है। ऐसे में नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए अलग बैठक बुलाई गई है। इसी क्रम में अब इस बैठक को विस्तार देते हुए अगले माह जन सुनवाई के लिए एक खुला सत्र बुलाया जाएगा। जिसमें सत्र की शुरुआत में आमजन से जुड़ी शिकायतों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। उसके उपरांत जिला प्रशासन व निगम के अधिकारियों के माध्यम से उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। कृषि मंत्री ने जिला प्रशासन को आदेश दिए कि वे खुले सत्र की की रूपरेखा तैयार कर इसका व्यपाक पर प्रचार प्रसार करवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में निगम क्षेत्र में बेसहारा गोवंश से जुड़ी शिकायत की सुनवाई करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गोवंश को आश्रय देने के लिए गोशालाओं के लिए विशेष वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि नए नियमों के तहत कोई भी गोशाला अपने यहां नए बेसहारा गोवंश को आश्रय देता है तो सरकार के स्तर पर उसके भरण पोषण के लिए प्रतिदिन के हिसाब से उन्हें एक निश्चित राशि प्रदान की जाएगी। बैठक में बताया गया कि कुछ गोवंश पालक दिन में अपने पशुओं को खुला छोड़ देते हैं। जिससे रिहायशी इलाको में दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। कृषि मंत्री ने इस पर संज्ञान लेते हुए कहा कि जिला प्रशासन इन खुले पशुओं को पकड़ने के लिए एक व्यापक अभियान चलाए इस दौरान यदि पशु मालिकों के संबंध में कोई भी जानकारी मिलती है तो उन पर भी कार्रवाई करें।

### सेक्टर-4 में सौंदर्यीकरण व विकास पर की सुनवाई

**कृषि** मंत्री ने सेक्टर-4 में सौंदर्यीकरण व विकास से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए कहा कि सेक्टर चार में पूर्व में हुए कार्यों व भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की योजना तैयार करने के लिए एक कमेटी बनाई जाए। जिसमें शिकायतकर्ता, जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के दो सदस्यों सहित निगम के एक संयुक्त आयुक्त व एक कार्यकारी अभियंता को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कमेटी सेक्टर चार की विजिट कर वहां विकास कार्यों में किन नियमों की अनदेखी की गई है व उसमे क्या आवश्यक सुधार किए जा सकते हैं। इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

# पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें ऐपिसोड को बनाएं ऐतिहासिक : सुधीर सिंगला

### कार्यक्रम के जिला संयोजक के रूप में विधायक सुधीर सिंगला ने कार्यकर्ताओं का किया आह्वान

### गुरुग्राम में 463 स्थानों पर सुनाया जाएगा मन की बात कार्यक्रम



विधायक सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें ऐपिसोड के गुरुग्राम जिला संयोजक एवं विधायक सुधीर सिंगला ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। जो लक्ष्य तय किया गया है, उसे पार करते हुए अपनी कार्यक्षमता को दिखाएं।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में 463 स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण के लिए प्रबंध पूरे कर दिए गए हैं। मेन पावर से लेकर तकनीकी प्रणाली को सुदृढ़ किया गया है, ताकि पूरा कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम राजनीति से ऊपर उठकर देश के हर उस तबके को देश के सामने लाने का प्रयास है, जिसे कभी पूछा तक नहीं जाता। प्रधानमंत्री देश के अंतिम व्यक्ति तक ना केवल अपनी बात पहुंचाते हैं, बल्कि अंतिम व्यक्ति से देश को रूबरू कराते हैं कि उसका देश के विकास में किस तरह से योगदान है। हर ऐपिसोड में उन्होंने ऐसी प्रतिभाओं को उजागर किया है, जो गुमनामी में रहते हुए काम करते हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मन की आवाज कार्यक्रम से पीएम देश के हर आम और खास तक पहुंचते हैं, वहीं दुनियाभर में वे देश का प्रमुखता से प्रतिनिधित्व करते हुए विदेशी धरती पर खास होते हैं। दूरगामी सोच उनकी कार्यप्रणाली में झलकती है।

विधायक ने कहा कि जिन भी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी इस कार्यक्रम की सफलता के लिए लगाई गई है, वे अपनी ड्यूटी को कर्तव्य समझकर करें। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी नेतृत्व क्षमता और कार्यकुशलता से लोकप्रियता में अग्रणी हैं ही, फिर भी हमें इस कार्यक्रम के माध्यम से उनकी लोकप्रियता को और अधिक बढ़ाना है। विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि लोगों को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने के साथ उनके लिए अच्छी व्यवस्थाएं भी की गई हैं। उन्होंने कहा कि जिला में 463 जगह पर विशेष तौर पर टेंट लगाए गए हैं, ताकि लोग आराम से बैठकर कार्यक्रम से जुड़ सकें। गुरुग्राम में आम और खास व्यक्तियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

# डेरा सच्चा सौदा ने 157वां मानवता भलाई कार्य उत्तम संस्कार किया शुरू



शनिवार को डेरा सच्चा सौदा में 75वें रूहानी स्थापना दिवस पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में पहुंची साध-संगत का नजारा।

### डेरा सच्चा सौदा सिरसा में धूमधाम से मनाया 75वां रूहानी स्थापना दिवस

प्रवीन शर्मा। सिरसा

**मानवता** भलाई कार्यों और रूहानियत की यूनिवर्सिटी के रूप में विश्व प्रसिद्ध सर्वधर्म संगम डेरा सच्चा सौदा का 75वां रूहानी स्थापना दिवस का शुभ भंडारा शनिवार को शाह सतनामजी धाम सिरसा में धूमधाम से मनाया गया।

रूहानी स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विशाल रूहानी नामचर्चा रूपी महायज्ञ में आहुति डालने के लिए भारी तादाद में डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सात विशाल पंडालों के साध-संगत से खचाखच भरने के साथ ही आश्रम की ओर आने वाले मार्गों पर कई-कई किमी साध-संगत का विशाल समूह ही नजर आ रहा था। नामचर्चा में पहुंची साध-संगत के जोश, जुनून, उमंग व असीम आस्था के समक्ष डेरा प्रबंधन द्वारा किए गए सभी प्रबंध बोने साबित हुए। इस अवसर पर गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इन्सां द्वारा भेजी रूहानी चिट्ठी को साध-संगत के बीच पढ़कर सुनाया गया। चिट्ठी के माध्यम से गुरु ने 157वां मानवता भलाई कार्य उत्तम संस्कार शुरू करवाया, जिसके तहत साध-संगत रोजाना या सप्ताह में तीन बार अपने बच्चों को मानवता व मानवता भलाई, सृष्टि की भलाई के बारे में शिक्षा देगी व प्यार से समझाएगी। पूज्य गुरु जी ने चिट्ठी के माध्यम से साध-संगत को एकता में रहने, सभी धर्मों का सत्कार करने का आह्वान किया। चिट्ठी में गुरुजी ने बताया कि 1948 के मई महीने में डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह साईं शाह मस्तानाजी महाराज ने सत्संग फरमाया था, इसलिए इस महीने के आखिरी रविवार को भी साध-संगत भंडारे के रूप में मनाया करेगी।

**75 जरूरतमंद परिवारों को दी सहायता :** गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पवित्र शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए डेरा सच्चा सौदा द्वारा चलाए जा रहे मानवता भलाई कार्यों को गति देते हुए इस पावन अवसर पर 75 जरूरतमंद परिवारों को फूड बैंक मुहिम के तहत राशन, क्लॉथ बैंक मुहिम के तहत 75 बच्चों को मौसम मुताबिक कपड़े दिए गए। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षी उद्धार मुहिम के तहत पक्षियों के रहने के लिए घोंसले लगाए गए, ताकि भीषण गर्मी की वजह से किसी पक्षी की जान ना चली जाए। शाह सतनामजी स्पेशलिटी अस्पताल में जन कल्याण परमार्थी शिविर लगाकर हजारों जरूरतमंदों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें सही परामर्श दिया गया। वहीं कैरियर परामर्श कैंप लगाकर हजारों बच्चों को सही कॅरियर की राह चुनने के लिए मार्गदर्शन किया।

पावन भंडारे की खुशी में आयोजित नामचर्चाकार्यक्रम 11 बजे शुरू हुआ। शाह सतनामजी धाम का मुख्य पंडाल नामचर्चा शुरू होने से पहले ही साध-संगत से खचाखच भर गया और नजारा ये था कि नामचर्चा की समाप्ति तक डेरा अनुयायियों का आना अनवरत जारी रहा। नामचर्चा कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित साध-संगत ने एक साथ ऊंची आवाज में इलाही नारा बोलकर गुरु जी को रूहानी स्थापना दिवस की बधाई दी।

# आधार व पेन कार्ड का लिंक न होने से बैरंग लौटे पेंशनधारक

### सोहना के मुख्य डाकघर में पेंशन लेने पहुंचे पेंशनधारकों की भीड़

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



डाकघर सोहना पर पेंशनधारकों की लगी भीड़।

**सोहना** के मुख्य डाकघर में आधार कार्ड व पेन कार्ड लिंक न होने के कारण हजारों पेंशनधारकों की पेंशन पर प्रश्नचिह्न लगा। 80 फीसदी पेंशनधारकों की पेंशन न मिलने से हड़कंप मच गया। शहर में स्थित मुख्य डाकघर में पेंशन लेने आ रहे पेंशनधारक दूसरे दिन भी खाली हाथ अपने घरों को बैरंग लौट गए। केवल उन पेंशनधारकों को पेंशन दी गई। जिनका पहले से आधार कार्ड व पेन कार्ड लिंक था। ऐसे पेंशनधारकों की संख्या 20 फीसदी है। मुख्य डाकघर से हर माह करीब 4 हजार पेंशनधारक है। जिनमें विधवा, वृद्ध, दिव्यांगजन आदि शामिल हैं।

### सुबह 8 बजे से पहुंचे डाक घर

**शहर** में जैसे ही डाकघर से पेंशन मिलने की सूचना पेंशनधारकों को मिलती है। वैसे ही सुबह पहले नंबर लेने के प्रयास में सुबह 8 बजे से आना शुरू कर देते हैं। डाकघर खुलने से पहले 100 से 150 पेंशनधारक डाकघर के बाहर आकर बैठ जाते हैं। जिनमें वृद्धा पेंशन लेने वालों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। जिनमें ऐसे भी वृद्ध पेंशनधारक हैं। जिनके वश की पैदल चलना भी मुश्किल होता है। परिजन ऐसे वृद्ध लोगों को नंबर आने तक बैठाकर चले जाते हैं।

> यह पहली बार हुआ है। जब पेंशनधारक की पेंशन पर पूरी तरफ से रोक लगी है। पेन कार्ड व आधार कार्ड का लिंक न कराने वाले वाले पेंशनधारक की पेंशन पर रोक लगी है। जिनके पास पेन कार्ड है। उसका केवाईसी का फार्म तुरन्त भरकर पेंशन दी जा रही है।
>
> **जयसिंह**
> **( पोस्टमास्टर-सोहना डाक घर )**

# फिरोजपुर झिरका में बार और बेंच में बहुत अच्छा है तालमेल

**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका बार में शनिवार को फिरोजपुर झिरका के अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन विवेक चौधरी जी का फिरोजपुर झिरका से अंबाला ट्रांसफर होने के उपलक्ष्य में फिरोजपुर झिरका बार एसोसिएशन द्वारा बार रूम में विदाई समारोह का प्रोग्राम आयोजित किया गया। फिरोजपुर झिरका बार एसोसिएशन के प्रधान मुसर्रत अली खान एडवोकेट, पूर्व प्रधान मोहन गोयल, पूर्व प्रधान प्रमोद महेश्वरी, पूर्व प्रधान हारून ख़ान, बसंत गुप्ता एडवोकेट,पूर्व प्रधान यावर आलम ने बार की तरफ़ से गुलदस्ता व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# जमीन से 60 फुट ऊंचाई पर 16 डिब्बों वाली ट्रेन को देख झूमे क्षेत्रवासी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना से जा रही वेस्टन डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेल लाइन पर दौड़ती 16 डिब्बों की ट्रेन।

**विश्व** की पहली दोहरी पटरी वाली सुरंग से बाहर निकल जमीन से करीब 60 ऊंचाई पर 16 डिब्बे वाली रेलगाड़ी को दौड़ता देखने वालों के हाथ तालियां पीटने से रुके नहीं। यह नजारा क्षेत्रवासियों को शुक्रवार की सुबह 7 बजे वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेल लाइन पर देखने को मिला।

उत्तर प्रदेश के दादरी से सोहना-तावडू होते हुए मुंबई के जवाहरलाल नेहरु बंदरगाह तक वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर तैयार की जा रही विश्व की पहली दोहरी पटरी वाली लाइन पर शुक्रवार को रेल गाड़ी को दौड़ता देखने वालों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शुक्रवार की सुबह क्षेत्र के कुछ नागरिकों ने अपने मकान की छत पर सुबह की कदमताल करने वालों से लेकर तावडू जाने मार्ग की घाटी में पैदल दौड़ने वालों ने रेल को दौड़ते देखा। रेलगाड़ी सोहना के गांव हाजीपुर की तरफ से आ रही पटरी पर दौड़ते हुए रेवाड़ी की तरफ जा रही थी। जानकार सूत्रों के अनुसार रेल गाड़ी में निर्माणाधीन पटरी की लाइन बिछाने का सामान लाया जा रहा है। जिसका कार्य तेजी से चल रहा है।

**ऐसा कहना है प्रत्यक्षदर्शियों का :** सोहना निवासी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह भी रोजाना की तरफ तावडू जाने वाले मार्ग की घाटी पर घूमने के लिए गया था। वह घाटी के एक मोड़ पर रुका हुआ था। जहां से निर्माणाधीन वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर का सुन्दर नजारा दिखाई देता है। यह रेल लाइन नगर परिषद के वार्ड-11 के गांव रायपुर के निकट से जा रही है। उसकी नजर सुबह 7 बजे वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर रेल लाइन की तरफ गई। जिस पर करीब 16 डिब्बे वाली गाड़ी दौड़ती हुई नजर आई। रेल गाड़ी देखते-देखते अरावली पहाड़ी के साथ-साथ बनी पटरी पर दौड़ती हुई रेवाड़ी की तरफ चली गई।

# हनुमान चालीसा का भक्तिरस आध्यात्मिक चेतना की औषधि : बोधराज सीकरी



गुरुग्राम के सेक्टर-4 में हनुमान चालीसा पाठ के दौरान मौजूद बोधराज सीकरी व अन्य सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### हनुमान चालीस पठन की मुहिम बन रही आंदोलन

**दो** महीने और एक सप्ताह पूर्व प्रारंभ हुई हनुमान चालीसा पठन की मुहिम अब आंदोलन का रूप लेती जा रही है। वैसे तो यह कार्यक्रम मंगलवार को होता था, लेकिन अब भक्तों के उत्साह से शनिवार को भी होने लगा है।

इस धार्मिक अनुष्ठान के वाहक समाजसेवी बोधराज सीकरी के मुताबिक पिछले सप्ताह तक एक लाख आठ हजार के आंकड़े को पार करते हुए अब हनुमान चालीसा के पाठ की श्रृंखला अग्रसर है। गुरुवार को समाजसेवियों के साथ धर्म सागर की अध्यक्षता में बैठक उनके कार्यालय में हुई, जिसमें संचालक डीएन क्वात्रा, पूनम भटनागर सलाहकार और नंद किशोर सरदाना ब्राण्ड एंबेसडर व अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में बोध राज सीकरी को विशेष अतिथि के रूप में निमंत्रित किया गया। उनसे सभी ने ने हनुमान चालीसा पाठ की रूपरेखा की विस्तार पूर्वक चर्चा की। सभी पदाधिकारी अल्प समय में तैयारी में जुट गये। सभी ने बोधराज सीकरी का आभार प्रकट किया, जिन्होंने इतना कम समय होने के बावजूद उनकी प्रार्थना को स्वीकार किया। बोधराज सीकरी ने कहा कि श्री हनुमान चालीसा का भक्तिरस आध्यात्मिक चेतना की औषधि है। चालीसा पाठ का आयोजन श्रीराम मंदिर सेक्टर-4 में किया गया। मंदिर के प्रधान आरपी शर्मा का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा। आरसी शर्मा महा मंत्री, गोबिंद राम गुप्ता, नितिन शांडिल्य, जगदीश मेहता और सेक्टर-4 कृष्णा मंदिर के प्रधान मनोज भारद्वाज का सहयोग सराहनीय रहा। गजेंद्र गोसाई ने पंडित भीम दत्त के और साजिंदों के सहयोग से समय पर पाठ प्रारंभ कर डेढ़ घंटे में समापन किया। कुल साधकों की संख्या 280 थी और सभी ने सामूहिक रूप से 25-25 बार पाठ किया यद्यपि पहले हर बार 21-21 बार पाठ होता था। शनिवार को 7000 बार पाठ हुए। इस तरह से आंकड़ा 1 लाख 15 हजार को पार कर गया है।

# दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ने दो दिवसीय टैलेंट स्काउटिंग कैंप का आयोजन किया

### भारत के स्पोर्ट्स आइकन बनने के लिए युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना आवश्यक : करनाम मल्लेश्वरी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्पोर्ट्स** यूनिवर्सिटी ने त्यागराज स्टेडियम में दो दिवसीय टैलेंट स्काउटिंग कैंप का आयोजन किया। कैंप में दिल्ली/एनसीआर के लगभग 2400 युवा खेल प्रतिभाओं भाग लिया। कक्षा 6 से 9 के छात्रों के लिए आयोजित इस कैंप में प्रतिभागियों ने तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती और लॉन टेनिस जैसे खेलों में अपना कौशल प्रदर्शित किया।

छात्रों को उनके चुने हुए खेलों के लिए विशेष एवं अद्वितीय परीक्षण कराये गये। इसमें आरएफआईडी सहित विभिन्न उपकरणों एवं प्रौद्योगिकियां शामिल थी, उनका उपयोग करते हुए लगभग 11 मोटर क्वालिटी परिक्षण किये गये। इसके अलावा उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके एथलीटों के फोकस और ध्यान के स्तर का आकलन करने के लिए साइकोमेट्रिक परीक्षण भी किए गए। इस अवसर पर दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ करनाम मल्लेश्वरी ने युवा प्रतिभाओं का स्वागत किया और उन्हें इस मौके को भुनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ''हमारा विश्वविद्यालय भारत में युवा प्रतिभाओं की पहचान करने और उनका पोषण करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में अपार क्षमता है ऐसे में जमीनी स्तर पर काम करना बहुत जरूरी है और यह उन्हें अभी से प्रशिक्षित करेगा। हमें उम्मीद है कि इस राष्ट्रीय प्रतिभा स्काउटिंग ड्राइव के माध्यम से, हम बहुत योग्य और प्रतिभाशाली बच्चों को खोजने में सक्षम होंगे। दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में हमारा उद्देश्य दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के लिए एक तैयार प्रतिभा पूल तैयार करना है और भारत के खेल परिदृश्य को अगले स्तर तक ले जाना है। हम युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उनकी मदद करना चाहते हैं ताकि आगे चलकर में भी भारत के अगले स्पोर्ट्स आइकन बनें।'' इस कार्यक्रम का आयोजन युवा खेल प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें अपने कौशल का प्रदर्शन करने एवं दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में प्रवेश करने के अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था।

# आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड एवं मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी के भारतीय मेन्सवियर ब्रांड, तस्वा ने गाजियाबाद में अपना पहला स्टोर किया लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




**आदित्य** बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी का एथनिक मेन्सवियर ब्रांड तस्वा अब उत्तर प्रदेश के 47, अम्बेडकर रोड, गाजियाबाद में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को पूरी तरह से तैयार है। शहर के प्रमुख शॉपिंग एरिया में स्थित, यह स्टोर पुरुषों के लिए एथनिक और वेडिंग वियर ऑप्शंस की एक उल्लेखनीय रेंज प्रदान करता है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए तस्वा के सीईओ संदीप पाल ने कहा, ''हम गाजियाबाद में अपने स्टोर लॉन्च को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह शहर कई प्रकार के उत्सवों के लिए जाना जाता है और हम भारतीय उत्सवों की पोशाक में एक ताजा नजरिया पेश करने के लिए रोमांचित हैं। अगले कुछ महीनों में, हम पूरे भारत में कुछ और स्टोर खोलने और अपनी रिटेल मौजूदगी का विस्तार करने का इरादा रखते हैं।'' गाजियाबाद स्टोर के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर, तरुण तहिलियानी ने कहा, ''तस्वा मेरा एक पुराना सपना रहा है, जो एबीएफआरएल के माध्यम से संभव हुआ है। इसका नाम ही अपने सर्वश्रेष्ठ संस्करण का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे ब्रांड के माध्यम से हासिल करने के लिए हमने कड़ी मेहनत की है। लंबे समय से, मैं यह सुनता आया हूं कि एथनिक वियर आरामदायक नहीं होते, और तस्वा इसी को ठीक करने का एक प्रयास है। हमने ऐसे कपड़े डिजाइन किए हैं जो हमारे ग्राहकों को शानदार तरीके से बने, अंतरराष्ट्रीय स्तर के, आरामदायक, अच्छे कट वाले, तरुण तहिलियानी स्टाइलिंग वाले वस्त्र प्रदान करते हैं, जो कीमत के लिहाज से पहुंच में भी हैं।'' स्टोर का डिजाइन और सजावट तरुण तहिलियानी के 'इंडिया मॉडर्न' डिज़ाइन लोकाचार के अनुरूप है और इस वास्तविकता को दर्शाता है कि पिछले वर्षों में भारतीय उपभोक्ता विकसित हुए हैं और अब अपनी पसंद के माध्यम से अधिक अभिव्यक्ति चाहते हैं। तस्वा की ब्रांड फिलॉसफी को दर्शाने के लिए डिजाइन किया गया यह स्टोर लकड़ी, पीतल और पुराने राजस्थानी वास्तुशिल्प जैसी कीमती चीजों को जोड़ते हुए भारतीय परिधानों की एक नई दुनिया का एक झरोखा पेश करता है।

3473 वर्ग फुट एरिया में बना तस्वा का भव्य स्टोर एलिगेंट इंटीरियर्स और द पर्ल कलेक्शन ङ्क समर रेंज सहित भारतीय पुरुषों के परिधानों की एक परिष्कृत और स्टाइलिश रेंज पेश करता है। बड़ी बारीकी और ध्यान से तैयार किए गए विविध प्रकार के कुर्ते, बूँदिस, शेरवानी, बंदगला, अचकन, चूड़ीदार, अलीगढ़ी और अन्य परिधान प्रदर्शित करते हुए, तस्वा सिल्क, कॉटन, ब्रोकेड से लेकर मखमल तक से बने कपड़ों के एक ताजा एप्रोच के साथ पारंपरिक कारीगरी का जश्न मनाता है।

# ग्राम पंचायत स्वास्थ्य विभाग की मदद से गांवों में फॉगिंग कराएं : प्रदीप मलिक

### स्वास्थ्य विभाग फॉगिंग में उपयोग होने वाली दवाई फ्री में उपलब्ध कराएगा

**सोहना।** खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों में मच्छर के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए फॉगिंग कराई जाएगी। ग्राम पंचायतें पंचायती फंड से मशीन खरीद कर सकती है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग फॉगिंग में उपयोग होने वाली दवाई फ्री में उपलब्ध कराएगा।

वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र में मच्छरों का आतंक पिछले वर्षो की अपेक्षा अधिक है। जिससे रुबेला, मलेरिया, डेंगू जैसे जान लेवा बीमारी से ग्रामीण ग्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीणों के अच्छे स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए और मलेरिया, डेंगू व कोविड की बीमारी को न पनपने देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत व स्वास्थ्य विभाग मिलकर काम करेंगे।

**एसडीएम ने बीते दिवस दिए निर्देश :** एसडीएम कार्यालय सोहना में स्वास्थ्य विभाग और पंचायत विभाग अधिकारियों की हुई बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष मच्छरों का आतंक होने की बात उठी थी। इसके साथ-साथ 0 से 5 वर्ष की उम्र वाले मासूम बच्चों में होने वाली रुबेला जान लेवा बीमारी से बचाव पर विशेष रुप से चर्चा की गई थी। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंघौला के एसएमओ डॉ. इन्द्रजीत शर्मा ने बताया कि 2700 बच्चों की रुबेला की जांच की चुकी है। इसके जांच के लिए फिर से अभियान जल्द ही शुरू किया जाएगा।

> **मौसम** में आएदिन हो रहे बदलाव से मच्छरों का आतंक अधिक हुआ है। प्रदेश सरकार की तरफ से मच्छरों के बढ़ते आतंक को रोकने के लिए पंचायत विभाग और स्वास्थ्य विभाग को कड़े निर्देश जारी किए गए है। जिसमें ग्राम पंचायतों को भी बराबर का सहयोग होगा।दोनों ही विभाग अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए है।
>
> **प्रदीप मलिक**
> **( एसडीएम सोहना )**

# ततारपुर से असावटी वाली सड़क की हालत जर्जर, भरा रहता है पानी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


ततारपुर रोड़ पर भरा पानी।

**ततारपुर** से असावटी जाने वाला मार्ग इतना जर्जर है कि वहां से पैदल निकलना भी मुश्किल है। हालांकि यहां दोनों तरफ कई कंपनी व फैक्टरी हैं, लेकिन दुर्दशा इतनी है कि पानी निकासी का कोई प्रबंध तक नहीं है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि यह सड़क बन नहीं सकती तो कम से कम गड्ढे ही भर दिये जायें। यहां की सड़क चलने लायक नहीं रह गई है। कहीं डामर गायब हो गया है तो कहीं गिट्टी बाहर झांक रही है। सड़कों पर गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। बारिश का पानी भरने पर तो जलाशय सा नजर आने लगता है। आपको बता दें यह पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क 2012 में बनाई गई थी। इसके लिये भी स्थानीय लोगों को कई दिनों तक अनशन करना पड़ता था। लेकिन सड़क बनने के बाद से अब तक कोई सुध लेने वाला नहीं है। कई गांवों को जाने का यह एक मात्र मार्ग ही है।

जो बड़े-बड़े गड्ढों से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। परन्तु विभागीय अधिकारियों के कानों में जू तक नही रेंगती। ग्रामीणों की मानें तो इसके लिये उन्होंने कई कई बार अधिकारियों से लेकर नेताओं व सीएम विंडो तक शिकायत दे रखी है। बारिश के दिनों में तो इन सड़कों से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि नाते रिश्तेदारों का आना-जाना बंद, शादी-ब्याह किसी मुसीबत से नहीं कम और अस्पताल व स्कूल की तो सोचकर ही लोगों के पसीने छूट जाते हैं। कुल मिलाकर ततारपुर से असावटी गांव तक जाना नाकों चने चबाने के बराबर रहता है, लेकिन जिम्मेदार को इस सड़क पर नजर नहीं पड़ रह है।

**इस** मार्ग का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा वर्ष 2012 में किया गया था। इसके लिये भी कई दिनों तक ग्रामीणों को अनशन करना पड़ा था। जैसे तैसे यह सड़क बन गई, जो एक साल में ही टूट गई। उसके बाद इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। यहां सड़क पर कई कंपनियां हैं, जिनका पानी भी सड़क पर ही आता है। ग्रामीणों के अलावा कंपनियों में काम करने वाले लोगों को भी यहीं से निकलना पड़ता है।



**-कुलदीप कौशिक,**
**प्रदेश प्रवक्ता व संस्थापक सदस्य आम आदमी पार्टी**



**यह** मार्ग कई सालों से जर्जर हालत में है, इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। वोट लेने के समय सभी नेता आश्वासन देते हैं, लेकिन इसके बाद कोई ध्यान नहीं देता। ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**-संदीप, स्थानीय निवासी**

**इस** मार्ग के सुधारीकरण के लिए विभाग द्वारा इस्टीमेट बनाकर भेजा हुआ है, लेकिन अभी तक मार्ग के निर्माण के लिए मंजूरी नहीं मिल पाई है। जैसे ही मंजूरी मिल जाएगी, निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।



**-नरेंद्र यादव, एक्सईएन,**
**पीडब्ल्यूडी विभाग पलवल**

## संक्षिप्त समाचार

### कोचिंग का जेई मेंस परीक्षा का रिजल्ट रहा शानदार


प्राची


प्रदीप कुमार

**पलवल।** एनटीए द्वारा घोषित जेई मेंस के रिजल्टस में जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ स्कूल्स की संकल्प कक्षाओं में पढने वाले छात्र प्रदीप शर्मा ने 99 परसेंटाइल और छात्रा प्राची देशवाल ने 99 परसेंटाइल अंक लाकर पहले ही वर्ष में स्कूल में कीर्तिमान रचा है। इसके अतिरिक्त रितेष तोमर, सरवन, सुमित, लोकेश ने 97 परसेंटाईल तथा अभिषेक 96 परसेंटाईल केलाश 94 परसेंटाईल संकल्प गुप्ता और नेहा ने 92 परसेंटाईल अंक लाकर 5 जून 2023 में होनी वाली जेई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालिफाई किया है। स्कूल प्रबंधक विरेन्द्र गहलौत व चेयरमैन बीरपाल गहलौत ने विद्यालय के समस्त अध्यापकगण प्रिंसीपल व अभिभावकों एवं संकल्प कक्षाओं को पढाने वाली टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी है और अभिभावकों को यह विश्वास दिलाया है की नीट-2023 की परीक्षा का रिजल्ट भी हमारा शानदार रहेगा। संकल्प कक्षाओं का मुख्य उदेश्य अपने स्कूल में पढने वाले छात्रों की प्रतिभा जिला तथा राज्य स्तर पर तराशना है।

### विवेक के जेईई मेन में एआईआर 76 प्राप्त करने पर जश्न मनाया


विवेक

**पलवल।** जैसे ही जेईई मेन 2022-23 का परिणाम घोषित हुआ। वैसे ही एसएनडी पब्लिक स्कूल के बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल के विवेक कुमार ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जेईई मेन 2022-23 में एयर 76 प्राप्त किया तथा स्कूल के ही 25 छात्रों ने, जिनमें अंकित, आयुष, महेश, जय डागर, हितेश, रोहित, अंशु, सिद्धार्थ, झलक, मुदित, तेजस, आयुष कुमार सिंह, हिमांशु गर्ग, अभिनव, अमन कुमार, कुलदीप, दीपक, आस्था, तरुणा, पुनीत ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से तथा स्कूल के अध्यापकों के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि प्राप्त की है तथा स्कूल का नाम रोशन किया हैं स्कूल की इस उपलब्धि पर स्कूल के सचिव रघुराज डागर ने सभी विधार्थियों अभिभावकों व अध्यापकों को ढेर सारी शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

### राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ


प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

**पलवल।** डॉ0 बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में जल शक्ति अभियान तथा इको क्लब व भूगोल विभाग द्वारा दो दिवसीय पोस्टर मेकिंग, श्लोगन लेखन, डिबेट और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के विभिन्न छात्र एवं छात्राओं ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. बाबू लाल शर्मा ने की व कार्यक्रम का निर्देशन भूगोल विभागाध्यक्ष दिलबाग सिंह ने किया। प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ललिता सैनी ने प्रथम, नीरज तंवर ने द्वितीय व राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, डिबेट प्रतियोगिता में उषा ने प्रथम, वर्षा ने द्वितीय व रेनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में उषा ने प्रथम, धर्मेंद्र ने द्वितीय व वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विवेक ने प्रथम, राखी ने द्वितीय व मुस्कान व गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में शेर सिंह, राजू, ओम प्रकाश, निशा रानी, नीलम शर्मा, डा प्रखर व पिंकी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्राचार्य बाबू लाल शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण के बारे में बताया तथा विजेता प्रतिभगियों को प्रमाणपत्र दिये। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सीएस वशिष्ट, पवन कुमार, तरुण सैनी, अनिल चौहान, वन्दना भारद्वाज, डा योगेश कुमार, सरिता देवी, डॉ संजीव कुमार, डा दीपिका छाबडा सहित सभी टीचिंग एवं नानटीचिंग स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### लापता युवती को पलवल बस स्टैण्ड से किया बरामद



**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ मुकेश मल्होत्रा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना शहर बल्लभगढ़ की टीम पुलिस चौकी अग्रसैन प्रभारी प्रदीप कुमार की टीम ने घर से लापता लड़की को बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा लड़की 23 अप्रैल को घर से बिना बताए कही चली गई थी। लड़की के परिजनों ने पुलिस चौकी में आकर लड़की के गुम होने की शिकायत दी। जिस पर तुरंत मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरु कर दी। लड़की को पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से पलवल बस स्टैण्ड से सकुशल बरामद कर लिया गया है। लड़की के बरामद होने की सूचना परिजनों को दी गई। लड़की से पूछताछ में सामन आया कि वह किसी को बिना बताए घर से मथुरा, वृंदावन, आगरा घूमने चली गई थी। जिसके लीगल एडवाइजर के सम्मुख ब्यान अंकित कराकर वारसान के हवाले सकुशल किया गया। लड़की के परिजनों ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

# जेईई मेन्स परीक्षा में एमवीएन अरावली हिल्स के छात्रों का रहा अभूतपूर्व प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जेईई** मेन्स परीक्षा (2023) में एमवीएन अरावली हिल्स के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय की प्रतिष्ठा एवं गरिमा को एक नयी उंचाई दे दी। सिया जैन ने अखिल भारतीय स्तर पर 453वां स्थान प्राप्त कर जेईई एडवान्स्ड परीक्षा के लिए चयनित होकर विद्यालय का मान बढ़ाया।

विद्यालय के अन्य परीक्षार्थी भी अखिल भारतीय स्तर पर अच्छे स्थान प्राप्त कर जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए चयनित हुए। विद्यालय के छात्रों की सफलता का प्रतिशत 46.20: (73/158) रहा। एमवीएन अरावली हिल्स का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का परिणाम है।



इस उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए वरुण शर्मा (अध्यक्ष, एमवीएनसोसायटी), कांता शर्मा (प्रबंध निदेशिका, एमवीएनसोसायटी), संतोष शर्मा (चॉसलर, एमवीएन विश्वविद्यालय) जेपी गौड़ (निदेशक, एमवीएन विद्यालय-समूह), नीता अरोड़ा (प्रधानाचार्या, एमवीएन अरावली हिल्स) तथा मोना दुआ (उप प्रधानाचार्या, एमवीएन अरावली हिल्स) ने सभी सफल विद्यार्थियों को साधुवाद एवं बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाए दीं।

# मृत व्यक्ति का फर्जी खाता खोलकर पैसे के लेन-देन में तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**साइबर** थाना एनआईटी प्रबंधक बसंत कुमार के नेतृत्व में बैंक कर्मचारी द्वारा मृत व्यक्ति का फर्जी खाता खोलकर साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपियो को उपलब्ध कराने वाले और साइबर फ्रॉड करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एनसीआर में अब तक करीब 200-250 वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आजकल के आधुनिक दौर में सभी लोगों के द्वारा क्रेडिट कार्ड का प्रयोग ऑनलाइन व फिजीकल किया जा रहा है। यह गिरोह क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने व रिडिम पाइंट जोडने का झांसा देकर अलग अलग माध्यम से धोखाधड़ी करते हैं। इसी प्रकार की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरफ्तार आरोपियों में आकाश, जगमोहन ओर प्रदीप का नाम शामिल है। आरोपी आकाश रोहतक जिले की रामनगर कॉलोनी का, आरोपी जगमोहन नई दिल्ली के पंजाबी बाग के मदन पार्क के पास का, आरोपी प्रदीप नई दिल्ली के कंझावली जिले के गांव कराला का रहने वाला है। साइबर टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आकाश को रोहतक से आरोपी जगमोहन और प्रदीप को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। मामले में पूछताछ के लिए आरोपी जगमोहन और आकाश को अदालत में पेश कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर तथा आरोपी प्रदीप को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी जगमोहन ने शिकायतकर्ता मीनाक्षी के पास फर्जी फोन नम्बर से कॉल करके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने का झांसा देकर फर्जी बैंक खाते मे 49000 रुपये धोखाधड़ी से प्राप्त कर लिए। जिसकी शिकायत साइबर थाना एनआईटी में मीनाक्षी के द्वारा दी गई। आरोपी ने मृतक के खाते को आरोपी आकाश से पॉलिसी खुलवाने के लिए खोला था। आरोपी ने एक अन्य और खाता खोल रखा है जिसकी जांच चल रही है। तीनो आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के अन्य साथियो की साइबर टीम लगातार तलाश कर रही है। जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल ने आईआईटी जेईई मेन में पलवल जिले में किया टॉप

**स्कूल के चेयरमैन डॉ. रामनारायण भारद्वाज और डायरेक्टर अनिल भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर विद्याधाम टीम के सभी अध्यापकों की प्रशंसा**



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**केसीएम** वर्ल्ड स्कूल के 93 छात्रों ने आईआईटी जेईई मेन की परीक्षा पास की है तथा स्कूल के छह छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 95 परसेंटाइल से अधिक 18 छात्रों और 54 छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इनमें स्कूल के छात्र आयुष शर्मा ने कुल 99.94373 परसेंटाइल (एयर 762) लेकर जिला टॉप किया है तथा फिजिक्स में 100 में से 100 अंक लेकर पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दक्ष दीक्षित ने 99.8592 परसेंटाइल (एयर 762), प्रिंस पोसवाल ने 99.6384 परसेंटाइल (एयर 762), हिमांशु सैनी ने 99.577 परसेंटाइल (एयर 762), प्रियांशी आर्या ने 99.5567 परसेंटाइल (एयर 762), अभय सिंह ने 99.316 परसेंटाइल (एयर 762) लेकर पूरे भारत में जेईई मेन परीक्षा में टॉप 10 हजार में जगह बनाई एवं पलवल जिले में सर्वाधिक चयन देकर पूरे देश तथा जिले में लोहा मनवाया है। केसीएम वर्ल्ड स्कूल पलवल ने विगत कई वर्षों से लगातार जिले में सर्वाधिक छात्रों का जेईई मेन, जेईई एडवांस, आरएमओ, केवीपीवाई आदि परीक्षाओं में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल के चेयनमैन डॉ. रामनारायण भारद्वाज तथा डायरेक्टर अनिल भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर विद्याधाम टीम के सभी अध्यापकों की प्रशंसा की तथा स्कूल की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर सभी अभिभावकों व छात्रों को बधाई दी।

## प्लेसमेंट सेल ने कराया फैक्लटी डेवलपमेंट प्रोग्राम तथा रोजगार मेला

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की प्लेसमेंट सेल कन्वीनर डॉ. प्रतिभा चौहान ने प्राचार्य डॉ. एमके गुप्ता के निर्देशन तथा मेधा फाउंडेशन के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सकारात्मक पहलुओं को लेकर दो दिवसीय फैक्लटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया।

इस कार्यक्रम में सजल मिश्रा आईआईटी डेवलपमेंट स्टडीज ने विभिन्न प्रयोगात्मक, अनुभव और रचनात्मक प्रयोगों के द्वारा शिक्षण की विभिन्न विधियों से अवगत कराया तथा तुषार पुन्डीर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सकारात्मक पहलुओं को उच्च शिक्षा में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सभी प्रतिभागी असिस्टैंन्ट/एसोसिएट प्रोफेसर्स ने इस फैक्लटी डेवलपमेंट प्रोग्राम को रोचक, ज्ञानवर्धक तथा अनुभवजन्य प्रशिक्षण बताया तथा प्राचार्य डॉ. एमके गुप्ता तथा प्लेसमेंट कन्वीनर डॉ. प्रतिभा चौहान का धन्यवाद किया और प्राचार्य डॉ. एम.के. गुप्ता, सजल मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सुचारू रूप से कार्यान्वित करने के लिए प्रेरित किया।

# बल्लभगढ़ में रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति की हुई मौत

**परिजनों ने पुलिस की पिटाई से मौत का आरोप लगा प्रदर्शन कर थाने का घेराव किया**


थाने के बाहर खड़े मृतक के परिजन व इनसेट में राजबीर का फाइल फोटो।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** में हाईवे पर केले की रेहड़ी लगाने वाले राजबीर की शुक्रवार रात मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि पुलिसकर्मी द्वारा पिटाई करने पर उसकी मौत हुई है। गुस्साए परिजनों ने चौकी का घेराव किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की। शुक्रवार रात से परिजन पुलिस अधिकारियों से आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग करते रहे।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह जांच का विषय है और जो भी उचित कार्रवाई बनेगी पुलिस उसे जरूर करेगी। परिजन चौकी में तैनात रामगोपाल नामक पुलिसकर्मी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। मृतक के बेटे का आरोप है कि उसके पिता हाईवे पर रोजाना की तरह रेहडी लगा रहे थे रामगोपाल नामक पुलिसकर्मी उसके पिता को पकड़कर चौकी में ले गया। वहां तीन घंटे पुलिस ने उसके पिता को रखा। उसके पिता चौकी से बाहर निकलने लगे तो वह इस हालत में नहीं थे कि पैदल भी चल सके। पुलिस ने उसके पिता की खूब पिटाई की। बेटे का आरोप यह है कि जब वह उसके पिता को अस्पताल ले जाने लगे तो पुलिसकर्मियों ने उसके भाई के साथ भी मारपीट की। मृतक का बेटा इस मामले में इंसाफ की गुहार लगा रहा है।

वहीं फरीदाबाद पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह की मानें तो बीती रात बल्लभगढ़ बस स्टैंड चौकी इलाके में एक रेहड़ी लगाने वाले की मौत हुई है। पुलिसकर्मी पर मारपीट करने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस को शिकायत मिल गई है और पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। उचित कार्रवाई बनेगी पुलिस उसे जरूर करेगी।

# मानव रचना डेंटल कॉलेज में इनोवेशन समिट का आयोजन

**विभिन्न शहरों के 18 डेंटल कॉलेजों से करीब 200 छात्रों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


कार्यक्रम में भाग लेते डॉक्टर।

**मानव** रचना डेंटल कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री एंड रिसर्च एंड इनोवेशन कैटेलिस्ट की ओर से आयोजित हुए दो दिवसीय इनोवेशन समिट-2023 का शनिवार को समापन हुआ। मानव रचना न्यूजेन आईईडीसी इंक्यूबेशन सेंटर के साथ मिलकर हुए इस इवेंट में 18 कॉलेजों से 2 सौ से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एम्स में सेंटर फॉर डेंटल एजुकेशन एंड रिसर्च (सीडीईआर) चीफ डॉ. रितु दुग्गल पहुंची। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. चेतन सोलंकी, सोलर मैन ऑफ़ इंडिया शामिल हुए।

हेल्थकेयर सेक्टर में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप विषय पर आयोजित हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभाग के छात्रों जागरूक करना था कि वे इनोवेटिव विचारों से किस तरह मरीजों के कल्याण के लिए काम कर सकते हैं। डॉ. रितु दुग्गल ने छात्रों को रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्रों में बेहतरीन काम करने के लिए सराहा। वही प्रो. चेतन सोलंकी ने सतत विकास के मुद्दे पर विचार रखे। इस दौरान एमआरआईआईआरएस के कुलपति डॉ. संजय श्रीवास्तव, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अरुणदीप सिंह, वाइस प्रिंसिपल डॉ. आशिम अग्रवाल, कॉमर्स विभाग की डीन डॉ. मोनिका गोयल, पीजी स्टडीज के डायरेक्टर डॉ. पुनीत बत्रा और पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की एचओएडी डॉ. मीना जैन ने भी छात्रों को संबोधित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में वक्ता रहीं वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में पेटेंट और डिजाइन की सहायक नियंत्रक डॉ. उषा राव ने छात्रों को पेटेंट, डिजाइन, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क को लेकर भारत में कानूनों और नियमों की जानकारी दी। वहीं साइंटिस्ट डॉ. सलज राणा ने ओरल हेल्थ में स्टार्ट अप पर विचार रखे। इनके अलावा बतौर मुख्य वक्ता बीआईआरएसी के मिशन निदेशक डॉ. शिरशेंदु मुखर्जी, रेस और स्टैट्स के सीईओ डॉ. विनीत विनय और एमआर न्यूजेन आईईडीसी के निदेशक डॉ. अमित सेठ ने भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की। डॉ. नीरज कुमारी ने पेटेंट के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्र में छात्रों की उपलब्धियों को लेकर आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न डेंटल कॉलेजों से भी नामांकन आमंत्रित किए गए थे। विभिन्न श्रेणियों के तहत मिले नामांकनों के आधार पर चयनित 20 छात्रों को आरआईसी उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा गया।

इस दौरान ई-पोस्टर प्रेजेंटेशन भी दी गई, जिसमें 85 इनोवेशन पोस्टर पेश किए गए। मौके पर संतोष यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. नरेश शर्मा, पीजीआई रोहतक से डॉ. मंजूनाथ बीसी, एसजीटी यूनिवर्सिटी से डॉ. शौर्य टंडन, आईएपीएचडी के संयुक्त सचिव डॉ. विक्रांत मोहंती, शारदा यूनिवर्सिटी से डॉ. स्वाति शर्मा, ईएसआईसी फरीदाबाद से डॉ. मानसी अत्री और डॉ. हरप्रीत सिंह भी मौजूद रहे।

# जेईई मेन की परीक्षा में मित्तल क्लासेस पलवल के छात्रों ने लहराया परचम

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


जेईई मेन परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र शिक्षकों के साथ।

**मित्तल** क्लासेज़ पलवल के छात्रों ने एक बार फिर जेईई मेन 2023 की परीक्षा में पलवल ज़िले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। मित्तल क्लासेज़ के 36 में से 22 छात्रों ने जेईई एडवांसड के लिए क्वालिफाइ किया है। 9 छात्रों ने 95 परसेंटाइल से अधिक व 21 छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक स्कोर किया है।

संस्था के संस्थापक गौरव मित्तल ने बताया कि छात्र आदित्य ने 99.65 परसेंटाइल व मुकुल गुप्ता ने 99.09 परसेंटाइल प्राप्त कर सफलता हासिल की है। अन्य छात्रों में प्राची ने 98.9, आर्यन गर्ग ने 98.56, पार्थ जिंदल ने 97.98, श्रुति पाठक ने 97.76, गौरव अत्री ने 97.21, सुमित रावत ने 96.89, राहुल कुमार 95.52 परसेंटाइल प्राप्त कर पलवल ज़िले व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर छात्र आदित्य ने बताया कि उसकी इस सफलता का श्रेय मित्तल क्लासेज़ के अध्यापकों व माताङ्कपिता को जाता है जिनके उचित मार्गदर्शन में रहकर उनको सफलता मिली है, छात्र मुकुल गुप्ता ने बताया कि उनको आईआईटी दिल्ली से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करनी है। संस्था द्वारा सभी सफल छात्रों को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थापक गौरव मित्तल, चेयरमैन राजेंद्र मित्तल एवं एमडी डॉ ललित मित्तल ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# काशी तेलुगू संगमम, गंगा-गोदावरी संगम की तरह

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी तेलुगू संगमम को उत्तर और दक्षिण भारत की पवित्र नदियों गंगा और गोदावरी के संगम की तरह बताया। प्रधानमंत्री ने शनिवार शाम को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के तेलुगु भाषी लोगों का स्वागत करते हुए यह बात कही। वह वाराणसी में आयोजित काशी तेलुगु संगमम कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, कुछ जिम्मेदारियों के कारण मैं वहां उपस्थित नहीं हूं लेकिन मन से मुझे आपके बीच होने का एहसास हो रहा है। काशी के घाट पर ए गंगा-पुष्करालु उत्सव, गंगा और गोदावरी के संगम की तरह है। ए भारत की प्राचीन सभ्यताओं, संस्कृतियों और परम्पराओं के संगम का उत्सव है।। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपको याद होगा कुछ महीने पहले यहीं काशी की धरती पर काशी तमिल संगमम का आयोजन हुआ था। अभी कुछ ही दिन पहले मुझे सौराष्ट्र-तमिल संगमम में भी शामिल होने का सौभाग्य मिला है, तब मैंने कहा था, आजादी का ए अमृतकाल देश की विविधताओं का, विविध धाराओं का संगमकाल है।उन्होंने कहा, विविधताओं के इन संगमों से राष्ट्रीयता का अमृत निकल रहा है, जो भारत को अनंत भविष्य तक ऊर्जावान रखेगा। उन्होंने कहा, काशी से जुड़ा हर व्यक्ति जानता है कि काशी और काशीवासियों का तेलुगु लोगों से कितना गहरा रिश्ता है। जैसे ही काशी में कोई तेलुगू व्यक्ति आता है, कई काशीवासियों को लगता है कि उनके परिवार का ही कोई सदस्य आ गया है। काशी के लोग पीढ़ियों से आप सबका स्वागत करते आए हैं।



**प्रधानमंत्री ने कहा, काशी जितनी प्राचीन है, उतना ही प्राचीन ये रिश्ता है-काशी जितनी पवित्र है, उतनी ही पवित्र तेलुगू लोगों की काशी में आस्था है**

प्रधानमंत्री ने कहा, काशी जितनी प्राचीन है, उतना ही प्राचीन ए रिश्ता है। काशी जितनी पवित्र है, उतनी ही पवित्र तेलुगू लोगों की काशी में आस्था है। मोदी ने कहा, आज भी, जितने तीर्थयात्री काशी आते हैं, उनमें एक बहुत बड़ी संख्या अकेले आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लोगों की ही होती है तेलुगू राज्यों ने काशी को कितने ही महान संत दिए हैं, कितने आचार्य और मनीषी दिए हैं। काशी के लोग और तीर्थयात्री जब बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने जाते हैं, तो तैलंग स्वामी के आशीर्वाद लेने उनके आश्रम भी जाते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस तो तैलंग स्वामी को साक्षात काशी का जीवंत शिव कहते थे। आप भी जानते हैं कि तैलंग स्वामी का जन्म विजयनगरम में हुआ था। जिद्दू कृष्णमूर्ति जैसी ऐसी कितनी ही महान आत्माएं हुई हैं, जिन्हें आज भी काशी में याद किया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी ने तेलुगू लोगों को अपनाया, आत्मसात किया, वैसे ही तेलगू लोगों ने भी काशी को अपनी आत्मा से जोड़कर रखा है। यहां तक कि, पवित्र तीर्थ वेमुला-वाड़ा को भी दक्षिण काशी कहकर बुलाया जाता है। आंध्र और तेलंगाना के मंदिरों में जो काला सूत्र हाथ में बांधा जाता है, उसे आज भी काशीदारम कहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, अगर कोई बाहरी व्यक्ति ए सब देखे, तो उसके लिए विश्वास करना भी कठिन होगा कि कोई शहर इतना दूर होकर भी दिलों के इतने करीब कैसे हो सकता है। लेकिन, यही भारत की वो विरासत है जिसने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विश्वास को सदियों से जीवंत रखा है।

वाराणसी के सांसद ने कहा, काशी मुक्ति और मोक्ष की नगरी भी है। एक समय था जब तेलुगू लोग हजारों किलोमीटर चलकर काशी आते थे। अपनी यात्रा में तमाम परेशानी उठाते थे। आधुनिक समय में अब वो परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। आज एक ओर विश्वनाथ धाम का दिव्य वैभव है, तो दूसरी ओर गंगा के घाटों की भव्यता भी है। आज एक ओर काशी की गलियां हैं, तो दूसरी ओर नई सड़कों और राजमार्ग का नेटवर्क भी है। पूर्ववर्ती सरकारों में काशी के हालात का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, एक समय था जब एयरपोर्ट से दशाश्वमेध घाट तक पहुंचने में घंटों लग जाया करते थे। आज नया राजमार्ग बनने से अब लोगों का बहुत समय बच रहा है। एक समय था, जब काशी की सड़कें बिजली के तारों से भरी रहती थीं। अब काशी में ज्यादातर जगहों पर बिजली के तार भी अंडरग्राउंड हो चुके हैं। आज काशी के अनेकों कुंड हों, मंदिरों तक आने-जाने का रास्ता हो, काशी के सांस्कृतिक स्थल हों, सभी का कायाकल्प हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब तो गंगा जी में सीएनजी वाली नावें भी चलने लगी हैं, और वो दिन भी दूर नहीं जब बनारस आने-जाने वालों को रोप-वे की सुविधा भी मिल जाएगी। चाहे स्वच्छता का अभियान हो, काशी के घाटों की साफ-सफाई हो, बनारस के लोगों ने, वहां के युवाओं ने इसे जन आंदोलन बना दिया है। ए काशीवासियों ने अपने परिश्रम से किया है, बहुत मेहनत से किया है। इसके लिए मैं इस कार्यक्रम के माध्यम से भी काशीवासियों का जितना गुणगान करूं, जितना गौरव करूं, उतना कम है।

# काशी को अब वर्ल्ड क्लास सिटी बनाना है: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी** में विजय पर किसी को संदेह नहीं है। लोकसभाए विधानसभा से लेकर हर चुनाव में काशीवासियों का सहयोग सदैव मिला है। मगर इस बार हमारा लक्ष्य फुल मेजॉरिटी का बोर्ड बनाने पर है। डबल इंजन के साथ फुल मेजॉरिटी के ट्रिपल इंजन की ताकत से अब काशी को स्मार्ट सिटी से भी आगे बढ़कर वर्ल्ड क्लास सिटी बनाना है। उक्त विचार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कबीर चौरा रोड स्थित सरोजा पैलेस में भाजपा के महापौर प्रत्याशी अशोक तिवारी एवं? पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में काशी के प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए कही।




**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में संवाद कार्यक्रम में काशी के प्रबुद्ध जनों को किया संबोधित काशी के विकास पर फोकस रहा,सीएम ने कहा-माफिया और अपराधियों के लिए यूपी में कोई जगह नहीं**

उन्होंने कहा कि आज काशी अपनी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के साथ साथ नयी काया और कलेवर को लेकर वैश्विक मंच पर नई आभा बिखेरने के तैयार है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि आज कोई अपराधी और माफिया सीना तानकर नहीं चल सकता। कोई माफिया किसी नंद किशोर रूंगटा का अपहरण करने का दुरूसाहस नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की इस पावन धरा पर मां गंगा की कृपा से परिपूर्ण प्रबुद्धजनों के बीच मेंए मैं अपने आप को पाकर हमेशा गौरवान्वित होता हूं। आप सब से संवाद के लिए किसी ना किसी बहाने मेरा काशी आना होता है। पिछले 6 साल के दौरान मेरी सर्वाधिक यात्रा काशी की हुई है। काशी की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण होती है क्योंकि ये भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में दुनिया भर में सनातनियों को अपनी ओर आकर्षित करती है। बीते 9 साल में पीएम ने काशी को कर्मसाधना स्थली बनाकर इसे नये कलेवर और काया के साथ वैश्विक मंच पर नई पहचान दी है। अभी हाल ही में काशी में दुनिया के बीस बड़े देशों का जी.20 सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी में अब तीन गुना या चार गुना नहीं बल्कि कई गुना ज्यादा तेजी से विकास हो रहा है। सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है। शहर को चारों तरफ से फोर लेन की कनेक्टिविटी दी जा रही है। कैंट से गोदौलिया तक रोपवे बन रहा हैए जिससे एक दिन में एक लाख लोग आ जा सकते हैं। काशी की चौड़ी और चमकती हुई सड़केंए स्वच्छताए टीएफसीए कन्वेंशन सेंटरए कैंसर संस्थान के रूप में विकास स्पष्ट दिखाई देता है। कहा कि यहां कैंसर संस्था में अबतक 21 हजार कैंसर मरीजों का उपचार किया जा चुका है। कहा कि स्थानीय विधायकों के सिफारिश पर मैंने खुद मुख्यमंत्री राहत कोष से 72 करोड़ रुपए कैंसर रोगियों के इलाज हेतु अवमुक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसी भी योजना में बिना जातिए मतए मजहब देखे सबको लाभ दिया है। प्रधानमंत्री के मिशन को विजन मानकर तुष्टिकरण नहीं सशक्तिकरण पर ध्यान दिया। तुष्टिकरण ने यूपी का बेड़ा गर्क करके रख दिया था। आज यूपी में दंगे नहीं हो रहेए व्यापारियों से रंगदारी नहीं वसूली जाती। उपद्रव का स्थान उत्सवों ने ले लिया। 2017से पहले व्यापारियों से रंगदारी वसुली होती थीए आज उन्हें पीएम स्वनीधि से लाभान्वित किया जा रहा है। पार्टी विशेष के लोग तमंचे लेकर व्यापरियों को धमकाते थे। हमने युवाओं के हाथ में टैबलेट देकर उसे टेक्नॉलाजी से जोड़कर तकनीकी रूप से सक्षम बनाने का काम किया है। 2017 से पहले क्या स्थिति थीए किसी से छिपा नहीं है। शहर में शोहदों का आतंक थाए मगर हमारे शहर आज सेफसिटी बन चुके हैं। कूड़े के ढेर दिखते थेए आज स्मार्ट सिटी बन रहे हैं। अध्यक्षता एवं स्वागत भाषण क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल नेए संचालन धर्मेंद्र सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने किया। जबकि मंच व्यवस्था नवीन कपूरए जगदीश त्रिपाठी एवं आत्मा विश्वेश्वर ने की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंहए क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेलए कैबिनेट मंत्री अनिल राजभरए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवालए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालुए महापौर पद के प्रत्याशी अशोक तिवारीए पूर्व मंत्री एवं शहर दक्षिणी विधायक डॉ नीलकंठ तिवारीए कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तवए विधायक डॉ अवधेश सिंहए विधायक टीण् रामए विधान परिषद सदस्य अशोक धवनए विधायक सुशील सिंहए जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मोर्याए महानगर अध्यक्ष विद्यासागर रायए प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर मंचासिन रहे।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का रायबरेली दौरा प्रत्याशियों को दिया जीत का मूल मंत्र

**रायबरेली।** रायबरेली में अपने एक दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य यह निकाय चुनाव को लेकर विशाल जनसभा को संबोधित करने पहुंचे जहां अपने बयान में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर हुई एफआइआर के मामले में प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गोल मोल जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि एफआइआर के बाद विवेचना करने वाली अथार्टी अपना काम करती है इसलिए उस पर कोई टिप्पणी नहीं कि जा सकती। हम बता दें कि केशव मौर्या रायबरेली नगर पालिका परिषद की प्रत्याशी शालिनी कनौजिया के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे थे। मौर्य समाज बाहुल्य बस्तेपुर में आयोजित सभा के दौरान केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूरे प्रदेश समेत रायबरेली में भी कमल खिलने जा रहा है।

## संगीता को पीएचडी की उपाधि

**रायबरेली।** मुंबई विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय ने हिंदी विषय में संगीता अजय पांडेय को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। संगीता ने वर्तमान समय के महत्वपूर्ण साहित्यकार रमाकांत शर्मा श्उद्भ्रांतश् के गद्य साहित्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य शोध निर्देशक प्रो डॉण् करुणाशंकर उपाध्याय के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। इनका शोध प्रबंध 5 अध्याय में और 300 पृष्ठों में है उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से एम एण् यहिंदी द्धएएम फ्लिय हिंदीद्ध पी एचडी यहिंदीद्ध की डिग्री प्राप्त की। श्रीमती पांडेय सरेनी क्षेत्र के छिवलहा गांव की मूल निवासी हैं।

## आरेडिका में अपर सदस्य ने किया स्टोर का भ्रमण



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए में दिनांक 28ण्04ण्2023 को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य ;रेलवे स्टोरद्ध डा0 अतुल गुप्ता ने आरेडिका का दौरा किया। इसी दौरान डा0 गुप्ता को रेल कोचों में में उपयोग होने वाले सभी प्रकार के मैटेरियल एवं उपकरणों एवं स्टोर प्रबंधन की गत.वर्ष ;2022.23द्ध उपलब्धियों तथा कुछ विशिष्ट मैटेरियल की सप्लाई चैन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु किये गये क्रियाकलापों की जानकारी प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री एन डी रावए ने महाप्रबंधक सभागार में एक प्रजेण्टेशन द्वारा दी।अपर सदस्य महोदय ने नवनिर्मित डिपो शैड का उद्घाटन कियाए जिसमें वन्देभारत कोचों की निर्माण सामग्री रखी जाएगी। कोचों में गुणवत्ता संबंधित मानकों का निरीक्षण किया। जिससे यात्रियों की सफल एवं सुरक्षित यात्रा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।इसी कड़ी में डा0 गुप्ता रेल पहिया की सप्लाई चैन को प्रभावी बनाने के उपायों की चर्चा हेतु रेल पहिया कारखाना का दौरा करेंगें। इस अवसर पर आरेडिका के एसण्एसण्कलसी पीसीएमईए श्री संजय कुमार कटियार मुख्य प्रशासनिक अधिकारीए श्री वी के अग्रवाल प्रधान मुख्य अभियंता सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सत्यवती मेमोरियल ट्रस्ट ने लगाया विशाल स्वास्थ्य शिविर



**कन्नौज।** सत्यवती मेमोरियल ट्रस्ट और उमर्दा टीम ने शनिवार को आनंद भवन उमर्दा मैं एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर का आयोजन हर साल 29 अप्रैल को किया जाता है इस स्वास्थ्य शिविर में आसपास के दर्जनों गांव में रहने वाले लोगों का निशुल्क चिकित्सा परीक्षण किया जाता है यह शिविर होम्योपैथी के जाने.माने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अशोक दीक्षित की अगुवाई और उनके नेतृत्व में लगाया जाता है इसके लिए लखनऊ के जाने.माने कई डॉक्टरों की टीम सिमरा मऊ आती है और यहां पर इस उम्र दा गांव में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करत है। शनिवार को आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर में गांव वालों को विभिन्न रोगों से जुड़ी हुई दवाओं का वितरण किया गया डॉक्टरों ने मरीजों का खून की जांच ब्लड प्रेशर मधुमेह समेत अन्य रोग की जांच की और उन्हें उचित सलाह और दवाई वितरित की इस स्वास्थ शिविर में डा. अशोक दीक्षित, डॉखुशबू रानी, डॉऋत्विक दीक्षित, डॉअगम वर्मा, डॉ. श्रुति गुप्ता की टीम ने 150मरीजों का परीक्षण किया तथा दवाएं वितरित कीं।इस मौके पर रामाधार दीक्षितएसुभाष पाठकएअवधेश दीक्षितएसंजीव तिवारी शिवसागर पाण्डेयएदुर्गेश त्रिवेदी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मनु कौस्तुभ ने बढ़ाया शहर का मान

**गोरखपुर।** छात्र मनु कौस्तुभ माथुर ने कुल 99.66 परसेंटाइल हासिल कर शहर में टॉप किया और संयुक्त प्रवेश परीक्षा मेन्स 2023 में एआईआर 487 हासिल किया, जिससे उसके माता.पिता और संस्थान का पूरा स्टाफबहुत खुश हैंए । परिणाम आज पहले राष्ट्रीय परीक्षण द्वारा घोषित किए गए थे। शाखा ने गोरखपुर में मोहद्दीपुर गोरखपुर से सिटी मॉल गोरखपुर तक रोड शो किया।( समारोह में 100 से अधिक छात्रए शिक्षक और अभिभावक शामिल हुए।मनु को बधाई देते हुए अभिषेक माहेश्वरी मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश बायजूस ने कहा, श्हम मनु को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। शीर्ष पर्सेंटाइल स्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के बारे में बताती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## महिला की खंभे से बांधकर पिटाई, 10 आरोपी गिरफ्तार

**संभल।** जिले के जुनावाई थाना क्षेत्र में एक महिला को कथित रूप से खंभे से बांधकर उसकी पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सार्वजनिक होने के बाद पुलिस ने दो महिलाओं समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) चक्रेश मिश्र ने शनिवार को बताया कि जुनावाई थाना क्षेत्र के विरकवारी गांव में 26 अप्रैल को आपसी मारपीट की सूचना मिलने के बाद पीड़िता सुनीता (35) की तहरीर पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के उद्देश्य से अपमान करना) और 506 (आपराधिक धमकी) में रजनेश, राजकुमार, राजू, छोटे और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में कुछ लोगों को एक महिला को खंभे से बांधकर उसकी पिटाई करते देखा जा सकता है। एसपी के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ पहले से दर्ज मुकदमे में धारा 354 (शील भंग करने के इरादे से महिला पर हमला), 342 (गलत तरीके से प्रतिबंधित करना), 147 (उपद्रव) और 149 (विधि विरुद्ध एकजुट होकर अपराध करना) जोड़ दी गई है। उन्होंने बताया कि वीडियो के आधार पर एक महिला समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान शेरी, स्योराज, भूरे, विरोज और मंजू के रूप में हुई है एसपी ने बताया कि पहले जिन चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, जुनावाई थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) पुष्कर राज मेहरा ने बताया कि मामले में नामजद रजनेश, राजकुमार, राजू और छोटे उर्फ रिसीपाल को गिरफ्तार किया गया है। वहीं वीडियो के साक्ष्य के आधार पर तेजवती नामक एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि जांच में पता चला है कि एक ही जाति के दोनों परिवारों के बीच जमीन को लेकर विवाद है।

## रामगंगा में डूबने से तीन भाइयों की मौत

**बदायूं।** जिले के हजरतपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के अंतिम संस्कार के बाद रामगंगा नदी में नहाने के दौरान तीन सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि हजरतपुर थाना क्षेत्र शाहपुर गांव के रहने वाले दिनेश के तीन पुत्र साहिल (16), रोहित (18) एवं भूपेंद्र (21) अपनी ताई कमला देवी (55) के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आए थे। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार के बाद रामगंगा नदी में स्नान के समय अचानक गहरे पानी में जाने से तीनों की डूबनकर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस, स्थानीय लोगों व गोताखोरों की मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों शवों को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। दातागंज तहसील के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि राजस्व टीम से मामले की जांच कराई जाएगी।

# संवेदनशील बूथों की सीसीटीवी से कराएं निगरानी : मण्डलायुक्त

**संवाददाता।** सोनभद्र

**कलेक्ट्रेट** सभागार में मंण्डलायुक्त विन्ध्याचंल मण्डल मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण ढंग एवं निष्पक्षता से संपन्न कराने हेतु समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट तथा समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान मंण्डलायुक्त ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2023 को सम्पन्न कराने हेतु की तैयारियों के सम्बन्ध में बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान मंण्डला आयुक्त ने आर0ओ0 ए0आर0ओ0 सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट के नियुक्ति एंव प्रशिक्षण यातयात, ईधन, रूट चार्ट सम्बन्धित तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली उन्होने कहा कि अति संवेदनशील बुथों की निगरानी सी0सी0टी0वी0 कैमरे के माध्यम से करायी जाये एवं नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिन भी अधिकारियो को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है वह निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप उसे सम्पन्न करायेगें।

उन्होने कहा कि मतदान एंव मतगणना के दिन निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन ड्यिूटी में लगे अधिकारी कर्मचारी किसी भी व्यक्ति द्वारा दिये गये भोजन एवं जलपान की व्यवस्था को स्वीकार नहीं करेगें प्रशासन द्वारा जो भी व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी उसी का पालन करेगें, इस दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जनपद में नगरीय निकाय निर्वाचन की गयी तैयारियों के सम्बन्ध मे जानकारी दी और कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारिया कर ली गयी है, बैठक के दौरान मंण्डलायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में भी अपर पुलिस अधीक्षक से जानकारी प्राप्त की और कहा कि उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में भ्रमण शील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करायेगें मतदान के दिन किसी भी मतदाता को मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसका भी विशेष ध्यान दिया जाये, मतगणना के दिन भी सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर तरीके से रखी जाये।

इस दौरान मंण्डलायुक्त ने जनपद में निर्वाचन से सम्बन्धित की गयी तैयारियों पर संतुष्टि व्यक्त की।

## अवशीतन केन्द्र पर दुग्ध संकलन का शुभारंभ

**चकिया चंदौली ।** राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा संचालित दुग्ध संघ वाराणसी के द्वारा चकिया स्थित मोहम्मदाबाद गांव सभा में अवशीतन केंद्र पर दुग्ध संकलन का शुभारंभ शनिवार को मुख्य अतिथि राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मिनेश शाह के द्वारा किया गया। बताया गया कि वर्तमान में चकिया अवशीतन केंद्र पर दूध का संकलन बीएमसी के द्वारा किया जा रहा हैए जिसकी वर्तमान क्षमता 5000 लीटर की है।वर्तमान में लगभग 30 समितियों का दूध इस केंद्र पर एकत्र होता है और इससे 1000 किसानों को लाभ मिल रहा है। भविष्य में 30 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 50 अन्य गांवों को सहकारिता के माध्यम से जोड़ते हुए इस सेंटर के दुग्ध संकलन को 20000 लीटर तक ले जाने की योजना है।

# बांदा में अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी गई

**बांदा।** बांदा में स्थानीय निकाय चुनाव के दौरान ऑपरेशन क्लीन के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा की टीम ने शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी और लगभग 31 असलहे बरामद किए। विवेचना और तहकीकात पूछताछ में पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं चुनाव को प्रभावित करने के लिए ये असलहे सप्लाई किए जाने की तैयारी थी। इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन सिंह ने की है। इस दौरान पूरे गिरोह को गिरफ्तार भी किया है

आपरेशन क्लीन के क्रम में अवैध शस्त्रो का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर बांदा पुलिस द्वारा की गयी एक और बड़ी कार्रवाई ।थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का किया गया भंडाफोड़ । भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित तमंचेए रिवाल्बरए कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद ।अभियुक्त द्वारा मुक्तिधाम केन नदी के पास एक खण्डहर में किया जाता था अवैध शस्त्रों का निर्माण । थाना बबेरु क्षेत्र के देवरथा का रहने वाला है अभियुक्त।' पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनन्दन के कुशल निर्देशन मे जनपद मे अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा आगामी नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अवैध शस्त्रो का निर्माणए संग्रहण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध ताबडतोड़ कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मीनिवास मिश्र व क्षेत्राधिकारी नगर श्री गवेन्द्र पाल गौतम के निकट पर्यवेक्षण मे आज सुबह थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा मे अवैध शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये है । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक झोले में अवैध तमंचे लिए खुटला चौराहे की ओर जा रहा है । सूचना पर पुलिस द्वारा मौके से एक अभियुक्त को अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त शिवभवन विश्वकर्मा पुत्र भूरा थाना बबेरु क्षेत्र के देवरथा का रहने वाला है और मुक्तिधाम केन नदी के पास खण्डहर में आकर अवैध तमंचों का निर्माण करता है तथा उसी आय से जीवन यापन करता है । अभियुक्त को साथ लेकर जाकर उसकी निशानदेही पर उक्त स्थान से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं । बरामद असलहों में 18 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर,11 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर, 2 अदद् अवैध रिवाल्वर 32 बोर,1 अदद अवैध अर्धनिर्मित तमंचा,2 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर,1 अदद खोखा कारतूस 315 बोर,2 अदद कारतूस जिन्दा 12 बोर,1 अदद खोखा कारतूस 12 बोर शामिल है।




## कहां से लाए प्रभारी

देश की सबसे पुरानी पार्टी शहरों की सरकार के लिए हो रहे चुनावों में बड़े जोर-शोर से ताल ठोक रही है मगर हकीकत तो यह है कि उसका कोई जनाधार दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहा। बात अगर राजधानी की हो तो जिस पार्टी को वार्डों में चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी ढूंढ़ने में नाकों चने चबाने पड़ गए अब उसने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए सभी 110 वार्डों में अपने प्रत्याशी जिताने के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। यह चुनाव प्रभारी वह कहां से लाई यह राज ही बना हुआ है। बहरहाल स्थिति यह है कि जो चुनाव प्रभारी बनाए गए हैं उन्हें पार्टी के प्रत्याशी जानते-पहचानते तक नहीं। पार्टी के अंदर खुद इस बात को लेकर चर्चा आम है कि मात्र खानापूर्ति के लिए प्रभारी बनाने का ड्रामा किया गया है। इनमें कितने पार्टी के वास्तविक कार्यकर्ता हैं और कितने बाहरी? यह कहना मुश्किल है। सच्चाई जो भी हो लेकिन अब अध्यक्ष जी ने मीडिया में इनकी लिस्ट जारी करते हुए यह दावा कर दिया है कि प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने की जिम्मेदारी इन प्रभारियों को सौंप दी गई है।



## गले की हड्डी

जब से बगैर पद के नियुक्ति पाने वाली मैडम का प्रमोशन हुआ है तब से मैडम की नजर प्रोफेसर की कुर्सी पर टिकी हुई है। मैडम हैं कि मुखिया जी के गले की हड्डी बन गई है। जो चाह कर भी नहीं छूट रहा है। पहले तो मैडम प्रमोशन पाने के चक्कर में कार्यालय के इर्द गिर्द दिखाई देती थीं। प्रमोशन मिला तो अब बड़ी कुर्सी के चक्कर में पड़ गई हैं। सुनने में आया है कि विभाग में एक पद आने वाला है प्रोफेसर का। अब मैडम ने जब से सुना है मुखिया जी के गले की हड्डी बन गई है। मुखिया जी भी ऐसे फंसे हैं कि न निगल पा रहे हैं और न ही उगल पा रहे हैं क्योंकि किया धरा तो मुखिया जी का ही है। अब मुखिया जी पीछा छुड़ाना चाह रहे हैं तो छूट नहीं रहा है। मुखिया जी को शायद लग रहा है कि कहीं लेबल न लग जाये। पर लेबल तो पहले ही लग चुका है जब एक वरिष्ठ प्रोफेसर की बात को दरकिनार कर उन्होंने मैडम को प्रमोशन दिया था। अब यह तो वही बात हो गई गुड़ गुलगुले से परहेज।




## स्मार्ट है पर आधा अधूरा

स्मार्ट सिटी में ऑन लाइन समस्याओं का निस्तारण प्रमुख कारक है जो हाउस टैक्स करने तक ही सीमित हैं। बावजूद इसके नये साहब ने बड़ी खुशी मनाई और कई ने इसे ऐतिहासिक बताया। लेकिन यह एसेसमेंट और आधा अधूरा ही लाभ जनता तक पहुंच सका। आलम यह कि साहब आनलाइन के नाम पर स्मार्ट सिटी की 60 प्रतिशत योजनाएं अधूरी पड़ी है, जिसका कोई पुरसा हाल नहीं है। बस स्मार्ट सिटी शहर का ठप्पा लगाने की होड़ में अफसर लगे हुए हैं। नये साहब ने आनलाइन की ये सेवाएं दे दी लेकिन हकीकत से साहब अंजान हैं। पांच वर्ष पूर्व ऑनलाइन की सेवाएं नगर निगम ने शुरू की थी पर अभी तक शिकायतों का ऑनलाइन निस्तारण नहीं हो पा रहा है। नाले नाली की सफाई करने में भारी खामियां देखी गयी हैं। झूठे निस्तारण का खेल शुरू हो जाता है। सेल्फ एसेसमेंट का कार्य ऑनलाइन हुआ तो नगर निगम के बाबुओं का क्या होगा। उनकी सारी दुकान ही इस पर चलती है जिसके कारण चाह कर भी ऑनलाइन सेवाएं सफल नहीं हो रही है।



## हम तो हुए बेगाने

कभी पार्टी कार्यालय अपना था। वहां के हर कमरों की हर चीज पर अपना अधिकार था। सिक्का चलता था लेकिन अब केवल मेहमान बनकर आते हैं वह भी जब बुलाए जाते हैं तभी आते हैं। जितने समय के लिए बुलाए जाते हैं उतने समय ही रहते हैं। यह हाल समाजवादी शिव का है जो कभी समाजवादियों के पालनहार शिव हुआ करते थे आज बेगाने से हो गए हैं। आलम यह है कि अब अपने ही कुनबे में आने से पहले उन्हें भूमिका बनानी पड़ती है। आएं तो किस बहाने से और कब आएं। इसे विडंबना ही कहेंगे कि इस पूरे कुनबे पर अब उसका राज है जिसे कभी शिव ने गोद में खिलाया था। समाजवादियों के शिव को क्या पता था जिससे वह गोद में खिला कर बड़ा कर रहा है वह ही उसे अपने कुनबे से बेगाना कर देगा। शिव ने अपना रैन बसेरा तो समाजवादी कुनबे के सामने ही बना रखा है। प्रगति करने की लालच में समाजवादियों से काफी दिन दूर रहने के बाद अभी फिलहाल शिव समाजवादियों के बीच में आ गए हैं। फिर भी दूरी बरकरार है। अपने रैन बसेरे के लिए आते जाते हर दिन शिव अपने समाजवादी कुनबे को देखते हैं लेकिन उसमें प्रवेश करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते क्योंकि अब उन्हें समाजवादी कुनबे में प्रवेश करने व मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेनी पड़ती है।

# यूपी में बगैर भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटीः मुख्यमंत्री

- पूर्वांचल के कई जिलों में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर योगी ने विपक्ष पर बोला हमला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर शनिवार को पूर्वांचल के कई जिलों में ताबड़तोड़ जनसभाओं में विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। इन जनसभाओं के जरिए मुख्यमंत्री योगी ने संदेश दिया कि यह चुनाव विकास के दृष्टि से कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रत्येक जनसभा में भाजपा सरकार के किए कार्यों के आधार पर वोट मांगा तो विपक्षियों पर प्रहार भी किया। मुख्यमंत्री ने बिना भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी की भी बात कही। उन्होंने अपील की कि 4 मई को हर हाल में वोट अवश्य दें। उन्होंने सही लोगों को जिताकर भाजपा का बोर्ड बनाकर विकास की गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में कभी बीमारी और भूखमरी से मौतें होती थीं पर आज यह जनपद नई आभा के साथ निखर रहा है।

मुख्यमंत्री ने देवरिया का अस्तित्व पुनः लौटाने का वायदा किया। उन्होंने कहा कि कि वाराणसी आने पर मुझे गर्व होता है। मैंने सर्वाधिक यात्रा यहीं कीं। मुख्यमंत्री ने यह बात शनिवार को गोरखपुर व वाराणसी जनपदों में आयोजित जनसभाओं में कहा कि उत्तर प्रदेश और गोरखपुर नई आभा के साथ तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। पूर्व में यहां गुंडा टैक्स एवं रंगदारी वसूली जाती थी। गरीबों की सम्पत्तियों, व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर गुंडे, माफिया, सत्ताधारी दल के लोग कब्जा कर लेते थे, जबकि आज यूपी इस अराजकता से मुक्त हो चुका है। व्यापार उद्योग के क्षेत्र में रिफॉर्म के अनेक कार्य हुए हैं। आज वैश्विक बाजार पूरी तरह भारत के लिए खुला हुआ है। इन सबका सकारात्मक प्रभाव प्रति व्यक्ति आय और जीवन स्तर पर पड़ा है। भाजपा सरकार में वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए स्मार्ट एवं सेफ सिटी के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के 10 शहरों का चयन किया तो गोरखपुर समेत 7 अन्य का चयन राज्य सरकार ने स्टेट मिशन के अंतर्गत किया। यहां 40 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। जल्द ही हम मेट्रो की दिशा में आगे बढ़ेंगे। जहां आवश्यकता होगीए वहां रोपवे की भी सुविधा देंगे। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की चुटकी ली और कहा कि 4 मई को नेपाल जाने की भूल मत करिएगा। उन्होंने कहा कि पहले एक घंटे की बारिश में गीता प्रेस, साहबगंज जैसे इलाकों में तीन फुट पानी जमा हो जाता था। पिछली बार लगातार 48 घंटे बारिश के बावजूद जलभराव नहीं हुआ। जलभराव के स्थायी समाधान के लिए ही गोड़धोइया नाला परियोजना पर काम शुरू किया गया है।



गोरखनाथ मंदिर में शनिवार को रुद्राभिषेक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वास जताया कि काशी में विजय पर किसी को संदेह नहीं है। लोकसभा, विधानसभा से लेकर हर चुनाव में काशीवासियों का सहयोग सदैव मिला है। मगर इस बार हमारा लक्ष्य फुल मेजॉर्टी का बोर्ड बनाने पर है। डबल इंजन के साथ फुल मेजॉर्टी के ट्रिपल इंजन की ताकत से अब काशी को स्मार्ट सिटी से भी आगे बढ़कर वर्ल्ड क्लास सिटी बनाना है।

उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि कोई माफिया किसी नंद किशोर रूंगटा का अपहरण करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपसे संवाद के लिए किसी ना किसी बहाने मेरा काशी आना होता है। 6 साल के दौरान मेरी सर्वाधिक यात्रा काशी की हुई है। यहां की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण होती है क्योंकि ये भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में दुनियाभर के सनातनियों को आकर्षित करती है। अभी हाल ही में काशी में 20 बड़े देशों का जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी में अब कई गुना ज्यादा तेजी से विकास हो रहा है। यहां कैंसर संस्थान में अबतक 21 हजार कैंसर मरीजों का उपचार किया जा चुका है। मैंने खुद मुख्यमंत्री राहत कोष से 72 करोड़ रुपए कैंसर रोगियों के लिए प्रदान किये हैं।

# देश भर में 55 हजार केंद्रों से आज होगा 'मन की बात' का सीधा प्रसारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड 30 अप्रैल को प्रसारित होने जा रहा है। 'मन की बात' के 100वें एपिसोड के प्रसारण को ऐतिहासिक बनाने और इसे व्यापक स्वरूप देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने एक विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है जिसके तहत प्रदेश के बूथ स्तर पर लगभग 55 हजार सेंटरों में इसके प्रसारण की अभूतपूर्व व्यवस्था की जा रही है। हर विधानसभा में लगभग 100 से अधिक स्थानों पर इसे बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा जिसमें स्थानीय सांसद, विधायक एवं चुने गए जन प्रतिनिधि तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम के संयोजन की व्यवस्था में सम्मिलित हैं। साथ ही साथ, प्रदेश भर के विभिन्न सामजिक संगठन एवं अन्य संस्थाएं भी इसमें बढ़.चढ़ कर भाग लेने के लिए आगे आ रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सहित पार्टी के सभी सांसद, विधायक प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 'मन की बात' कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम की संवाद शैली का प्रभाव यह भी रहा है कि आम जनता के बीच बेहतर तरीके से कनेक्ट करते हुए, वे श्रोताओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाने में भी सफल हुए है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेनछ मोदी के निर्णायक नेतृत्व के प्रति की आम जनता में भरोसा बढ़ता ही जा रहा है। यही नहीं नागरिकों से सीधी बात तथा प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से उनके मार्गदर्शन के कारण दिनों-दिन मन की बात के श्रोताओं की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने संस्कृति, लोक परंपराओं, भाषा, लोगों की कहानियाँ और त्यौहार जो पहले मुख्यधारा में शामिल नहीं थे उनसे अवगत करवाने के लिए प्रभावी ढंग से इस मंच का उपयोग उन्होने किया है।

## सोनिया को विषकन्या कहना देश की संपूर्ण मातृशक्ति का अपमान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल द्वारा भारतीय राजनीति के क्षितिज पर त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति और प्रधानमंत्री पद को वर्ष 1991, वर्ष 2004 एवं 2009 में ठुकराने वाली सोनिया गांधी को विषकन्या कहकर गाली देना सिर्फ उन्हीं का ही अपमान नहीं है, बल्कि देश की सम्पूर्ण मातृ शक्ति का अपमान व अक्षम्य अपराध है। तिवारी ने कहा है कि कर्नाटक में जाती हुई सत्ता को देखते हुए मानसिक रूप से विक्षिप्त होकर भाजपा ने यह बयान दिया है। ऐसा कृत्य केन्द्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुआ है। यदि केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर यह बयान नहीं दिया गया है तो अब तक भाजपा में पाटिल कैसे बने हैं। वे अब तक निकाले क्यों नहीं गए और उन्हें न निकाले जाने से यह साबित होता है कि भाजपा ने यह बयान दिला कर भारतीय नारी शक्ति का अपमान किया है।

## जनता के सामने आ चुका है सपा बसपा-कांग्रेस का असली चेहरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को कहा कि प्रदेश का जन और मन पूरी तरह से भाजपा के साथ है। यही कारण है कि निकाय चुनाव में सपा, बसपा व कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल चुनाव मैदान में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है। उन्होंने कहा कि आतंक, अत्याचार, अपराध व अराजकता को पोषित करने वाले सपा-बसपा-कांग्रेस का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है और इन दलों को जनता बारंबार नकार रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी झांसी में झांसी, ललितपुर, जालौन के पार्टी नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कि भाजपा के कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम तथा विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा हर बार विजय के नए प्रतिमान स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोककल्याण तथा राष्ट्र को वैभवशाली बनाने के लिए अहर्निश कार्य कर रहे है। उनका परिवार देश और प्रदेश की जनता है। उन्होंने चुनाव प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कहा कि सतत् सम्पर्क व संवाद और मतदान होने तक बूथ की अभेद्य संरचना ही विजय का मंत्र है और इस मंत्र को भाजपा कार्यकर्ता बखूबी जानता है। झांसी कमिश्नरी के तहत नगर निगम, नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करते हुए पार्षद प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करें।

## नगर निकाय चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी जनताः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश की जनता भाजपा के झूठे वादों और धोखे से ऊब चुकी है। इस बार जनता नगर निगम चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफकर देगी। प्रदेश के नगरों में जन समस्याओं का अंबार है। न सफाई है, न जन सुविधाएं हैं। भाजपा झूठे वादे करती है, जनता भाजपा की षडयंत्रकारी नीतियों को समझ चुकी है। अखिलेश ने कहा कि नगर निकायों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट के लिए भाजपा जिम्मेदार है। महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त जनता भाजपा के खिलाफ मतदान का मन बना चुकी है। नगरीय क्षेत्रों में भाजपा सरकार ने व्यापारियों का जिस तरह से उत्पीड़न किया है, उससे पूरा व्यापारी समाज आहत है और भाजपा के आतंक और उत्पीड़न को भूला नहीं है। व्यापारी समाज इस बार भाजपा को नगर निगम से बाहर का रास्ता दिखाकर अपने अपमान का बदला लेगा। अखिलेश ने कहा कि केंद्र में 9 साल से और 6 साल से प्रदेश में सरकार में काबिल भाजपा ने जनता के हित में कोई काम नहीं किया। कभी डबल इंजन तो कभी ट्रिपल इंजन सरकार के नाम पर जनता को धोखा देने के लिए नए-नए शब्द और नारे गढती है। प्रदेश की जनता जानती है कि भाजपा ने भ्रष्टाचार और लूट के अलावा कुछ नहीं किया। उसके पास नगरों के विकास का कोई रोड मैप नहीं है। बजट का बंदरबांट और लूट करना ही इनका एकमात्र उद्देश्य रहता है। स्मार्ट सिटी के नाम पर उत्तर प्रदेश में जनता के पैसे का जिस तरह का भ्रष्टाचार और लूट हुआ है उसकी दूसरी मिसाल मिलना मुश्किल है।

## बच्चियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए दिए जाएंगे कोचः डॉ. नवनीत सहगल

- अपर मुख्य सचिव खेल ने मलिहाबाद में जोश बाक्सिंग अकादमी का किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने शनिवार को मलिहाबाद में ह्यूमन यूनिटी मूवमेंट एवं यूटीआईआईटीएसएल के सहयोग से स्थापित जोश बाक्सिंग अकादमी का लोकापर्ण किया। इस अकादमी में ग्रामीण बालिकाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इस अवसर पर डॉ. सहगल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं। इस प्रकार की सुविधाएं मिलने से ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में प्रतिभावान खिलाड़ी निकल कर सामने आयेंगे और देश दुनिया में प्रदेश का गौरव बढ़ायेंगे। बाक्सिंग में बालिकाओं को आगे लाने में अकादमी की बड़ी भूमिका रहेगी। पहले लड़कियां यहां बागों में प्रेक्टिस करती थी, अब बालिकाओं के लिए सीएसआर फण्ड से बाक्सिंग रिंग एवं इक्यूपमेंट की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तरफ से बाक्सर खिलाड़ियों की सुविधा के लिए इस अकादमी में मल्टीपरपज हाल तैयार कराया जायेगा। साथ ही एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत बच्चियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए कोच भी उपलब्ध कराये जायेंगे। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों खेल सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

## पोर्टल के जरिए ऑनलाइन होगा तौल लिपिकों का तबादलाः भूसरेड्डी

पायनियर समाचर सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के गन्ना एवं चीनी आयुक्त संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि पेराई सत्र के दौरान संचालित चीनी मिलों के मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रयकेन्द्रों पर तौल लिपिकों का पाक्षिक स्थानान्तरण एसजीके पोर्टल से लॉटरी द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा। आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि पेराई सत्र के समय घटतौली जैसे कपटपूर्ण तरीकों को अपनाकर गन्ना कृषकों के हितों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। ऐसा ही एक प्रकरण संज्ञान में आया है कि पेराई सत्र के दौरान संचालित चीनी मिलों के मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रयकेन्द्रों पर तैनात मिल तौल लिपिकों द्वारा अपने स्वास्थ्य एवं पारिवारिक आदि कारणों से, स्थानान्तरित क्रयकेन्द्रों पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया जाता है। इन चीनी मिलों के अध्यासियों द्वारा अपने स्तर से क्रयकेन्द्रों पर मिल तौल लिपिक की मैनुअल तैनाती करते हुए सम्बन्धित जिला गन्ना अधिकारी को पत्र के माध्यम से तैनाती के सम्बन्ध में सूचित कर दिया जाता है, इसी क्रम में यह भी संज्ञान में आया है कि कतिपय चीनी मिलों द्वारा मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रयकेन्द्रों पर एसजीके पोर्टल से लॉटरी द्वारा तैनात तौल लिपिक से वास्तविक गन्ना तौल का कार्य न करा कर उसके स्थान पर डमी तौल लिपिक से तौल कार्य लिया जाता है, जोकि इस कार्यालय द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। उपर्युक्त प्रचलित कुप्रथा पर अंकुश लगाने के लिए गन्ना आयुक्त ने निर्देश जारी किये हैं कि प्रत्येक पक्ष में एसजीके के माध्यम से मिल तौल लिपिकों का स्थानान्तरण करने के साथ ही संचालित क्रयकेन्द्रों के सापेक्ष 10 प्रतिशत अतिरिक्त मिल तौल लिपिकों को आरक्षित रखा जाए। ताकि एसजीके द्वारा किये गये पाक्षिक स्थानान्तरण के अनुरूप यदि किसी क्रयकेन्द्र पर स्थानान्तरित मिल तौल लिपिक द्वारा 2 दिवस में कार्यभार ग्रहण नही किया जाता है तो आरक्षित तौल लिपिकों में से एसजीके सिस्टम से सम्बन्धित क्रयकेन्द्र पर तैनाती की जाए।

# यूपी पुलिस की पैरवी का असर, अंसारी ब्रदर्स पर भी कसा कानूनी शिकंजा

## सजा का ऐलान होने के साथ ही अफजाल अंसारी की सांसदी जाना तय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शनिवार** का दिन योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया। प्रदेश में कभी दहशत का पर्याय रहा माफिया अंसारी ब्रदर्स आज सपरिवार सलाखों के पीछे पहुंच गया।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि योगी सरकार के सुशासन और माफिया के खिलाफ प्रभावी पैरवी के चलते वर्षों पुराने गैंगस्टर केस में मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना हुआ है। उसके भाई अफजाल अंसारी को चार साल की सजा और एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। सजा सुनाए जाने के साथ ही अब अफ जाल अंसारी की सांसदी भी चली जाएगी। योगी सरकार की कोर्ट में प्रभावी पैरवी का ही नतीजा है कि एक के बाद एक प्रदेश के अपराधियों को सजा मिल रही है। बांदा जेल में निरुद्ध पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी को गैंगेस्टर एक्ट के मामले में दस साल की सजा सुनाए जाने से यूपी पुलिस में खुशी की लहर है। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि डीजीपी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाते हुए माफियाओं के विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की जा रही है। जनपदीय पुलिस के साथ-साथ अभियोजन विभाग के अधिकारियों के सयुक्त प्रयास से गवाहों को न्यायालय के समक्ष नियत तिथि पर प्रस्तुत कर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई कराई जा रही है। माफियाओं के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई की समीक्षा शासन एवं डीजीपी द्वारा निरन्तर की जा रही है।



प्रवक्ता ने बताया कि मुख्तार अंसारी व उसके भाई सहअभियुक्त अफजाल अंसारी तथा गैंग के सदस्य हरिहर सिंह आदि के विरुद्ध लम्बित लगभग 60 अभियोगों में से लगभग 20 अभियोगों का प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में विचारण जारी है। जिसके क्रम में ही जनपद गाजीपुर पुलिस के प्रभावी पैरवी के चलते धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट, थाना मुहम्मदाबाद में न्यायालय एमपीएमएल, एएसजे--चतुर्थ जनपद गाजीपुर द्वारा शनिवार को पारित निर्णय में कुख्यात अपराधी माफिया मुख्तार अंसारी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 लाख रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियोग में माफिया मुख्तार अंसारी के विरुद्ध तत्कालीन विधायक कृष्णानन्द राय की मुहम्मदाबाद गाजीपुर में 29 नवंबर 2005 को हत्या तथा 22 जनवरी 1997 को व्यापारी नन्द किशोर रुगंटा उर्फनन्दू बाबू वाराणसी में अपहरण एवं हत्या के सम्बन्ध में गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई की गई थी। इसी क्रम में गैंग के सदस्य एवं अपराधिक माफिया अफ जाल अंसारी को धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट, थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर में 4 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1 लाख रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रभावी पैरवी के ही क्रम में माफिया मुख्तार अंसारी के गैंग के सदस्य हरिहर सिंह निवासी बरहट, थाना सादियाबाद, जनपद गाजीपुर को भी न्यायालय एएसजे चतुर्थ जनपद गाजीपुर द्वारा विचारण के पश्चात स्व. रमापति सिंह की हत्या के अपराध में धारा 302 भादवि थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर में आजीवन कारावास के दंड से दण्डित किए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2021 में अभियुक्त मुख्तार अंसारी के विरुद्ध दो अभियोगों में एवं वर्ष 2022 में 7 अभियोगों में उत्तर प्रदेश शासन एवं मुख्यालय पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार आरोप विरचित किए जाने की कार्रवाई की गई थी। इससे पूर्व माफिया मुख्तार अंसारी को धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट, थाना कोतवाली, जनपद गाजीपुर में न्यायालय एमपीएमएल, कोर्ट गाजीपुर द्वारा 15 दिसंबर को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5लाख रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया था। धारा 353,504, 506 भादवि थाना आलमबाग जनपद लखनऊ में उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा 21 सितंबर को धारा 353 भादवि के अन्तर्गत 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया एवं धारा 504 भादवि के अन्तर्गत 2 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 2 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

इसी अभियोग में धारा 506 के अन्तर्गत मुख्तार अंसारी को 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया। थाना हजरतगंज, जनपद लखनऊ में माफिया मुख्तार अंसारी को धारा 2/3 उप्र गैंगेस्टर एक्ट में उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा 23 सितंबर 2022 को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया था। इस प्रकार अब तक अभियुक्त मुख्तार अंसारी को 4 अभियोगों में दोषसिद्ध किया गया है एवं सजायाबी करार दिया गया है। यह भी ज्ञातव्य है कि थाना आलमबाग जनपद लखनऊ के मुकदमे में उप्र राज्य द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा मुख्तार अंसारी को दोषमुक्त किये जाने के निर्णयों के विरूद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अपील की गयी थी। जिनमें माफिया मुख्तार अंसारी के विरुद्ध अपील के उपरान्त दंडादेश पारित किए गए थे। मुख्तार अंसारी व उसके गैंग के सदस्यों व सहयोगियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत लगभग 291 करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक की सम्पत्ति की जन्तीकरण की कार्रवाई व 284 करोड़ 77 लाख से अधिक की सम्पत्ति के ध्वस्तीकरण और अवैध कब्जे से अवमुक्त कराने की कार्रवाई की गई है।

# किसानों से घर-घर जाकर खरीदा जाएगा गेहूं

● जिलाधिकारी ने ली अफसरों की बैठक, गेहूं खरीद में प्रगति लाने को बनी रणनीति

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जनपद** में गेहूं खरीद में प्रगति लाने के लिए शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में एडीएम संजय सिंहए डिप्टी आरएमओ संतोष पटेलए एआरसीएस पीके शुक्ला, एसडीएम श्रद्धा सिंहए डीपीआरओ सौम्यशील सिंह सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। गेहूं खरीद समीक्षा में डीएम ने पाया कि जिले में संचालित 136 क्रय केंद्रों के सापेक्ष 109 क्रय केंद्रों में ;102 क्रय केंद्र सहकारिताद्ध अबतक शून्य रही। करीब एक माह में अब तक 70 किसानों के मात्र 376ण्55 एमटी गेहूं की ही खरीद हुई है। निर्देश दिए कि गांवो में जाकर किसानों से संपर्क कर पंजीयन बढ़ाकर उनसे गेहूं खरीदा जाए। किसी भी गेहूं क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद शून्य नहीं होनी चाहिए। किसानों से खरीदे गये गेहूं का समय पर भुगतान हो। जिससे किसानों को दिक्कत न हो। डीएम ने बताया कि गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए अब मोबाइल क्रय केंद्र द्वारा किसानों के दरवाजे पर पहुंचकर उपज की खरीदारी की जाएगी। किसानों से सूचना मिलते ही क्रय केंद्र प्रभारी संबंधित गांव पहुंचेंगे और पर्याप्त गेहूं होने पर खरीदारी करेंगे। किसानए ग्राम प्रधान व कोटेदार द्वारा पर्याप्त मात्रा में उपज एकत्र होने की जानकारी पर नजदीकी क्रय केंद्र के प्रभारी वाहन लेकर संबंधित गांव पहुंचें। इसके बाद मौके पर ही तौल कर ट्रक पर लादकर क्रय केंद्र ले जाया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि किसानों से सुविधाजनक पूर्ण उनकी उपज गेहूं को खरीदने के लिए मोबाइल गेहूं क्रय केन्द्र शुरू किया गया है। मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से गांव गांव जाकर गेहूं की खरीद की जाएगी। जिसके लिए ग्राम प्रधान व कोटदार की मदद ली जाएगी। किसानों की सुविधा के लिए गेहूँ खरीद नियंत्रण कक्ष ;जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालयद्ध 6396239116 की व्यवस्था की है। जिस पर गेहूं विक्रय व विक्रय में आने वाली किसी भी समस्या के तत्काल निवारण के लिए सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पूरे जिले में कहीं भी गेहूं विक्रय करने में असुविधा होने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी / अपर जिला खरीद अधिकारी संतोष पटेल मोण् 8433286284 से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान कराते हुए अपने गेहूं का विक्रय कर सकते हैं।

# अब 21 मई को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**अपर** जिला जज, सचिव-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि मा. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना थाए परन्तु उप्र के नगरीय निकाय चुनाव हेतु अधिसूचना राज्य निर्वाचन आयुक्त, (पंचायत एवं नगरीय निकाय) उप्र द्वारा 9 अप्रैल को जारी की गई है। उक्त परिपेक्ष्य में 13 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के स्थान पर अब 21 मई को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन का निर्णय कार्यपालक अध्यक्ष, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा लिया गया है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई के स्थान पर 21 मई को आयोजित होगी। सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर खीरी ने सभी वादकारीगण, अधिवक्तागण से अनुरोध किया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 21 मई दिन रविवार को अधिक से अधिक वादों को निस्तारित कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत के अयोजन को सफल बनावें।

# सकरन क्षेत्र में देखा गया खूंखार तेंदुआ

संवाददाता। सीतापुर

● दहशत में 20 हजार आबादी, शुक्रवार को चार ग्रामीणों पर किया था जानलेवा हमला

● सहमे किसान नहीं कर पा रहे गेहूं की कटाई-मड़ाई

● बच्चों का स्कूल जाना हुआ बंद

**तेंदुए** के आतंक से थाना सकरन क्षेत्र के कई गांव की करीब 20 हजार आबादी दहशत में है। ग्रामीणों में तेंदुए का खौफ इस कदर है कि किसान खेतों की तरफ नहीं जा पा रहे हैं। गेहूं की कटाई मड़ाई के अलावा फसलों की देखभाल नहीं हो पा रही है। बच्चों का स्कूल जाना अलग से बंद है। शनिवार को तेंदुआ गुलर बोझा गांव के पास देखा गया। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ यहीं कही आस पास गन्ने खेतों में छिपा हुआ है। उधर तेंदुए की मौजूदगी के तीस घंटे बाद भी वन विभाग की टीम खाली हाथ है। आइये पहले सुन लेते है इन ग्रामीणों को जिन्होने शनिवार को तेंदुए को देखा है। ग्रामीण गुड्डू और भीखन का कहना है कि तेदुआ गुलर बोझा गांव के गया प्रसाद के गन्ने के खेत में छिपा। बताते चले कि थाना सकरन क्षेत्र के करेहका पुरवा के पास शुक्रवार को तेंदुआ देखा गया था। तेंदुए ने खेत में फसल की निगरानी कर रहे फरियाद अली, प्रमोद कुमार पर हमला कर घायल कर दिया था। शोर सुनकर ग्रामीण लाठी, डंडो से लैस होकर मौके पर पहुंचे और तेंदुए को घेरने का प्रयास किया तो भागते समय तेंदुए ने आजाद और इंद्रपाल पर भी हमला कर जख्मी कर दिया था। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के काफी देर बाद बिसवां वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी और पग चिन्हों की नाप कर वापस चली आई थी। तब से लेकर वन विभाग तेंदुए का कोई पता नहीं लगा सका। जबकि तेंदुए के डर से सकरन, उमराकला, तारपार, दुघरिया, मिसिरपुर, लकवाबेहड़, अल्लीपुर सहित आस-पास गांव की करीब 20 हजार आबादी दहशत में जीने को मजबूर है। डीएफओ बृजमोहन शुक्ला ने आई इंडिया को फोन पर बताया की पग चिन्ह के आधार पर तेंदुए की पहचान हुई है। यह अभी बच्चा है। टीम लगातार निगरानी कर रही है। माना जा रहा है कि वह नदी की तलहटी की तरफ बढ़ गया है। ग्रामीणो को समूह में खेतो की तरफ जाने की सलाह दी गई है।

# बंदियों से मिले जिलाधिकारी सुविधाओं का लिया जायजा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जिला** कारागार का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने शनिवार को निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने साफ सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर भोजन व्यवस्था तक की हकीकत देखी। बंदियों से भी जेल सुविधाओं का फीडबैक लिया। हालाकि बंदियों के जवाब से भी संतुष्ट नजर आए। डीएम व एसपी ने कारागार की साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से निरीक्षण करने पहुंचे थे। पाकशाला, जेल चिकित्सालय व कारागार की सभी बैरकों का निरीक्षण किया। पाकशाला में बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता को भी देखा। कहा कि बीमार बंदियों का जेल नियमों के तहत इलाज में लापवाही नहीं होनी चाहिए। डीएम-एसपी ने सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच-पड़ताल किया। निरीक्षण में कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। कारागार में साफ सफई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफई बनाए रखी जाए। डीएम व एसपी ने जिला कारागार के निरीक्षण से पूर्व कारागार में स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल कक्ष से पूरे जेल परिसर का भी अवलोकन किया। प्रभारी जेल अधीक्षक/ जेलर पंकज सिंह ने सीसीटीवी कंट्रोल कक्ष के जरिए डीएम-एसपी को पूरी जेल की सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी जेल अधीक्षक/ जेलर पंकज सिंह, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, अजय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमारी, चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत मौजूद रहे।

# मठाधीश वाले जमाने गए, अब जनता भाजपा के साथ : शशांक त्रिवेदी

● भाजपा प्रत्याशी सरोजनी देवी को बताया योग्य प्रत्याशी

संवाददाता। सीतापुर

**महोली** नगर पंचायत के लिए हो रहा चुनाव बड़ो की प्रतिष्ठता का प्रश्न बनने की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। एक तरफ पूर्व विधायक अनूप गुप्ता हैं, जिन्होंने दिनेश गुप्ता टीटू को भाजपा से सपा में शामिल करवाकर उनके खास को सपा का टिकट दिलवा दिया है, तो दूसरी तरफ महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी हैं जिन्होंने लगभग गुमनाम रहीं सरोजनी देवी पत्नी शोभा राम पासी को भाजपा से अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनवाकर मैदान में उतार दिया है। जाहिर है कि मौजूदा विधायक और पूर्व विधायक अपने-अपने खास की जीत पक्की करने के लिए आमने-सामने है। चुनावी माहौल को लेकर महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी शनिवार को मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन का दावा करते हुए कहा कि इसी सोंच के आधार पर निर्विवाद और स्वच्छ छवि की सरोजनी देवी को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया गया है। विधायक ने भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी जीता तो नगर पंचायत को भ्रष्टाचार मुक्त किया जाएगा। विधायक ने दावा करते हुए कहा कि आरक्षित सीट है, इसलिए आरक्षित प्रत्याशी खुद चुनाव लड़ें, मठाधीश वाले जमाने चले गए, अब जनता भाजपा के साथ है। अब तक भाजपा में रहे पूर्व चेयरमैन दिनेश गुप्ता टीटू के सपा में शामिल होने पर विधायक ने कहा कि जो नेता भाजपा प्रत्याशी का विरोध कर अन्य पार्टी से उम्मीदवार बने उसे अगले चुनाव के बाद ही पार्टी में वापसी का मौका मिलता है, आने वाले चुनाव में उस नेता को भाजपा और संगठन के लिए काम करना होगा, तभी उसे वापसी का मौका मिलेगा।

# डीएम ने प्रत्याशियों के साथ बैठक की

संवाददाता। शाहजहाँपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रत्याशियों को आदर्श आचार सहिंता, निर्वाचन व्यय आदि के विषय में जानकारी देते हुये कहा कि आदर्श आचार सहिंता के प्रविधानों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि प्रशासन पूर्ण रूप से निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र निर्वाचन कराने हेतु प्रतिवद्ध है इसलिये किसी भी प्रकार की अफवाहो पर ध्यान न दें। किसी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत होने पर तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित करें। उन्होने कहा कि केवल अनुमति लेकर ही वाहनों का प्रयोग किया जाये तथा जनसभा एवं प्रचार प्रसार हेतु सम्बन्धित अधिकारी से अनुमति अवश्य प्राप्त की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रत्याशी सम्बन्धित आरओ के सम्पर्क में रहे जिससे सूचनाओं को आदान प्रदान होता रहे। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0)ध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री त्रिभुवन ने आदर्श आचार संहिता के प्राविधानों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये बताया कि जनपद में धारा 144 लागू है अत: इनके प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। उन्होने कहा कि नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री संजय कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री सुधीर जयसवाल, नगर मजिस्ट्रेट डा0 वेद प्रकाश मिश्रा सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### नगर आयुक्त ने नालों के सफाई कार्य का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नालो की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर प्रतिदिन कराये जाने निर्देश दिये नगर क्षेत्र के अंटा चौराहें के पास स्थित नाले की सफाई का कार्य जे0सी0बी0 व स्वच्छता कर्मियों के द्वारा किये जा रहें कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नाले की सफाई का कार्य हाइवा से होता हुआ पाया। नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र में स्थित समस्त नालों की सफाई मैकेनिकल पद्धति से कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही जिन स्थनों पर मशीनों का प्रवेश सम्भव न हो, तो वहाँ पर सम्पूर्ण सुरक्षा किट धारण करने वाले स्वच्छता कर्मियों से नाला सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। नाला सफाई के दौरान नाले से निकलने वाले मलवा आदि को तत्काल साफकराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर उपस्थित स्वच्छता कर्मियों से वार्ता की गई, जिसमें स्वच्छता कर्मियों को उनके अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा स्वच्छता कर्मियों द्वारा सुरक्षा किट धारण किये जाने के लाभ बताये गये। किसी दुर्घटना के घटित होने के कारण स्वच्छता कर्मी की मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये की बीमा योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



### मस्जिद में नमाज पढ़ाने गए इमाम की मिली लाश, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** थाना शीशगढ़ क्षेत्र के गांव टिगड़ी में नमाज पढ़ाने गए इमाम की लाश मस्जिद परिसर में बने कमरे में मिली परिजनों का आरोप है उसे बुलाकर ले गए थे इन लोगो ने ही इसकी हत्या की ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। थाना देवरनिया क्षेत्र के गांव शाहपुर डांडी इस्लामनगर रिछा स्टेशन के पास निवासी मृतक का भाई मोहम्मद रिजवान ने बताया मेरे भाई 20 वर्षीय मोहम्मद फैजान पुत्र शमशाद अहमद के पास चार दिन पहले अब्दुल मुस्तफा घर पर आया था। अब्दुल मुस्तफा ने मोहम्मद फैजान को बताया मेरी शादी है इसलिए मस्जिद में नवाज पढ़ाना है मेरे साथ चलो थाना भुता के गांव टिगड़ी में कुछ दिन तक मस्जिद में तुम नमाज पड़वाना शादी के बाद में आ जाऊंगा फिर तुम वापस अपने घर आ जाना। मोहम्मद फैजान अब्दुल मुस्तफा के साथ मंगलवार को चला गया। शुक्रवार की शाम को मोहम्मद रिजवान के दोस्त जहीर अहमद का फोन आता है। कि तुम्हारे भाई के साथ कोई घटना हो गई है तुरंत गांव टिंगड़ी पहुंचो मृतक का भाई मोहम्मद रिजवान परिवार वालों के साथ जब मस्जिद में पहुंचा तो मोहम्मद फैजान मस्जिद के परिसर में बने कमरे में कुंडे से कपड़े के फंदे से लटका हुआ था उसके पैर चारपाई के ऊपर थे मृतक के भाई मोहम्मद रिजवान का आरोप है मोहम्मद फैजान की हत्या अब्दुल मुस्तफा और उनके साथियों ने की है। पहले मोहम्मद फैजान को मारा है उसके बाद उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

### शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** निकाय चुनाव आते ही पुलिस ने शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करना शुरू कर दिया है। पिछले तीन में पुलिस तीन अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी है। पुवायां पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहे थे। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में बने और अधबने तमंचे बरामद किए है। आरोपी श्रीराम पर 12 और अलीशेर पर 17 मुकदमें दर्ज हैं। दोनो आरोपी हिस्ट्रीशीटर हैं। पूछताछ के दौरान बताया कि, निकाय चुनाव में अवैध शस्त्रों को सप्लाई करने का प्लान बना रहे थे। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। थाना पुवायां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में बरौना के जंगलों में दबिश देकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा किया है। पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटर शीटर समेत तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में बने और अधबने तमंचे बरामद किए हैं। आरोपी श्रीराम पर 12, अलीशेर पर 17 मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी उमेश पर 5 मुकदमे दर्ज हैं

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली।** तहसील कार्यालय में मा के स्थान पर काम करके घर लौट रहे बाइक सवार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कस्बा व थाना शाही निवासी 22 वर्षीय आकाश पुत्र सुशील कि कल शाम शाही के गांव जूनहाई के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि आकाश की मा चलने में असमर्थ है जिसके चलते वह मां के स्थान पर मीरगंज तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का काम करता था और कल शाम को ड्यूटी पूरी करने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक आठ भाई बहनों में सबसे बड़ा था।

### डीएम ने कार्मिकों से किए प्रशिक्षण सम्बन्धित प्रश्न

**शाहजहाँपुर।** नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण सेंट पॉल इण्टर कालेज शाहजहाँपुर में कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सेंट पॉल इण्टर कालेज पहुंच कर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने प्रत्येक कक्ष में जाकर प्राशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से प्रशिक्षण सम्बन्धित प्रश्न किये। उन्होने कार्मिकों से सांविधिक लिफाफा, असांविधिक लिफाफा, निविदत्त मत पत्र, पत्र मुद्रा लेखा, अमिट स्याही, ईवीएम मशीन, मॉकपोल आदि के विषय में प्रश्न पूछे। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघंन अनुश्रवण तथा निरीक्षण करें। उन्होने पूर्ण गुणवत्ता के साथ सभी चरणों का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्मिकों को सभी बिंदुओं की चेकलिस्ट बनवाते हुये सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी जाये तथा उनसे प्रश्न पूछ कर जांच भी की जाये जिससे निर्वाचन के दौरान कोई समस्या न आये। मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने निरीक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता के साथ पूर्ण करें। इसके उपरान्त परीक्षा का भी आयोजन किया जायेगा जिसका परिणाम सम्बन्धित कार्मिक की चरित्र पंजिका में दर्ज कराया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि वह 30 अप्रैल को अपराह्न 02:00 बजे से सेंट पॉल इण्टर कालेज में उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुये विभागीय कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर आदि उपस्थित रहे।



# समाजवादियों ने चुनाव में जीत हासिल करने के लिए दिया एकता पर बल

● सपा प्रत्याशी को समस्त समाज का वोट मिलेगा --जिला अध्यक्ष

संवाददाता। शाहजहांपुर



**समाजवादी** पार्टी के जिला कार्यालय पर स्थानीय निकाय चुनाव के प्रबंधन के संबंध में एक विशेष बैठक सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर निगम महापौर प्रत्याशी,नगर पालिका अध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षदों को जिताने की रणनीति बनाकर चर्चा हुई सपा के जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि शाहजहांपुर में सपा प्रत्याशी माला राठौर समस्त समाज का वोट लेकर ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगी। जनपद शाहजहांपुर में भी सपा की बड़ी संख्या में जीत होगी। कहा कि कुछ स्वार्थी लोग जान बूझकर मुस्लिम समाज के वोटों को बहका कर भाजपा को जिताने का काम कर रहे हैं जबकि सपा प्रत्याशी माला राठौर के पास हर वर्ग हर समाज का वोट है इसलिए उनकी जीत निश्चित है। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि विरोधी पार्टियां कितनी भी साजिश कर लें, माला राठौर ही महापौर पद के लिए भारी मतों से जीतेंगी। पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा के लोग सपा पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकें कि उनकी जमीन कितनी खिसक चुकी है। कहा कि सपा के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एकजुट हैं, सभी लोग मिलकर माला राठौर को जिताएंगे! पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने कहा कि शाहजहांपुर महानगर में सपा महापौर पद की प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दूंगा। भाजपा कितना भी कर ले लेकिन सपा के लोगों का मनोबल टूटने वाला नहीं! इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव उपेंद्र पाल सिंह, श्याम लाल यादव, रामकुमार भोजवाल, विकास चंद्र, संजीव वर्मा, विजय सिंह, सैयद रिजवान अहमद, सर्वेश कुमार राठौर, अजीम अंसारी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर महापौर प्रत्याशी माला राठौर, सर्वेश राठौर, अजफर अली खान, राजेश कश्यप, सत्यम राठौर,ओंकार सिंह, अजीम अंसारी, लल्ला सिंह यादव, अमित वर्मा,राजपाल एडवोकेट, सैयद शकील मियां आदि मौजूद रहे।

# ओवैसी ने पार्टी प्रत्याशी शमीना के लिए मांगे वोट

● सपा-बसपा बहकाकर लेती है अल्पसंख्यकों के वोट

● केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का किया बखान

संवाददाता। सीतापुर

**नगर** निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है। अपनी-अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के समर्थन में छोटी बड़ी जनसभाएं कर मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए दिन रात एक किए हुए है। नगर पंचायत पैतेंपुर में एआईएमआईएम के नेता ने अपनी पार्टी प्रत्याशी और भाजपा नेता ने निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में बैठके की और पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील की। एआईएमआईएम से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी शमीना के पति डॉ जियाउद्दीन अंसारी द्वारा बुलाई गई बैठक में लखनऊ से पहुंचे पवन अम्बेडकर ने कहा कि यह चुनाव नगर पंचायत के अध्यक्ष का है। इसमें जो विजयी होगा वह आपके बीच में रहेगा। एआईएमआईएम की प्रत्याशी शमीना को जिताएं उन्होने कहा जब चुनाव आता है तो अल्पसंख्यकों का वोट सपा-भाजपा का डर दिखाकर ले लेती है। बसपा भी इससे पीछे नहीं रहती लेकिन एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी किसी भी वर्ग से भेदभाव नहीं करते सभी को साथ लेकर चलते है। पार्टी का मकसद दबे कुचले हर वर्ग के लोगो का उद्धार करना है। उन्होने कहा डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के संविधान को बचाना है। सभी लोग पार्टी की प्रत्याशी शमीना को जिताएं। इस मौके पर डॉ मोहम्मद जमाल अंसारी, अमीरुल खान, इरफान खान सहित तमाम कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता डॉ अम्मार रिजवी ने पूर्व चेयरमैन उरुज आलम की पत्नी जैनब जहां के लिए वोट मांगा। डॉ0 अम्मार रिजवी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। भाजपा की सरकार में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों का कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वह चाहे प्रधानमंत्री आवास हो या नि:शुल्क राशन वितरण, या फिर वृद्धावस्था या फिर निराश्रित महिला पेंशन योजना। उन्होने कहा पिछले पांच वर्ष में नगर पंचायत पैतेंपुर में विकास कार्य नहीं हुआ है। प्रतिनिधि ऐसा चुनना चाहिए जिसके साथ सत्ता पक्ष हो। वरिष्ठ नेता ने कहा अगर जैनब जहां चेयरमैन बनती है तो हम वादा करते है कि पैतेंपर का विकास कराएंगें। जो भी अधूरे काम है उन्हे पूर्ण कराया जाएगा। बताते चलें कि नगर पंचायत पैतेपुर में पूर्व चेयरमैन उरुज आलम की पत्नी जैनब जहां को भाजपा ने अपनी पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया था। लेकिन जैनब जहां ने अपना नामाकंन पत्र निर्दलीय उम्मीद्वार के रुप में जमा किया है। इस मौके पर इरफान मंसूरी, मुन्ना, पप्पू खान, जहीर हसन अंसारी, सफीक खान, आरिफखान, अहमद अंसारी सहित कई समर्थक मौजूद रहे।

# रीजेन्सी पब्लिक स्कूल में संभाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**छात्राओं** की शास्त्रीय एंव पाश्चात्य नृत्य की प्रस्तुति ने चार चांद लगाए तो आरकेस्ट्रा के छात्रों ने अभिभावकों को खड़े होकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मौका था रिजेन्सी पब्लिक स्कूल रसौरा में निर्धारित प्रतियोगिताओं का शनिवार को प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के क्रम मे जूनियर वर्ग की मेधा अंतर सदन हिंदी संभाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई। सर्वश्रेष्ठ वक्ता के लिए सिंधुजा सिंह, श्रेष्ठ संचालन के लिए आराध्या शुक्ला, इशानवी शुक्ला, प्रतिष्ठा बाजपेई को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता वर्ग अ कक्षा 6 के प्रतिभागियों के लिए वर्ग ब कक्षा 7 एंव वर्ग स कक्षा 8 के प्रतिभागियों के मध्य संपन्न हुई। प्रतियोगिता में 24 छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व तर्क रखे। वर्ग अ से वाणी टंडन प्रथम, आर्यन यादव द्वितीय, सदन की प्रतिभागी अनन्या सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला। विश्वास वर्मा को सात्वंना पुरस्कार दिया गया। वर्ग ब में सिंधुजा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अमिका मिश्रा द्वितीय ,आयुष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। व्याख्या शुक्ला को सात्वंना पुरस्कार दिया गया। वर्ग स मे अर्चिता राजवंशी प्रथम, भूमिका गुप्ता द्वितीय, हर्षिता वर्मा तृतीय स्थान पर रही। अथर्व भरद्वाज को सात्वंना पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 सुरेन्द्र विक्रम ने विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी प्रदान की। कहा कि अंग्रेजी माध्यम का स्कूल होते हुए भी रिजेन्सी के छात्रों की राष्ट्रभाषा हिंदी में भी उतनी ही अच्छी प्रस्तुति है जो प्रशंसनीय है। रेजन्सी शैक्षिक समूह के निदेशक, आर जैदी ने छात्रो को प्रेरणा देते हुए कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है एंव विश्व की प्रतिष्ठित भाषा के पद पर आसीन है। प्रधानाचार्या राशिदा जैदी कार्यक्रम समन्वयक जेहनी रिजवी, स्नेहा, सहित विजयी प्रतिभागी मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कसेगा शिकंजा

● घुमावदार, ब्लाइंड स्पॉट से सौ मीटर पूर्व लगाए साइनेज : डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शनिवार** को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया। बैठक में जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन किए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई। कहा कि मानव जीवन अनमोल है, उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर यातायात नियमों का पालन करने की अपील आम नागरिकों से की, जिससे वाहन दुर्घटना में कमी लायी जा सके। जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। डीएम ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को अवैध स्कूली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव ने बताया कि जिले में 68 ब्लैक स्पॉट (48 पी डब्ल्यू डी मार्ग, 20 एनएच/ एनएचआई मार्ग) चिन्हित है। पीडब्ल्यूडी के चयनित ब्लैक स्पॉट वाले सभी मार्गों पर अस्थाई सुधार कार्य कराया जा चुका है। वही 05 ब्लैक स्पॉट पर स्थाई सुधार की शासन से स्वीकृति मिली। निविदा कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डीएम ने निर्देश दिए कि बरसात से पूर्व प्रयास करते हुए यथासंभव कार्य को पूर्ण करा लिया जाए। एनएच एवं एनएचआई के कई मार्गों पर अपग्रेडेशन से कई ब्लैक स्पॉट स्वत समाप्त हो गए हैं। अतरिया रेलवे क्रॉसिंग पर एनएचआई ने कार्यवाही पूर्ण नहीं की। जिस पर डीएम ने अप्रसन्नता जताई, इस कार्य को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# भाजपा का मेयर बना तो बरेली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे



संवाददाता। बरेली

**पीडब्ल्यूडी** मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि नगर निगम में भाजपा का मेयर दोबारा बना तो बरेली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के पास महानगरों के विकास के लिए बेहतरीन योजनाएं हैं। उनको जमीन पर जल्द ही लागू किया जाएगा। महापौर प्रत्याशी डॉ उमेश गौतम के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि निकाय चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। लोकसभा चुनाव से पहले का सेमीफाइनल है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की लहर है। सभी महानगरों में भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही है। बरेली के चुनाव में भाजपा की जीत ऐतिहासिक होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद संतोष गंगवार ने जनता से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। उद्घाटन अवसर पर विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, एमएलसी महाराज सिंह, महानगर अध्यक्ष डॉ के एम अरोड़ा, डॉ अनिल शर्मा विमल भारद्वाज डॉ विनोद पागरानी नीलम जेठा समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिलाधिकारी की नवीन पहल

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** की नवीन पहल के दृष्टिगत प्रथम बार क्रमशः जनपद के एमओआईसी व सीडीपीओ बने एक दिन की आशा व आंगनबाड़ी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर क्षमता संवर्धन व जमीनी जुड़ाव को परखने हेतु शीर्ष पर बैठे अधिकारियों को जमीनी हकीकत जानने हेतु जनपद के समस्त एमओआईसी व सीडीपीओ को 1 दिन की आशा व आंगनबाड़ी बनाते हुए उन्हें क्षेत्र पर आशा व आंगनबाड़ी के अनुरूप पूरे दिन उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यो तथा परेशानियों को भांपने हेतु सभी ने अपने-अपने निर्धारित किये गये क्षेत्र में भ्रमण किया तथा उनके द्वारा करे जाने वाले कार्यों को भी करते हुए जमीनी हकीकत परखी। आज जिलाधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम

## एमओआईसी व सीडीपीओ बने एक दिन के लिए आशा व आंगनबाड़ी

में समस्त एमओआईसी को वीएचएनडी सत्र पर ड्यू लिस्ट तैयार करते हुए संबंधित सभी लाभार्थियों को बुलाकर वीएचएनडी सत्र पर लाभान्वित कराया गया, साथ ही साथ दस्तक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक एमओआईसी द्वारा 20 घरों का भ्रमण किया गया, जिसमें आशा द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों को एमओआईसी द्वारा संपादन किया गया। इस दौरान समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा वीएचएनडी सत्र पर पहुंचकर आने वाले शिशुओं का वजन कराया गया तथा उनका वृद्धि चार्ट भी बनाया गया। समस्त एमओआईसी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सत्र पर प्रातः 9:00 बजे पहुंचकर एक दिन की आशा एवं एक दिन की आंगनबाड़ी के रूप में कार्य संपादित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा भी स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें उनके द्वारा आकस्मिक रूप से अकबरपुर तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड सरवनखेड़ा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कुन्दनपुर में चल रहे वीएचएनडी सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सरवनखेड़ा स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी विशाल दिवाकर से आशा के भ्रमण का जायजा लिया गया एवं भ्रमण में क्या-क्या समस्या सम्बन्धित आशा द्वारा पायी जाती है उसको भी पूछा जिसमें सम्बन्धित द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जनता द्वारा वांछित सहयोग दिया जाता है एवं कुछ परिवारों को कतिपय छोड़कर अन्य सभी परिवारों को शासन द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी है तथा वह उसका लाभ भी लेते है। निरीक्षण के दौरान एक परिवार ऐसा पाया गया जिसमें प्रसूताओं का प्रसव घर में ही कराया जाता है। जिनको सम्बन्धित एमओआईसी द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत प्रसव हमेशा पास के सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ही कराये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उक्त कार्य के परिणामों के आंकलन हेतु आज सायं समस्त एमओआईसी/सीडीपीओ (एक दिन की आशा व आंगनगाबाड़ी) द्वारा किये गये कार्यों तथा प्राप्त परिणामों के आंकलन हेतु बैठक भी बुलायी है।

## डीएम ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का लिया जायजा

**कानपुर देहात।** जनपद में चल रहे जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा का जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा फतेहपुर रोशनाई इंटर कॉलेज रनिया में पहुंचकर जायजा लिया, इस मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक विनोद मिश्रा द्वारा बताया गया कि आज यहां पर जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा चल रही है, जिसमें 441 बच्चों का पंजीकरण है, जिसमें 403 बच्चे परीक्षा दे रहे हैं तथा 38 बच्चे अनुपस्थित हैं, उन्होंने बताया कि यह परीक्षा यहां पर 19 कक्षाओं में संपन्न कराई जा रही है, वहीं जिलाधिकारी ने प्रत्येक कक्षा में पहुंचकर बच्चों से वार्ता की तथा परीक्षा अच्छे से करने हेतु प्रेरित किया तथा उपस्थित शिक्षकों को परीक्षा सकुशल एवं नकल विहीन संपन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

# जिलाधिकारी ने रनियां प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** शिक्षा में सुधार हेतु जिलाधिकारी द्वारा लगातार जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है, इसी उद्देश्य के चलते आज जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा नगर पंचायत रनिया, अकबरपुर तहसील क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रनिया एवं प्राथमिक विद्यालय रनिया प्रथम का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय में आज कुल 411 पंजीकरण छात्रों के तहत 253 छात्र छात्राएं उपस्थित मिले, इस पर जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पाए जाने पर प्रधानाध्यापक पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु निर्देशित किया, वही कक्षा 6 की छात्रा मुन्नी देवी द्वारा अंग्रेजी विषय की पुस्तक पढ़ी जिसका जिलाधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई, वही विद्यालय में साफ सफाई कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा नियमित विद्यालय में साफ सफाई कराए जाने हेतु निर्देशित किया,

## ● डीएम ने छात्रों के कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी

प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि विद्यालय में बाउंड्रीवॉल ना होने से यहां पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित नगर पंचायत रनिया अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि इसमें बाउंड्रीवॉल शीघ्र बनाई जाए, जिलाधिकारी ने विद्यालय में स्मार्ट क्लास के संचालन हेतु निर्देश दिए तथा विद्यालय में प्रकाश की व्यवस्था कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विद्यालय में प्रकाश हेतु उचित प्रबंध किए जाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना हो। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने वहीं पर संचालित आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां पर आंगनवाड़ी सहायिका सुनीता एवं मुन्नी देवी द्वारा बताया गया कि यहां पर 60 बच्चों का पंजीकरण है, जिसमें आज 13 बच्चे उपस्थित हैं, इस पर जिलाधिकारी ने कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की तथा बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत हेतु निर्देशित किया। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर आरबीएसके की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं दांतो का भी परीक्षण ठीक प्रकार से किए जाने हेतु निर्देशित किया।

# विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**विवाहिता** ने पति से विवाद होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होनें पर परिजनों नें उसको नीचे उतारा और निजी चिकित्सक के पास लेकर गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया सालिग्राम निवासी 23 वर्षीय दिव्या अग्निहोत्री का विवाह बीते 3 साल पूर्व विवाह निखिल अग्निहोत्री से हुआ था। दिव्या का मायका तौसीपुर कन्नौज में है। शनिवार को मिली जानकारी के मुताबिक दिव्या और उसके पति के बीच दूध लेनें जानें को लेकर विवाद हुआ विवाद के वाद निखिल दूध लेनें चला गया। जिसके बाद दिव्या नें घर के कमरें में छत के कुंडे से दुपट्टे से फांसी लगा ली कुछ देर बाद ससुरालियों को



जानकारी हुई तो उन्होंने उसे नाला मछरटटा के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां दिव्या को मृत घोषित कर दिय गया।

सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार, सीओ सिटी प्रदीप सिंह, कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला, फिल्ड यूनिट की टीम मौके पर पंहुची। पुलिस ने जांच पड़ताल की जानकारी होनें पर मृतका दिव्या के पिता रमेश चंद्र निवासी तहसीपुर कन्नौज ने पुलिस को तहरीर दी।

## कोटरा के मतदाताओं की रायशुमारी में भाजपा कांग्रेस में बता रहे लड़ाई

**कोटरा ( जालौन )।** नगर पंचायत कोटरा में चुनावी संग्राम अब अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर होता जा रहा है। इस बीच कस्बे में जगह-जगह चुनावी चौपालों में नगरवासी चेयरमैन पद के प्रत्याशियों के बारे में खुलकर चर्चायें कर उनकी अच्छाईयों को भी गिनाते देखे जा रहे हैं। यही कारण है कि आम मतदाताओं के बीच में चल रही रायशुमारी में ज्यादातर लोगों का मानना है कि चुनावी संग्राम मुख्य रूप से भाजपा व कांग्रेस के बीच ही होने की संभावना जता रहे हैं। हालांकि नगर पंचायत कोटरा में अध्यक्ष पद के 8 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाने के लिये चुनावी अखाड़े में डटे हुये है। जिनका लगभग 7 हजार 615 मतदाता भाग्य का फैसला करेंगे। अब चूंकि चुनावी महासंग्राम अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर होता जा रहा है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बूथों का निरीक्षण कर प्रत्याशियों से की वार्ता

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**नगरीय** सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ने नगर पंचायत मोहम्मदाबाद के अति संवेदनशील प्लस बूथ रोहिला एवं नगर पंचायत खिमसेपुर के ?बूथों का निरीक्षण कर प्रत्याशियों से की वार्ता।

शांतिपूर्वक नगरीय सामान्य निर्वाचन 2023 सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन का सहयोग करेंए यदि किसी ने चुनाव में गड़बड़ीअराजक्ता फैलाने की कोशिश की तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। मर्यादित होकर चुनाव का प्रचार प्रसार किया जाए। किसी भी प्रकार का प्रलोभन देकरदबंगई से वोट मांगने की कतई कोशिश न की जाये यदि इस तरह की



शिकायत संज्ञान में आयी तो त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। सभी शस्त्र धारक अपने कृअपने शस्त्र जमा करा दे। चुनाव के दिन कोई भी प्रत्याशी वोटर को बूथ तक लाने ले जाने हेतु वाहन नहीं लगायेगा। सभी वोटर स्वयं एवं अपने वाहन से आयेंगे। सभी वोटर वोट डालने के बाद सीधे अपने घरों में जाकर शांति से रहेंगे। कोई भी वोटर बाहर नहीं घूमेगा और ना ही भीड़ का हिस्सा बनेगा। अन्यथा की दशा में कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा या वोट मांगने के नाम पर भोजनएपैसे या शराब आदि वितरित कर रहा कि दशा में पुलिस कार्यालय सम्पर्क नम्बर 7839856785 पर सूचना दें ताकि तत्काल कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम और नम्बर गोपनीय रखा जायेगा।

## क्विक न्यूज

### शासन ने एक माह के अन्दर मांगा जवाब, इमाम चौक का मामला गहराया

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के इमाम चौक 81 के चल रहे विवाद में दिन प्रतिदिन हो रहे आदेश तथा उनके निरस्तीकरण का दौर अपने चरम पर है। इस इमाम चौक का नेतृत्व करने वाली कमेटी के पावर शासन द्वारा खारिज होने के बाद दूसरी कमेटी गठित की गई थी जिसमें इमाम चौक का नेतृत्व दो हिस्सों में बट गया था। वहीं दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए न्यायालय तथा सुन्नी सेंट्रल वक्फबोर्ड मंत्रालय पहुंच एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाये हैं। वही अभी मौके पर संचालित कमेटी की शिकायत पर पूर्व कमेटी ने वक्फबोर्ड मंत्रालय द्वारा मौजूदा कमेटी के संचालन पर रोक लगवाई थी जिसके बाद संचालित कमेटी के अजहरुद्दीन ने वक्फबोर्ड के आदेश को न्यायालय में चुनौती दी तथा वादी के अधिवक्ता ने मंत्री द्वारा वक्फबोर्ड को अपने क्षेत्राधिकार से अलग हटकर फैसला देने की बात न्यायालय में बताई है, जिसके बाद उच्च न्यायालय ने वक्फ बोर्ड मंत्री द्वारा जारी आदेश को स्थगित कर दिया तथा प्रतिवादी पक्ष को चार हफ्तों के भीतर साक्ष्य देने की बात कही है।

### सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय में हुआ मेधावी छात्रों का सम्मान

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान के शैक्षणिक प्रकल्प सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल घोषणा एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने मेधावी छात्रों को पुरुस्कृत करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा अभिभावकों को बधाई दी। इस मौके पर जानकी कुण्ड के संत श्री सीता रमन जी महाराज ने भी छात्रों को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व विद्यालय के प्राचार्य मदन तिवारी ने समेकित परीक्षा परिणाम प्रस्तुत करते हुए गृह परीक्षा में विद्यालय के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर छात्रों तथा अभिभावकों को बधाई दी तथा कहा कि छात्रों की तथा शिक्षकों के अथक परिश्रम के साथ-साथ अभिभावकों की जागरूकता के कारण परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है।परीक्षा प्रभारी अशोक दीक्षित ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर चित्रकूट संकुल प्राचार्य के.के. बाजपेयी तथा विद्यालय के सचिव अशोक पांडे व कालका श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलाबाद रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हासिमपुर भेदपुर गांव निवासी उग्रसेन की 38 वर्षीय पत्नी रीता देवी किसी काम से रेलवे लाइन पार कर रही थी। तभी अचानक ट्रेन के आ जाने से रीता देवी उसकी चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना परिजनों को हुई तो मृतिका के घर मे कोहराम मच गया। वही घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान बूथों का किया निरीक्षण, संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट नेहा जैन ने आज अकबरपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत रनियां के अंतर्गत मतदान बूथों जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय रनियां, में बनाए गए मतदान केंद्र जिसमें केशव नगर वार्ड 3 के बूथ संख्या 7 के मतदान केंद्र 20, 21 एवं 22 तथा वार्ड 12 शिवाजी नगर, वार्ड नंबर 7 बूथ संख्या 10, 11, वार्ड 14, बजरंग नगर के बूथ संख्या 25, 26 का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान मतदान बूथ में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया, इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित तहसीलदार को निर्देशित किया कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुविधा हेतु संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरस्त रहे तथा निर्वाचन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। वहीं उन्होंने कहा कि मतदान बूथ पर पेंटिंग कराई जाए जिसमें मतदान बूथ संख्या, मतदान का नाम, वार्ड आदि लिखा जाए, जिससे कि मतदाताओं को जानकारी हो सके। मतदान के समय वेरीकैटिंग एवं बाउंड्रीवॉल, शौचालय रैम्प आदि ठीक प्रकार से तैयार की जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए। इस मौके पर तहसीलदार अकबरपुर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

### तहसील क्षेत्र की मेधावी प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**कोंच(जालौन)।** यूपी बोर्ड प्रयागराज द्वारा गत रोज घोषित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में तहसील क्षेत्र के सभी इंटर कॉलिजों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नगर के सूरज ज्ञान महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय परिसर में शनिवार को प्राचार्य डॉ वीरेंद्र बोहरे की अध्यक्षता में संयोजित किये गये समारोह में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन मुख्य अतिथि और डीआईओएस राजकुमार पंडित, सूरज ज्ञान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रबंधक अंकुर यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। अतिथियों ने माँ वीणादायिनी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर समारोह की शुरुआत की, तदुपरांत महाविद्यालय स्टॉफसदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण व बैज अलंकरण कर स्वागत सम्मान किया। छात्रा माधुरी राजावत, प्रांजुल यादव, समीक्षा आदि ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए विधायक मूलचंद्र निरंजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास का एक मात्र माध्यम है। शिक्षित होकर आज के बच्चे ही कल देश के भविष्य हैं। विधायक ने कहा कि सरकार भी रोजगार परक और कौशल युक्त शिक्षा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# निकाय चुनाव में चौरासी की एकजुटता किसे सिखायेगी सबक?

संवाददाता। उरई (जालौन)

## ● उरई के वार्ड नंबर 13 में मुकाबला दिलचस्प मोड़ पर पहुंचा

## ● भाजपा के दो विद्रोही प्रत्याशियों ने बिगाड़ी चुनावी गणित

**नगर** पालिका परिषद उरई की के वार्ड नंबर 13 में मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है यहां प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर न होकर भाजपा के कर्णधारों एवं चौरासी क्षेत्र के मतदाताओं के बीच देखा जा रहा है। यही वजह है कि कार्यकर्ताओं की अनदेखी का खामियाजा इस बार में वार्ड में भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। अब तक के चुनाव प्रचार से इस वार्ड में जो तस्वीर सामने आई है उसमें 84 क्षेत्र के मतदाताओं की सदर विधायक उरई के प्रति नाराजगी चर्चा का विषय बनी हुई है जिसमें कहा जा रहा है की वार्ड नंबर 13 से सभासद पद के प्रत्याशियों के पैनल में श्रीमती शर्मिला जगत नारायण और अनिल जाटव और महेश कुमार पार्टी के वफादार सिपाही रहे के नाम वार्ड संयोजक, प्रभारी एवं नगर अध्यक्ष द्वारा भेजे गए थे। इसके बाद भी प्रत्याशियों के चयन में पार्टी के कर्णधारों ने अपने वीटो का इस्तेमाल किया और स्काई लैब प्रत्याशी संदीप खटीक को टिकट थमा दिया प्रत्याशी चयन में वर्तमान सभासद कपिल चौहान, वरिष्ठ नेता रामबली सिंह चौहान, रम्मू महाराज, दिवाकर शास्त्री और नरेंद्र देव की भूमिका को भी नजरअंदाज किया गया जबकि पार्टी में यह आम चर्चा है कि वार्ड में खटीक समाज के मात्र 14 वोट हैं फिर पार्टी ने उसे क्यों टिकट थमा दिया यहां तक की वार्ड में भाजपा के तपे तपाए नेता कपिल चौहान के कद को छोटा करने की साजिश 84 क्षेत्र के मतदाताओं को रास नहीं आ रही है। यही वजह है आम मतदाता अभी अपने पत्ते नहीं खोल रहा है लेकिन इतना जरूर कहता पाया जा रहा है कि टिकट वितरण में मुख्य भूमिका का निर्वहन करने वालों ने चौरासी क्षेत्र के मतदाताओं की अवहेलना की है उसका खामियाजा संदीप खटीक को जरूर भुगतना पड़ सकता है।

## चोरों ने घर में धावा बोल लाखों के जेवरात व नगदी लूटी

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के ग्राम खंडेह में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक घर में धावा बोल सोने चांदी के जेवरातों समय हजारों की नगदी साफ कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम खंडेह निवासी रानी पत्नी राजेश ने पुलिस को बताया कि उसके परिवारीजन बाहर रहकर ईट भट्टे में मजदूरी करते हैं। कल वह अपनी नानी की तेहरवी में शामिल होने हमीरपुर अपनी पुत्री के साथ घर में ताला लगा कर गई हुई थी तभी अज्ञात चोर मौका देख उसके घर में घुस गए और उसके कमरों के दरवाजों में लगे ताले तोड़ अंदर रखें बक्से से सोने चांदी के जेवरातों समेत हजारों रुपये पार कर दिए।

# बागी प्रत्याशियों की सक्रियता से अन्य दलों में बढ़ी बेचैनी

संवाददाता। मौदहा(हमीरपुर)

**कस्बे** में चल रहे निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों से बागी हुए प्रत्याशियों का बढ़ता हुआ जनाधार देख सत्ताधारी पार्टी वह अन्य राजनीतिक दलों की बेचौनी बढ़ गई है जिसके चलते आज सत्ताधारी पार्टी ने अचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कस्बे के एक गेस्ट हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। निकाय चुनाव में बड़े राजनीतिक दलों के टिकट वितरण से नाराज पार्टी के बागी कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला करते हुए चुनाव मैदान पर कूद गए, जिस पर बड़े मान मंनौवल के बाद पार्टियों ने दबाव बनाकर कुछ बागियों के पर्चे तो वापस करवा दिए तो वही कुछ बागी प्रत्याशी चुनाव मैदान पर डटे हुए हैं और चुनाव चिन्ह वितरित होते ही जनता के बीच पहुंच अपनी पैठ बना रहे हैं तो उनके बढ़ते हुए जनाधार को देखते हुए राजनैतिक दलों की बेचौनियां बढ़ गई हैं। जिसके बाद सत्ताधारी पार्टी ने कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें मौजूद कस्बे के चंद लोगों की ही मौजूदगी रही और ग्रामीण क्षेत्रों से आए कार्यकर्ता की संख्या अधिक दिखाई दी और सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के लिए पड़ी कुर्सियां भी नहीं भर सकी तो वहीं घोषित प्रत्याशी व उनके समर्थकों द्वारा तरह तरह के दिये गए बयानों के बाद सामान्य रूप से आम जनता में आक्रोश दिखाई दे रहा है जो चर्चा का विषय है।

# चोर धावा बोलकर लाखों की नकदी, गहना ले उड़े, गांव में सनसनी

## कनासी गांव में बड़ी चोरी की घटना से ग्रामीणों में फैली दहशत

**कोंच( जालौन )।** दुस्साहसी चोरों ने कनासी गांव में एक घर में धावा बोल कर चालीस लाख के गहनों और नकदी पर हाथ साफ कर दिया और आराम से निकल गए। इस घटना से आसपास इलाकों में सनसनी मच गई और गांवों में लोग डरे हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस के अलावा आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। एसओजी सर्विलांस टीमों को चोरी का अनावरण करने के काम पर लगाया गया है, इसी के साथ साथ फील्ड यूनिट ने भी मौके से क्लू उठाए हैं।जानकारी के मुताबिक सर्किल के नदीगांव थाना क्षेत्र के गांव कनासी में बुधवार की रात गांव में प्राइवेट तौर पर चिकित्सक का काम करने वाले मुन्ना लाल पटेल पुत्र नाथूराम और उनकी पत्नी मकान के निचले हिस्से में बने कमरे और उनका बेटा श्यामजी जो बैंगलुरू में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है तथा पुत्रवधु ऊपर के कमरे में सो रहे थे। सुबह जब उनकी आंख खुली तो देखा कि कमरे की अलमारी खुली पड़ी है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। यह देखकर उनके होश उड़ गए। घर में रखी लाखों की नकदी तथा भारी मात्रा में जेवर जिसमें चार सोने की चेनें, पंद्रह अंगूठी जनाना और मर्दाना, एक बड़ा मंगलसूत्र, सोने की झुमकी, टॉक्स, बाला, लटकन, चार चूड़ियां सोने की, पंद्रह जोड़ी पायलें, दो चांदी की अंगूठी आदि सामान पर चोर हाथ साफ करके निकल गए थे। चोरी गए माल की कीमत लगभग चालीस लाख बताई जा रही है। सूचना पर एसएचओ नदीगांव उमाकांत ओझा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी ने भी मौका-ए-बारदात का बारीकी से निरीक्षण किया। हैरान करने वाली बात यह है कि घर में चोरों के घुसने के कोई निशान नहीं मिले हैं अलबत्ता पिछवाड़े का दरवाजा खुला पाया गया जो चोरों द्वारा बारदात को अंजाम देकर निकलने के लिए खोला गया होगा। आशंका यह भी जताई जा रही है कि एक या अधिक बदमाश दिन में ही घर के किसी अंधेरे हिस्से में छिप गए होंगे और आधी रात के आसपास पिछवाड़े का दरवाजा खोल कर साथियों को अंदर कर लिया होगा। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी बदमाश कैद हुए हैं जिसके मुताबिक वारदात को अंजाम देने वालों की संख्या चार पांच हो सकती है। बहरहाल, उक्त घटना पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। थाना प्रभारी उमाकांत ओझा का कहना है कि अभी एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, मामले की जांच की जा रही है। एएसपी असीम चौधरी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया और थाना पुलिस को जल्द घटना का अनावरण करने के निर्देश दिए।

### पुलिस प्रथम दृष्टता संदिग्ध मानकर चल रही

**कोंच।** कनासी गांव में बुधवार की रात हुई करीब चालीस लाख की चोरी की घटना को पुलिस प्रथम दृष्टया संदिग्ध तो मान ही रही है, वह इस बात को लेकर भी खासी हैरान है कि आखिरकार चोर घर में दाखिल कैसे हुए जबकि पूरा घर इस तरह से सेफहै कि बिना कुंडी तोड़े कोई उसमें दाखिल हो ही नहीं सकता है। पुलिस की छानबीन में गृहस्वामी भी इस यक्ष प्रश्न का कोई सटीक जबाव दे पाने की स्थिति में नहीं नजर आया सिवाय इसके कि हो सकता है चोरों में से एकाध दिन में ही किसी अंधेरी जगह में छिप कर बैठ गया हो और आधी रात के आसपास उसने पिछवाड़े का दरवाजा खोल कर अपने अन्य साथियों को अंदर दाखिल कर लिया हो। बहरहाल, इस पूरे मामले का अनावरण करने के लिए एसओजी और सर्विलांस टीमों को लगाया गया है और सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी इसकी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पुलिस कप्तान डॉ. ईराज राजा ने भी अधीनस्थों को शीघ्र खुलासे के कड़े निर्देश दिए हैं।

# पेज एक का शेष

## कांग्रेस ने...

एक बार फिर मुझे अपशब्द कहना शुरू कर दिया है। बीदर जिले के हुमनाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, किसी ने मेरे खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे इस तरह के अपशब्दों की सूची बनाई और मुझे भेजा। अभी तक कांग्रेस के लोग 91 बार अलग-अलग तरह से मुझे अपशब्द कह चुके हैं। अगर कांग्रेस ने अपशब्दों के इस शब्दकोष पर समय व्यर्थ करने के बजाय सुशासन और अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने पर ध्यान दिया होता, तो उसकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री मोदी की तुलना जहरीले सांप से की थी। हालांकि, विवाद पैदा होने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री के खिलाफ नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ थी। मोदी ने कहा कि गरीबों और देश के लिए काम करने वालों का अपमान करना कांग्रेस का इतिहास रहा है। मैं इकलौता नहीं हूं, जिस पर इस तरह का हमला किया गया है। पिछले चुनाव में उन्होंने चौकीदार चोर है अभियान चलाया था, फिर उन्होंने कहा मोदी चोर है, फिर उन्होंने कहा ओबीसी समुदाय चोर है और अब कर्नाटक में चुनाव प्रचार शुरू होते ही उन्होंने मेरे लिंगायत भाइयों और बहनों को चोर बताने की हिमाकत दिखाई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता कान खोलकर सुनें, जब भी आपने किसी को अपशब्द कहे हैं, उन्होंने (मतदाताओं ने) आपको इस तरह से दंड दिया है कि आप उसे सहन नहीं कर पाए। इस बार कर्नाटक के लोगों ने अपशब्दों और उनके गौरव को पहुंचाई गई क्षति का वोटों के जरिए जवाब देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर ने एक बार खुद कहा था कि कांग्रेस ने बार-बार उन्हें अपशब्द कहे। कांग्रेस ने बाबासाहेब आंबेडकर को राक्षस, राष्ट्रद्रोही, दगाबाज दोस्त कहा था... आप सुनकर हैरान रह जाएंगे। आज भी हम देखते हैं कि कांग्रेस कैसे वीर सावरकर को अपशब्द कहती है। कांग्रेस ने इस देश के दिग्गज नेताओं को अपशब्द कहे हैं। बाद में बेलगावी जिले के कुडची में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने नया नारा इ बारिया निरधारा, बहुमतदा बीजेपी सरकारा (इस बार का निर्णय, बहुमत की भाजपा सरकार) दिया और विश्वास जताया कि पूर्ण बहुमत हासिल करके पार्टी सत्ता बरकरार रखेगी। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने विजयपुरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस नेता सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

## अपनी व्यथा...

और राज्य के हित में नहीं होता, नेता भूल जाते हैं कि लोग ही उन्हें नेता बनाते हैं और सरकारें केवल सत्ता हथियाने और पैसा बनाने के लिए बनती हैं। वाद्रा ने आरोप लगाया, ठेकेदार आत्महत्या कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधन और ठेकेदार संघ प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के बारे में पत्र लिखते हैं, लेकिन कुछ नहीं होता। इतना भ्रष्टाचार है कि एक विधायक के बेटे को 8 करोड़ रुपए नकद के साथ पकड़ा जाता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

## मुख्तार को...

बाद जेल भेज दिया गया है। उत्तर प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि आपराधिक माफिया आईएस (इंटर स्टेट)-191 गिरोह के सरगना मुख्तार अंसारी व उसके सह अभियुक्तों के विरुद्ध विचाराधीन अभियोगों में मुख्तार अंसारी, उसके भाई सह अभियुक्त अफजाल अंसारी तथा अन्य सदस्यों के विरुद्ध लंबित लगभग 60 मामलों में 20 अभियोगों की विभिन्न अदालतों में सुनवाई चल रही है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में गाजीपुर जिले में सांसद-विधायक अदालत ने शनिवार को दोनों को सजा सुनाई। गौरतलब है कि 29 नवंबर, 2005 को गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन विधायक कृष्णानंद राय की अंधाधुंध गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में राय के सुरक्षाकर्मी सहित सात लोग मारे गए थे। अफजाल अंसारी को सजा सुनाए जाने के बाद उनकी संसद सदस्यता भी समाप्त हो सकती है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम कहता है फौजदारी मामले में कि दो साल या उससे अधिक की सजा पाने वाले किसी भी व्यक्ति को ऐसी सजा की तारीख से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और जेल में समय बिताने के बाद छह साल के लिए अयोग्यता बरकरार रहेगी।

## मन की...

कहा गया कि कार्यक्रम सरकार और नागरिकों द्वारा प्राथमिकता वाले क्षेत्र में उठाए गए कदमों को रेखांकित करता है और श्रोताओं को इस बदलाव की पहल में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करता है, ताकि वे अपने समुदाय के लोगों और देश की जिंदगी में सतत बदलाव के लिए पहल कर सकें।

## केजरीवाल आवास...

अनियमितताओं पर केंद्रित रिपोर्ट का हवाला दिया गया था। दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को जारी आदेश के मुताबिक, उपराज्यपाल ने कई मीडिया रिपोर्ट और इस मुद्दे की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए इच्छा जताई है कि इस मामले में सभी प्रासंगिक रिकॉर्ड तुरंत सुरक्षित किए जाएं और इन्हें सुरक्षा के लिहाज से कब्जे में ले लिया जाए। रिकॉर्ड की जांच के बाद, एक तथ्यात्मक रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर उपराज्यपाल के अवलोकन के लिए प्रस्तुत किया जाए। संजय सिंह और राघव चड्ढा सहित कई आप नेताओं ने प्रधानमंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के आवासों पर खर्च का हवाला देते हुए केजरीवाल का बचाव किया है। सूत्रों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के मुताबिक, दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण के लिए स्वीकृत 43.70 करोड़ रुपए के सापेक्ष कुल 44.78 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। यह राशि सितंबर 2020 से जून 2022 के बीच खर्च की गई।

## तोपखाना रेजीमेंट...

जिसके अंतर्गत 280 यूनिट हैं जो बोफोर्स हेवित्जर, धनुष, एम-777 हेवित्जर और के-9 वज्र तोप सहित विभिन्न तरह के तोपों का परिचालन करती है। सूत्रों ने बताया कि इन युवा महिला अधिकारियों को सभी अहम तोपखाना यूनिट में तैनाती दी जा रही है ताकि उन्हें रॉकेट, फिल्ड ऐंड सर्विलांस ऐंड टारगेट ऐक्वजिशन (एसएटीए) प्रणालियों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि लेफ्टिनेंट को एसएटीए रेजीमेंट में, लेफ्टिनेंट दुबे और लेफ्टिनेंट यादव को फिल्ड रेजीमेंट में, लेफ्टिनेंट मुद्गिल को मीडियम रेजीमेंट में और लेफ्टिनेंट अकांक्षा को रॉकेट रेजीमेंट में तैनाती दी गई है। एक सूत्र ने बताया कि तोपखाना रेजीमेंट में महिला अधिकारियों की तैनाती भारतीय सेना में चल रहे परिवर्तन का प्रमाण है। जनवरी में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने तोपखाना इकाइयों में महिला अधिकारियों को शामिल करने की घोषणा की थी। बाद में सरकार ने भी इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी थी। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को ओटीए में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद 19 पुरुष अधिकारियों को भी तोपाखाना रेजीमेंट में कमीशन दिया गया है।

## गलवान में...

परिस्थितियों में बेजोड़ साहस और देशभक्ति का प्रदर्शन किया और राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। सेना ने ट्वीट किया, शहीद नायक (नर्सिंग सहायक) दीपक सिंह की पत्नी महिला कैडेट रेखा सिंह ओटीए से अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भारतीय सेना में शामिल हुईं।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 30 अप्रैल, 2023



# चीन के साथ भारत के संबंध असामान्य : जयशंकर

● सीमा प्रबंधन समझौतों के उल्लंघन के कारण ऐसा हुआ

**भाषा।** सांतो डोमिंगो



**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने कहा कि भारत यह सुनिश्चित करना चाहता है कि विशिष्टता की मांग किए बिना सभी देशों के साथ उसके संबंध बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि हालांकि, चीन द्वारा सीमा प्रबंधन समझौतों का उल्लंघन किए जाने के परिणामस्वरूप बीजिंग के साथ भारत के असामान्य प्रकृति के संबंधों के कारण वह एक अलग श्रेणी में आता है।

डॉमिनिक गणराज्य की पहली आधिकारिक यात्रा पर सांतो डोमिंगो पहुंचे जयशंकर ने शुक्रवार को डिप्लोमैटिक स्कूल के युवाओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत ने क्षेत्र में कनेक्टिविटी, संपर्क और सहयोग में नाटकीय विस्तार देखा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के कारण इसका अपवाद रहेगा। जयशंकर ने कहा, चाहे अमेरिका, यूरोप, रूस या जापान हो, हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि ए सभी संबंध बिना विशिष्टता की मांग किए बढ़ें। चीन हालांकि, सीमा विवाद और हमारे संबंधों की असामान्य प्रकृति के कारण अलग श्रेणी में आता है। यह उसके द्वारा सीमा प्रबंधन के संबंध में समझौतों के उल्लंघन का नतीजा है। गौरतलब है कि भारत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती और उसके आक्रामक रवैए की आलोचना करता रहा है। विदेश मंत्री ने कहा, भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकताएं जाहिर तौर पर उसके पड़ोस में हैं। उसके आकार और आर्थिक शक्ति को देखते हुए यह सामूहिक लाभ की बात है कि भारत छोटे पड़ोसी देशों के साथ सहयोग के लिए उदार और गैर-पारस्परिक रवैए को अपनाता है और हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में यही किया है। भारत ने क्षेत्र में कनेक्टिविटी, संपर्क और सहयोग में नाटकीय विस्तार देखा है। इसमें सीमा पार आतंकवाद के कारण जाहिर तौर पर पाकिस्तान एक अपवाद है। लेकिन चाहे कोविड-19 संबंधी चुनौती हो या हाल में कर्ज का अधिक दबाव हो, भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के लिए खड़ा हुआ है। विदेश मंत्री ने इस संदर्भ में श्रीलंका का हवाला दिया, जहां भारत ने दशकों में देश के सबसे बुरे आर्थिक दौर में उसे चार अरब डॉलर से अधिक की वित्तीय मदद दी है। कुल मिलाकर, भारत एक ऐसा देश है, जो वैश्विक भलाई के वास्ते सामूहिक समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मन की बात कार्यक्रम की सौवीं कड़ी का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सीधा प्रसारण होगा

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी का यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय मे सीधा प्रसारण किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र मे भारत के स्थाई मिशन ने ट्वीट किया, ऐतिहासिक क्षण के लिए तैयार हो जाइए। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के ट्रस्टीशिप काउंसिल चैंबर में 30 अप्रैल को सीधा प्रसारण किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम तीन अक्टूबर 2014 को शुरू हुआ था और यह हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होता है।

## शांति के लिए पाकिस्तान के प्रयासों को कमजोरी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए: पाक सेना प्रमुख

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने शनिवार को कहा कि सशस्त्र बल देश की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम हैं और शांति के प्रयासों को कभी भी कमजोरी के संकेत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। मुनीर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद जिले में पाकिस्तान सैन्य अकादमी (पीएमए) काकुल में कैडेट की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र में तथा अपने पड़ोसियों के साथ शांति चाहता है। सेना प्रमुख ने कहा, शांति के लिए हमारे प्रयासों को कभी भी कमजोरी के संकेत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। सेना प्रमुख ने कहा, हमारे पास अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने की इच्छा और क्षमता है, और ऐसा किस तरह किया जाए, इससे अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल अगली पीढ़ियों के भविष्य को स्थिर, सुरक्षित करने के लिए किसी भी बलिदान से पीछे नहीं हटेंगे। मुनीर ने कहा, मैं पाकिस्तान के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि हम अपनी पवित्र मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान देने में कभी नहीं हिचकिचाएंगे। मुनीर की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब कुछ दिन पहले वरिष्ठ पत्रकार हामिद मीर ने एक टीवी शो में दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल क़मर जावेद बाजवा ने 2021 में 20-25 पत्रकारों के साथ एक बैठक में कहा था कि पाकिस्तानी सेना मुकाबला करने में सक्षम नहीं है। मीर के मुताबिक बैठक में बाजवा ने कहा था कि पाकिस्तान भारत के साथ युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है। जियो न्यूज के अनुसार जनरल मुनीर ने भारत की तुलना में पाकिस्तान के संसाधनों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कुरान की आयतों उल्लेख किया कि जीत के लिए संख्या पर्याप्त नहीं होती।

## अमेरिका : चार लोगों की हत्या के दोषी को 240 साल की जेल

**इंडियानापोलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के इंडियानापोलिस में चार लोगों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को 240 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। फरवरी 2020 में हुई घातक गोलीबारी की घटना में तीन युवकों-मार्सेल विल्स (20), ब्रेक्स्टन फोर्ड (21), जालन रॉबर्ट्स और एक युवती किमारी हंट (21) की मौत हो गई थी। इस मामले में लेसन वाटकिंस को हत्या और डकैती के परिणामस्वरूप गंभीर शारीरिक चोटें पहुंचाने के अपराध में मार्च में दोषी करार दिया गया था। मैरियन काउंटी के अभियोजक रेयान मियर्स ने समाचार विज्ञप्ति में कहा, 2020 में हुई इस घटना ने सभी को दहला दिया था। पिछले महीने वाटकिंस के साथ दोषी ठहराए गए कैमरन बैंक्स और डेसमंड बैंक को 220-220 साल की सजा सुनाई गई थी, जबकि एक चौथे आरोपी रॉड्रिएंस एंडरसन को पिछले अक्टूबर में लूट के चार मामलों में दोषी ठहराया गया था।

### अमेरिका के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी, तीन लोगों की मौत

**फिलाडेल्फिया (अमेरिका)।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया में शुक्रवार को गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोलीबारी किस वजह से की गई और इस घटना में कितने लोग शामिल थे। प्राधिकारियों ने बताया कि अधिकारियों को तीन लोगों के शव मिले। उनके नाम जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने बताया कि घायल पीड़ित को एक अज्ञात व्यक्ति ने अस्पताल पहुंचाया और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस को घटनास्थल पर एक बंदूक मिली है, लेकिन उसने यह नहीं बताया कि क्या इसी बंदूक से गोलीबारी की गई थी। प्राधिकारियों ने बताया कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### अफगान महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने से रोकने की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अफगान महिलाओं के अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने पर प्रतिबंध लगाने के तालिबान के फैसले की सर्वसम्मति से निंदा की है। सुरक्षा परिषद ने उन नीतियों को तत्काल पलटने का आह्वान किया, जो अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों को उनके मानवाधिकारों का प्रयोग करने से रोकती हैं। रूस की वर्तमान अध्यक्षता में 15 देशों की परिषद ने बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों की पूर्ण, समान, सार्थक और सुरक्षित भागीदारी का भी आह्वान किया गया है।

### इजराइल ने सीरिया के होम्स प्रांत में हवाई हमले किए

**बेरूत।** सीरिया के होम्स प्रांत में संदिग्ध रूप से इजराइल ने शनिवार तड़के हवाई हमले किए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि देश के वायु रक्षा बलों ने होम्स में इजराइल की कुछ मिसाइलों को मार गिराया। अभी इन हमलों में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। सरकार समर्थक शम एफएम रेडियो ने बताया कि हमलों के परिणामस्वरूप होम्स के दक्षिणी हिस्से में आग लग गई और इलाके से एक के बाद एक लगातार विस्फोट की आवाज आई। युद्ध पर निगरानी रखने वाली ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमैन राइट्स ने कहा कि इजराइली मिसाइलों ने होम्स के बाहरी इलाकों में एक सैन्य हवाई अड्डे पर लेबनान के आतंकवादी समूह हिज्बुल्लाह के एक गोला बारूद डिपो को नष्ट कर दिया।

## आंतरिक कारणों को लेकर नेपाल के पीएम प्रचंड की भारत यात्रा जून तक टली



**भाषा।** काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की प्रस्तावित भारत यात्रा आंतरिक कारणों की वजह से फिलहाल टाल दी गई है और जून से पहले उनकी प्रथम विदेश यात्रा होने की संभावना नहीं है। उनके शीर्ष सहयोगी ने यह जानकारी दी। यह दूसरा मौका है, जब आंतरिक कारणों को लेकर प्रचंड की भारत यात्रा टाल दी गई है। पिछले साल दिसंबर में तीसरी बार प्रधानमंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण करने के बाद उनकी यह पहली विदेश यात्रा होगी। प्रधानमंत्री प्रचंड के शीर्ष सहयोगी ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, नेपाल सरकार आगामी वित्त वर्ष के लिए मई के अंत में सालाना बजट प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है और प्रधानमंत्री की यात्रा उसके बाद ही होगी।

### प्रचंड ने नेपाल के स्वास्थ्य क्षेत्र के उन्नयन में चीन की सहायता का उल्लेख किया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने शनिवार को देश के स्वास्थ्य क्षेत्र के उन्नयन में सहायता और सहयोग के लिए चीन की सराहना की। काठमांडू के न्यू बानेश्वर में चीन-सहायता प्राप्त सिविल सेवा अस्पताल के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य के पूरा होने के समारोह को संबोधित करते हुए, प्रचंड ने उम्मीद जताई कि विस्तारित एवं उन्नत बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के साथ अस्पताल उन रोगियों को सुविधा प्रदान करने में सक्षम होगा जिन्हें बेहतर इलाज एवं सेवाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं इस अस्पताल और उन्नयन और पुनर्निर्माण की इस विशेष परियोजना का समर्थन करने के लिए चीन की सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की ओर इशारा करते हुए प्रचंड ने कहा, नेपाल और चीन मैत्रीपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सहकारी संबंधों का एक लंबा इतिहास संजोए हुए हैं।

## क्रीमिया के तेल भंडार केंद्र में ड्रोन टकराने से लगी आग : रूसी अधिकारी



**कीव।** क्रीमिया के एक तेल भंडार केंद्र में एक ड्रोन के टकरा जाने के बाद भीषण आग लग गई। रूस द्वारा तैनात किए गए एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेवस्तोपोल शहर में रूस द्वारा तैनात किए गए गवर्नर मिखाइल रजवोझाएव ने अपने टेलीग्राम अकाउंट पर आग लगने की वीडियो और तस्वीरें साझा कीं। रजवोझाएव ने कहा कि यह आग लगने की उन भीषण घटनाओं में शामिल है जिस पर काबू पाना काफी मुश्किल होगा। उन्होंने यह नहीं बताया कि जिस ड्रोन से आग लगी, वह यूक्रेनी था या नहीं। **रूस ने** शुक्रवार को तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव तथा आसपास के क्षेत्रों में 20 से अधिक क्रूज मिसाइल और दो ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकतर लोगों की जान मध्य यूक्रेन में एक आवासीय इमारत पर हुए दो मिसाइल हमलों में गई। लगभग दो महीने में पहली बार राजधानी के चारों ओर हवाई हमलों को लेकर आगाह करने वाले सायरन बजने लगे और यूक्रेन की वायु सेना ने कीव के ऊपर 11 क्रूज मिसाइल और दो ड्रोन को रोका। उमान में नौ मंजिला आवासीय इमारत पर हमला किया गया, जो कीव से लगभग 215 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। राजधानी क्षेत्र के गवर्नर इहोर ताबुरेत्स के मुताबिक इस हमले में तीन बच्चों समेत 17 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस के अनुसार, 17 लोग घायल हुए हैं और तीन बच्चों को मलबे से निकाला गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उन जगहों पर क्रूज मिसाइल दागी गईं जहां यूक्रेनी सैन्य रिजर्व इकाइयां युद्ध के मैदान में अपनी तैनाती से पहले ठहरी हुई थीं। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने कहा, हमले में लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा गया। सभी तयशुदा स्थानों को निशाना बनाया गया। किसी खास क्षेत्र या आवासीय इमारतों को निशाना बनाए जाने का उल्लेख नहीं किया। पूर्वी शहर निप्रो के गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि शहर में एक हमले में 31 वर्षीय महिला और उसकी दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। चार अन्य लोग घायल हुए हैं। ए हमले ऐसे वक्त किए गए हैं जब कुछ दिन पहले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने फोन पर लंबी और सार्थक बातचीत की।

## क्विक न्यूज

### एच-1बी वीजा प्रणाली में धोखाधड़ी के प्रयासों में वृद्धि हुई : यूएससीआईएस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्रत्यक वर्ष एच-1बी आवेदकों का सफलतापूर्वक चयन करने के लिए बनाई गई कम्प्यूटरीकृत प्रणाली का दुरुपयोग किया गया है और धोखाधड़ी के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई है। एक संघीय एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एच-1बी वीजा के तहत अमेरिकी नियोक्ताओं को विशेष व्यवसायों में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की अनुमति मिलती है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवाओं (यूएससीआईएस) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2024 में मिले सबूतों के आधार पर उसने धोखाधड़ी की व्यापक जांच की। यूएससीआईएस ने कहा कि वह आपराधिक मुकदमा चलाने की कार्यवाही शुरू करने की प्रक्रिया में है। उसने कहा, एच-1बी कार्यक्रम हमारे देश की आव्रजन प्रणाली तथा अर्थव्यवस्था का आवश्यक हिस्सा है तथा यूएससीआईएस कानून लागू करने तथा अमेरिकी श्रम बाजार की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एच-1बी के आधुनिकीकरण नियम पर काम कर रहे हैं जिससे एच-1बी पंजीकरण प्रणाली में धोखाधड़ी तथा उसके दुरुपयोग की आशंका कम करने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा। एच-1बी वीजा के खिलाफ अभियान चला रहे यूएस टेक वर्कर्स समूह ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से इस तरह की धोखाधड़ी के बारे में आगाह कर रहा है।

### दक्षिण अफ्रीका में कई हत्याओं के बाद ह्विसलब्लोअर की सुरक्षा की मांग

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में करोड़ों डॉलर के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले एक अकाउंटेंट व उनके बेटे की एक प्रमुख राजमार्ग पर अज्ञात बंदूकदधारियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद देश में ह्विसलब्लोअर की सुरक्षा की मांग तेज हो गई है। पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर की अवैध लेनदेन के प्रति आगाह करने वाले सरकारी स्वास्थ्य विभाग के उक्त कर्मचारी को सड़क पर 12 गोलियां मारी गई हैं। इस तरह के कई मामलों को उजागर करने वालों की हत्या के बाद भ्रष्टाचार रोधी समूह दक्षिण अफ्रीका के अधिकारियों से ह्विसलब्लोअरों की बेहतर सुरक्षा मुहैया कराने की मांग कर रहे हैं। द ग्लोबल इनिशिएटिव अगेंस्ट ट्रांसनेशनल ऑर्गेनाइज्ड क्राइम के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2000 से 2021 तक दक्षिण अफ्रीका में 1,971 ह्विसलब्लोअर की हत्या की गई है। विशेषज्ञ लेखाकार, 57 वर्षीय क्लोएट मुरे, एक कंपनी के वित्तीय खातों पर काम कर रहे थे, जो सरकारी मंत्रियों और अन्य लोगों को ठेके लेने के बदले कथित रूप से रिश्वत देने में शामिल थी। भ्रष्टाचार रोधी संगठन के कार्यकारी करम सिंह ने कहा, जनता का कानून प्रवर्तन एजेंसियों और नेताओं की इच्छाशक्ति के प्रति भरोसा निम्नतम स्तर पर है।

### सुल्तान अल-नेयादी अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाले पहले अरब नागरिक बने

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अंतरिक्ष यात्री सुल्तान अल-नेयादी अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाले पहले अरब नागरिक बन गए हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) से बाहर उनकी ऐतिहासिक चहलकदमी लगभग सात घंटे तक चली। अल-नेयादी ने नासा के फ्लाइट इंजीनियर स्टीफन बोवेन के साथ अंतरिक्ष में चहलकदमी की। इस दौरान, दोनों ने कई कार्यों को सफलतापूर्व अंजाम दिया, जिनमें पावर केबल को क्रमबद्ध करना भी शामिल था। चहलकदमी से पहले अल-नेयादी और बोवेन दो घंटे की ऑक्सीजन पर्जिंग की प्रक्रिया से गुजरे, जिसके तहत उनके शरीर में ऑक्सीजन गैस का प्रवाह किया गया और नाइट्रोजन गैस बाहर निकाली गई, ताकि शून्य गुरुत्वाकर्षण में उन्हें कोई खतरा न हो।

## सूडान में संघर्ष के बीच मृतक संख्या बढ़कर 400 से अधिक हुई



**भाषा।** खार्तूम

**सूडान के दो** शीर्ष जनरल के बीच संघर्षविराम होने के बावजूद देश की राजधानी खार्तूम के कुछ हिस्सों में शनिवार को गोलाबारी और भारी गोलाबारी जारी रही। यह जानकारी यहां के निवासियों ने दी। देश के दो जनरल के बीच सत्ता के लिए होने वाले संघर्ष में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और हजारों को अपना जीवन बचाने के लिए भागना पड़ा है। मृतकों की संख्या पर नजर रखने वाले सूडान डॉक्टर्स सिंडिकेट के मुताबिक, जान गंवाने वाले नागरिकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 411 हो गई। समूह ने कहा कि संघर्ष में अब तक 2,023 अन्य नागरिक घायल हुए हैं। संघर्षग्रस्त पश्चिमी दारफुर की प्रांतीय राजधानी जेनेना शहर में हिंसा में 89 लोग मारे गए हैं। जनरल अब्दुल-फतह बुरहान के नेतृत्व में सूडान की सेना और जनरल मोहम्मद हमदान डागलो के नेतृत्व में रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच सत्ता संघर्ष ने सूडान के लोकतांत्रिक देश बनने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। पूर्वी अफ्रीका के देशों के एक समूह ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत करने की पहल की है और मध्यस्थों का एक समूह योजना को बढ़ावा दे रहा है, जिसमें अफ्रीकी संघ, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और संयुक्त राष्ट्र शामिल हैं। अन्य देशों ने अपने राजनयिक कर्मचारियों और नागरिकों को निकालना जारी रखा हुआ है जबकि हजारों सूडानी सीमा पार भाग गए हैं। ब्रिटेन ने कहा कि वह अपनी निकासी उड़ानें शनिवार को बंद कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि 50,000 से अधिक शरणार्थी पश्चिमी सीमा पार करके चाड, मिस्र, दक्षिण सूडान और मध्य अफ्रीकी गणराज्य में चले गए हैं, जिससे व्यापक अस्थिरता की आशंका बढ़ गई है।

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोल्टन ने ताइवान से करीबी संबंधों का आह्वान किया

ताइपे। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने शनिवार को ताइवान की यात्रा के दौरान अपने देश तथा स्वशासित इस द्विपीय देश के बीच गहन संवाद का आह्वान किया। उनका यह बयान तब आया है जब चीन ने ताइवान में अपनी सैन्य आक्रामकता बढ़ा दी है। अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के संभावित उम्मीदवार बोल्टन ने ताइपे में ताइवान की स्वतंत्रता के समर्थन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा दलों को बीजिंग द्वारा की जाने वाली संभावित कार्वाइयों से निपटने की आकस्मिक योजनाएं बनानी चाहिए। और हमें चीन तथा रूस को यह बताना होगा कि अगर वे ताइवान के खिलाफ कदम उठाते हैं तो क्या परिणाम होंगे। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे बोल्टन ने बुधवार को ताइवान की सप्ताह भर की यात्रा शुरू की। यह यात्रा अमेरिका तथा चीन में

### उत्तर कोरिया ने बाइडन और अमेरिका-दक्षिण कोरिया के बीच हुए समझौते की निंदा की

**वाशिंगटन।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने कहा है कि उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों से निपटने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच हुए नए समझौते के जवाब में उनका देश अपनी सैन्य शक्ति का और अधिक प्रदर्शन करेगा।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of Axis Bank Ltd that **Mrs. Indu Sharma** intends to purchase & mortgage the **Flat No. 219, on Ground Floor, in Block- C-2C, & Pocket-2, situated at Pankha Road, Janakpuri, New Delhi**, with our client against the financial assistance. Whereas Mr. Naresh Kumar Mittal is the owners of above said property by way of Conveyance Deed dt. 18.08.2021, regd. on 26.08.2021 and after his death his legal heirs Mr. Sanjay Mittal, Mr. Sumit Kumar Mittal and Mr. Sushil Kumar Mittal **(as per SMC)** becomes the joint owners of said property. Now, Mr. Sanjay Mittal, Mr. Sumit Kumar Mittal and Mr. Sushil Kumar Mittal intends to sell the same to **Mrs. Indu Sharma.**

If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 10 days from the date of issue of this notice at below mentioned address. In the event no information is received within 10 days from date hereof, our Client i.e. **Axis Bank Ltd** will proceed with the mortgage process.

**DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE**
A-13, LGF, South Extn-II,
New Delhi-110049
# 011-40587824, 26262610, 11, 12

**सार्वजनिक सूचना**

श्री उमाशंकर पुत्र जोधा लाल, श्री वीरभान पुत्र उमाशंकर, श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र उमाशंकर, श्रीमती कृतिका उर्फ नंदनी पिता विश्वनाथ प्रताप सिंह और श्रीमती सीमा पत्नी महेंद्र सिंह सभी निवासी उत्तर प्रदेश-ने दस्तावेज़ सं. 4120, दिनांक 04/08/2005, दस्तावेज़ सं. 174 दिनांक 17/01/2011 और दस्तावेज़ सं. 1669, दिनांक 21/03/2006 के मूल बिक्री विलेख को खो दिया है और प्राथमिकी सं. 392821/2023, दिनांक 29/04/2023 को एफआईआर कर दिया है। यदि किसी को उपरोक्त विलेख मिलता है तो कृपया 7 दिनों के भीतर 9599183726 पर संपर्क करें (अधिवक्ता ललित कुमार कौशिक)
आर.के. लॉ कंसल्टेंट्स

# एआई के रोमांच और नैतिकता पर सवाल

● प्रौद्योगिकी को लेकर चार आवश्यक खतरे व चिंताएं भी

**भाषा।** मेलबर्न

**अगर आप मेरी तरह** हैं, तो आपने पिछले कई महीनों में काफी समय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) को जानने समझने में बिताया होगा।

हम जैसे प्रौद्योगिकी की कम समझ रखने वाले लोगों के लिए विस्तृत भाषा मॉडल, कार्य करने में संपन्न एआई और अल्गोरिदम आकलन बहुत कुछ है जिसके जरिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को समझने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन एआई के काम करने के तरीके पशोपेश का यह महज एक हिस्सा है। एक समाज के तौर पर हम इसके सामाजिक, मानसिक और नैतिक प्रभावों को लेकर चिंतित हैं। इस लेख में हम एआई क्रांति से उत्पन्न गहरे सवालों को रेखांकित करेंगे जो पक्षपात और असमानता, अध्ययन प्रक्रिया, नौकरियों पर प्रभाव और यहां तक कला की प्रक्रिया में सामने आएंगे। फिशर ने कहा कि इस तरह की अटकलें उन परिणामों की कल्पना करने की कोशिश कर रहे प्रौद्योगिकीविदों के लिए विशेष रूप से उपयोगी कौशल हैं जो उन्हें प्रभावित नहीं कर सकते हैं। हालांकि, उनका कहना है कि इससे हाशिए पर रह रहे समूहों को नुकसान हो सकता है जिनका प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने रेखांकित किया कि जब नैतिक कर्तव्य का सवाल आता है तो जिन लोगों को इसका भुगतान करना पड़ता है वे बिरले ही होते हैं जो अंत में इसके लिए भुगतान करते हैं। बोस्टन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाच्युसेट्स में एप्लाइड इथिक्स सेंटर के निदेशक नीर इसिकोविट्स कहते हैं कि एआई कार्यक्रमों की क्षमताएं यह आभास दे सकती हैं कि वे संवेदनशील हैं, लेकिन वे नहीं हैं। वह लिखते हैं, चैटजीपीटी और इसी तरह की प्रौद्योगिकी गूढ़ वाक्य पूर्ण एप्लिकेशन हैं न इससे ज्यादा और न इससे कम। लेकिन यह कहना कि एआई प्रबुद्ध नहीं है इसका मतलब यह नहीं है कि यह हानिरहित है। व्यक्तियों की अपनी समझ पर एआई के असर के अध्ययनकर्ता इसिकोविट्स ने कहा कि एंथ्रोपोमोर्फिज्म (गैर-मानवीय संस्थाओं के लिए मानवीय लक्षणों, भावनाओं या इरादों का गुण है)

### प्रौद्योगिकी आशावादी हैं जो निराशावादी की तरह सोचती

जब कंपनी बाजार में सॉफ्टवेयर लाती है तो यह प्रौद्योगिकी ऋण अर्जित करती है : जो प्रोग्राम के जारी होने के बाद उसमें वायरस की घुसपैठ को ठीक करने के बजाय पहले से ही ऐसी स्थिति उत्पन्न करने से रोकने की लागत है। एआई में इसके उदाहरण हैं क्योंकि कंपनियां एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए आगे बढ़ती हैं। हालांकि, अधिक चिंतित करने वाला इसका नैतिक पक्ष तब होता है जब विकास करने वाली टीम संभावित सामाजिक और नैतिक नुकसान पर विचार नहीं करती, जैसे कैसे एआई इंसानी नौकरियों का स्थान ले सकती है या जब अल्गोरिदम पक्षपातपूर्ण नतीजे दें। यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो, बोल्डर के नैतिक प्रौद्योगिकी मामलों की विशेषज्ञ केसी फिशर ने लिखा कि वह , एक प्रौद्योगिकी आशावादी है जो निराशावादी की तरह सोचती और तैयार करती है, लेकिन कोई है जो गलत हो सकता है, के बारे में अनुमान लगाने में समय लगाता है।



THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Ramfool S/o Late Shri** Ram Kishor R/o Argoopur Kalan Jaunpur Uttar Pradesh- 222101 do hereby Declare that I have changed my name from Foolchand to Ramfool for all future purpose.

PD(024)C

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित कुमार, सुमित कुमार, ए 43, ओम साई संत पुरा, गोविंदपुरी, मोदी नगर, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBMRT00003699042 | प्लॉट नंबर ए 44, खसरा नंबर 805/5, ओम साई संतपुरा, बिसोखर मोदी नगर, जलालाबाद, गाजियाबाद-201204 | 22-02-2023 रू. 16,58,848/- | 30-04-2023 |
| 2. | मनीष कुमार, कलावती, सूर्यमणि लालचंद, मकान नंबर 2/277, विवेक खंड-2, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBLUC00005642753 | मकान नंबर बी-1, सेक्टर-बी, गांधी नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 24-02-2023 रू. 37,39,463/- | 05-12-2022 |
| 3. | मोती लाल अग्रवाल, ममता अग्रवाल, 268/641/52, तिलक नगर, अवस्थी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ खाता नंबर :- LBLUC00002002267 | फ्लैट नंबर 1803, 18वां तल, टावर जीडीआई 22, गार्डन आइजल्स, विशटाउन नोएडा, सेक्टर-133, जेपी ग्रीन्स, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 24-02-2023 रू. 14,99,972/- | 21-12-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 29 अप्रैल, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर (गाजियाबाद, नोएडा)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# डबल इंजन की सरकार को चुने : शाह

**● कर्नाटक में भाजपा को वोट दें लोग**



**भाषा।** उडुपी (कर्नाटक)

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के लोगों को आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रिवर्स-गियर वाली सरकार के बजाय भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर राज्य में डबल इंजन की सरकार चुननी चाहिए।

शाह ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कि कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार कर्नाटक में पिछले चार वर्षों के दौरान 2,26,418 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाएं लेकर आई, जबकि पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने अपने शासन के दौरान राज्य को केवल 99,000 करोड़ रुपए प्रदान किए थे। उन्होंने कहा कि राज्य में समृद्धि, विकास और शांति सुनिश्चित करने के लिए भाजपा को सत्ता में लाना होगा। शाह ने लोगों से कहा कि वे कांग्रेस पर भरोसा न करें, जिन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए सत्ता में रहते हुए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया और उसके नेताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया। भाजपा की घोषित नीति चरमपंथी गतिविधियों को कतई सहन नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की है, जबकि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान समाज को विभाजित करने का प्रयास किया था। कांग्रेसका गारंटी कार्ड कर्नाटक में नहीं चलेगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस के अस्तित्व की गारंटी नहीं है। शासन के लिए उनके गारंटी कार्ड पर कौन भरोसा करेगा। भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति और परिवारवाद ही उनकी एकमात्र गारंटी है। लोगों ने चुनाव के दौरान असम, त्रिपुरा, मणिपुर और उत्तर प्रदेश में जारी कांग्रेस की गारंटी योजनाओं को खारिज कर दिया है और कर्नाटक के लोग भी ऐसा ही करेंगे। कर्नाटक में भाजपा सरकार ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को खत्म कर दिया और लिंगायत, वोक्कालिगा, ओबीसी और एससी, एसटी वर्गों के लिए कोटा बढ़ाया, क्योंकि पार्टी समानता में विश्वास करती है। यहां तक कि आंबेडकर भी धर्म के आधार पर आरक्षण के पक्ष में नहीं मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के 10 साल के संप्रग शासन की तुलना किसी भी तरह से मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के नौ साल के विकास कार्यों से नहीं की जा सकती।

## अडाणी-हिंडनबर्ग विवादः जांच की समयसीमा बढ़ाने के लिए सेबी ने न्यायालय में

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने अडाणी समूह द्वारा शेयरों की कीमत में हेराफेरी और नियामक प्रकटीकरण में चूक के आरोपों की जांच पूरी करने की समयसीमा बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। सेबी ने जांच की समयसीमा छह महीने बढ़ाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने दो मार्च को सेबी से कहा था कि वह दो महीने के भीतर मामले की जांच पूरी करे। इसके साथ ही न्यायालय ने भारतीय निवेशकों की सुरक्षा के लिए एक समिति का गठन भी किया था। अमेरिकी शॉर्टसेलर ने अपनी रिपोर्ट में अडाणी समूह पर हेराफेरी से शेयरों की कीमत बढ़ाने का आरोप लगाया था। समूह ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। न्यायालय के समक्ष दायर एक आवेदन में सेबी ने कहा, वित्तीय गलत बयानी, विनियमों की धोखाधड़ी और । या लेनदेन की धोखाधड़ी से संबंधित संभावित उल्लंघनों का पता लगाने की कार्वाई को पूरा करने में छह और महीने लगेंगे।

# दिवंगत आईएएस कृष्णैया की पत्नी सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर



**● पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया**

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिहार के** पूर्व सांसद आनंद मोहन के नेतृत्व वाली एक भीड़ द्वारा पीट-पीटकर मार डाले गए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी जी. कृष्णैया की पत्नी ने जेल से उनकी (आनंद मोहन की) समय पूर्व रिहाई को चुनौती देने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। बिहार की जेल नियमावली में संशोधन के बाद बृहस्पतिवार सुबह आनंद मोहन को सहरसा जेल से रिहा कर दिया गया। जी. कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया ने याचिका में दलील दी है कि गैंगस्टर से नेता बने आनंद मोहन को सुनाई गई उम्रकैद की सजा उनके पूरे जीवनकाल के लिए है और इसकी व्याख्या महज 14 वर्ष की कैद की सजा के रूप में नहीं की जा सकती। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में कहा, जब मृत्यु दंड की जगह उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है, तब उसकी सख्ती से पालन करना होता है, जैसा कि न्यायालय का निर्देश है और इसमें कटौती नहीं की जा सकती। आनंद मोहन का नाम उन 20 कैदियों में शामिल है, जिन्हें जेल से रिहा करने के लिए राज्य के कानून विभाग ने इस हफ्ते की शुरुआत में एक अधिसूचना जारी की थी क्योंकि वे जेल में 14 वर्षों से अधिक समय बिता चुके हैं। बिहार जेल नियमावली में राज्य की महागठबंधन सरकार द्वारा 10 अप्रैल को संशोधन किए जाने के बाद सजा घटा दी गई, जबकि ड्यूटी पर मौजूद लोकसेवक की हत्या में संलिप्त दोषियों की समय पूर्व रिहाई पर पहले पाबंदी थी। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना के रहने वाले जी. कृष्णैया की 1994 में एक भीड़ ने उस वक्त पीट-पीटकर हत्या कर दी, जब उनके वाहन ने मुजफ्फरपुर जिले में गैंगस्टर छोटन शुक्ला की शवयात्रा से आगे निकलने की कोशिश की थी। तत्कालीन विधायक आनंद मोहन शवयात्रा में शामिल थे।

### पुणे में भाजपा समर्थित पैनल ने 13 सीट जीती

**पुणे।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित एक पैनल ने पुणे कृषि उत्पाद बाजार समिति (एपीएमसी) चुनावों में शनिवार को 18 में 13 सीट पर जीत दर्ज की, जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सभी चार उम्मीदवारों ने बारामती एपीएमसी चुनावों में जीत हासिल की। एपीएमसी अपने क्षेत्र में कृषि उत्पाद के थोक व्यापार का संचालन करती है। पुणे एपीएमसी में चुनाव, 20 साल बाद शुक्रवार को हुए थे। भाजपा समर्थित अण्णासाहेब मगर शेतकरी विकास पैनल ने राकांपा समर्थित अण्णासाहेब मगर को-ऑपरेटिव पैनल के साथ मुकाबले में 13 सीट पर जीत हासिल की। बारामती एपीएमसी में राकांपा उम्मीदवारों ने सभी चार सीट जीत ली। चुनाव नतीजों के बारे में बात करते हुए राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने कहा कि किसानों और कृषि समितियों ने एक अच्छा फैसला दिया। अकोला एपीएमसी में 18 सीट में 11 पर राकांपा समर्थित पैनल ने जीत हासिल की। वहीं, भाजपा समर्थित पैनल ने पांच सीट पर जीत दर्ज की। उद्धव ठाकरे समूह द्वारा समर्थित एक समूह को भी दो सीट पर जीत मिली।

### महाराष्ट्र : भिवंडी में गोदाम ढहने से दो लोगों की मौत, 12 लोग बचाए गए

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में शनिवार को दो मंजिला गोदाम ढहने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 12 लोग बचाए गए। मलबे में अब भी 10-12 लोगों के फंसे होने की आशंका है। नगर निकाय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि मनकोली के वलपाड़ा स्थित वर्धमान कंपाउंड में दो मंजिला इमारत अपराह्न करीब पौने दो बजे ढह गई। उन्होंने कहा कि मलबे से दो शव निकाले गए। सावंत ने कहा कि इमारत की ऊपरी मंजिल पर चार परिवार रहते थे, जबकि नीचे के तल पर मजदूर काम करते थे। सावंत ने कहा कि बचाव अभियान में देर शाम एक श्वान दस्ते और दो अर्थ मूवर्स को लगाया गया। सावंत ने कहा, 40 वर्षीय एक पुरुष और 26 वर्षीय महिला के शवों को मलबे से निकाला गया। जबकि 12 लोगों को बचा लिया गया है और घायलों का उपचार किया जा रहा है। आशंका है कि करीब 10-12 लोग अभी भी मलबे में दबे हो सकते है। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है।

# ईडी ने बायजूस के सीईओ रवींद्रन के दफ्तर, आवास पर छापे मारे

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनी बायजूस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवींद्रन बायजू के बेंगलुरु स्थित कार्यालय और आवासीय परिसर पर छापे मारे तथा वहां से आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किया। ईडी ने एक बयान में बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत हाल में कुल तीन परिसरों–दो कारोबारी और एक रिहायशी परिसर पर छापे मारे गए। इनमें पंजीकृत कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड का परिसर भी शामिल है। जांच एजेंसी ने बताया कि उसने विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए हैं। बायजूस के कानूनी मामले देखने वाले दल के एक प्रवक्ता ने कहा कि ईडी की कार्वाई नियमित जांच है और कंपनी ने एजेंसी के साथ पूरी पारदर्शिता बरती है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने मांगी गईं सभी जानकारी उपलब्ध करा दी हैं। ईडी ने बताया कि कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2020–21 के बाद से वित्तीय खाता तैयार नहीं किया है। ईडी के अनुसार, कंपनी के खातों का ऑडिट भी नहीं किया गया है, जो कि अनिवार्य होता है। जांच एजेंसी ने कहा कि कंपनी की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का बैंकों से मिलान किया जा रहा है। ईडी ने बताया कि यह कार्वाई कुछ लोगों से मिली विभिन्न शिकायतों के आधार पर की गई।

# कर्नाटक चुनाव के बाद पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक : नीतीश

**भाषा।** पटना



**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को संकेत दिया कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक हो सकती है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता ने कहा कि इस बैठक में विपक्षी एकता कायम करने से जुड़े मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। नीतीश ने कहा, हम निश्चित रूप से एक साथ बैठेंगे और 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट करने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, वर्तमान में कुछ नेता (कर्नाटक) विधानसभा चुनाव में व्यस्त हैं। एक बार यह खत्म हो जाए, तो हम अपनी बैठक के स्थान को अंतिम रूप देंगे। अगर पटना को सर्वसम्मति से विपक्षी नेताओं की बैठक के अगले स्थान के रूप में चुना जाता है, तो इसे यहां आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, पटना में इस बैठक को आयोजित करने में हमें खुशी होगी। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 24 अप्रैल को कोलकाता में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने नीतीश से पटना में सभी गैर–भाजपा दलों की एक बैठक आयोजित करने का आग्रह किया था, ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी एकता पर चर्चा की जा सके। ममता ने कोलकाता में नीतीश के साथ बैठक के बाद कहा था, मैंने नीतीश कुमार से सिर्फ एक अनुरोध किया है। जयप्रकाश जी का आंदोलन बिहार से शुरू हुआ था।

## क्विक न्यूज

### भाजपा किसी भी कीमत पर शिअद से गठबंधन नही करेगी : अश्वनी शर्मा

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी के दोबारा पंजाब में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) से गठबंधन होने की संभावना नही है और पार्टी अकेले अगला चुनाव लड़ेगी। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं द्वारा मंगलवार को शिअद सुप्रीमो प्रकाश सिंह बादल को दी गई श्रद्धांजलि को राजनीति से नही जोड़ा जाना चाहिए। गौरतलब है कि पंजाब के पांच बार के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद मोदी चंडीगढ़ स्थित शिअद के कार्यालय में शोक प्रकट करने पहुंचे थे। उनके अलावा भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, वरिष्ठ नेता तरुण चुग और अन्य पदाधिकारी भी बृहस्पतिवार को मुक्तसर जाकर बादल को श्रद्धांजलि दी थी। शर्मा ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा, भाजपा सभी चुनाव अकेले लड़ेगी और बहुमत हासिल करेगी। वह किसी भी कीमत पर शिअद से गठबंधन नही करेगी। उन्होंने कहा कि मोदी द्वारा बादल के बारे में लिखे लेख और प्रधानमंत्री एवं भाजपा नेतृत्व द्वारा पंजाब आकर पूर्व मुख्यमंत्री को दी गई श्रद्धांजलि को राजनीति से नही जोड़ा जाना चाहिए। शर्मा ने कहा, यह कुछ नही, बस पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को श्रद्धांजलि थी। उन्होंने शनिवार को कहा भाजपा को गांवों में भारी समर्थन मिल रहा है जिसकी वजह से वे खुश और स्तब्ध हैं। शर्मा ने जोर देकर कहा कि वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव सहित आगामी चुनाव हम अकेले लड़ेगे।

### न्यायालय ने राइटर्स क्रैंप से जूझ रहे परीक्षार्थी को किसी अन्य से उत्तर लिखवाने की अनुमति दी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राइटर्स क्रैंप (दर्दनाक ऐंठन के कारण लिखते समय हाथ कांपने की बीमारी) से जूझ रहे न्यायिक सेवा के एक परीक्षार्थी को उत्तराखंड में दीवानी न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए रविवार को होने वाली प्रारंभिक परीक्षा में उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की मदद लेने की अनुमति देने का अंतरिम आदेश पारित किया है। परीक्षार्थी धनंजय कुमार ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर कहा था कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) ने उत्तर लिखने के लिए किसी की मदद लेने का उसका अनुरोध परीक्षा के मात्र कुछ दिन पहले 20 अप्रैल को अस्वीकार कर दिया था। कुमार ने राइटर्स क्रैंप से पीड़ित होने के कारण न्यायालय से उसे परीक्षा पत्र के उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की मदद लेने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया था। उसने इस संबंध में 25 सितंबर 2017 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा जारी एक प्रमाणपत्र भी जमा कराया।

### पूर्वी भारत में मई में लू चलने की संभावना : मौसम विज्ञान विभाग

नई दिल्ली। बिहार, झारखंड और ओडिशा समेत पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मई में तापमान सामान्य से अधिक रहने और कुछ दिन लू चलने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने मई के लिए तापमान और बारिश संबंधी मासिक पूर्वानुमान के तहत बताया कि पश्चिमोत्तर और पश्चिम-मध्य भारत के कुछ हिस्सों में रात में मौसम गर्म रहने और दिन में सामान्य से कम तापमान रहने की संभावना है। विभाग ने बताया कि कि मई में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों सहित देश के पश्चिमोत्तर और पश्चिम-मध्य हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने के आसार है। इसके अलावा, पूर्वोत्तर क्षेत्र, केरल, आंध्र प्रदेश और दक्षिण कर्नाटक के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, मई में 61.4 मिलीमीटर की लंबी अवधि के औसत (एलएपी) की 91-109 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मई में बिहार, झारखंड, ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों तथा पूर्वी मध्य प्रदेश, तेलंगाना और तटीय गुजरात के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्म हवाएं चलने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि मई में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मौजूद तटस्थ अल नीनो का प्रभाव रहने की संभावना है और मौसम संबंधी अधिकतर मॉडल मई से मानसून के दौरान क्षेत्र के गर्म होने का संकेत दे रहे है। ऐसा बताया जाता है कि अल नीनो या भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के गर्म होने का भारत में मानसूनी बारिश पर प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, हिंद महासागर में समुद्र की सतह (जिसे हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) भी कहते है) के तापमान जैसे अन्य कारक भी मौसम को प्रभावित करने के लिए जाने जाते है। महापात्र ने कहा कि हिंद महासागर में मौजूद तटस्थ आईओडी संबंधी स्थितियां आगामी मौसम में सकारात्मक होने का अनुमान है।

# लोगों की व्यथा सुनने के बजाय अपनी सुनाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं मोदीः प्रियंका

**भाषा।** धारवाड़ (कर्नाटक)



**कांग्रेस महासचिव** प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने नरेंद्र मोदी के तौर पर एकमात्र ऐसा प्रधानमंत्री देखा है, जो लोगों की व्यथा सुनने के बजाय उनके सामने अपनी व्यथा सुनाते हैं।

वाद्रा ने कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धारवाड़ जिले के नवलगुंड शहर में एक जनसभा में कहा, मैंने इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पी वी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेई और मनमोहन सिंह से लेकर कई प्रधानमंत्रियों को देखा है, लेकिन ए (मोदी) पहले प्रधानमंत्री हैं, जो लोगों की व्यथा सुनने के बजाय उन्हें अपनी व्यथा सुनाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार किसी का सम्मान नहीं करती, चाहे वह लोग हों, उनके वोट हों या वह राज्य हो, जहां वह शासन कर रही है, या वरिष्ठ नेता जगदीश शेट्टर, जो हाल ही में टिकट नहीं दिए जाने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए या पूरा लिंगायत समुदाय। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार इतनी बेशर्मी से किया जाता है कि जो भ्रष्ट हैं, उन्हें (चुनाव लड़ने के लिए) टिकट मिल रहा है और जो नहीं हैं, उन्हें टिकट से वंचित कर दिया गया। वह (मोदी) भ्रष्ट लोगों को फोन करते हैं और ईमानदार लोगों को भगा देते हैं। उन्होंने कहा कि जब लोगों का सम्मान नहीं किया जाता है, तो यह देश और राज्य के हित में नहीं होता, नेता भूल जाते हैं कि लोग ही उन्हें नेता बनाते हैं और सरकारें केवल सत्ता हथियाने और पैसा बनाने के लिए बनती हैं। वाद्रा ने आरोप लगाया, ठेकेदार आत्महत्या कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधन और ठेकेदार संघ प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के बारे में पत्र लिखते हैं, लेकिन कुछ नहीं होता।

# सासाराम हिंसा में भाजपा के पूर्व विधायक गिरफ्तार

**● नीतीश ने कहा, दोषी कोई भी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी**

**भाषा।** पटना–सासाराम

**रोहतास जिला** के सासाराम में रामनवमी के जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच हुई सांप्रदायिक झड़प की जांच के सिलसिले में बिहार पुलिस ने भाजपा के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सासाराम विधानसभा सीट से भाजपा के पूर्व विधायक की गिरफ्तारी से विपक्षी पार्टी भाजपा और सत्तारूढ़ महागठबंधन के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है। पटना में भाजपा के पूर्व विधायक की गिरफ्तारी पर पूछे गए सवालों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, अगर किसी पर कोई आरोप लगता है तो पुलिस उसकी जांच करती है। जांच में जो दोषी पाया जाता है उस पर कार्रवाई होती है। आज तक हमने इस सब चीजों में कभी हस्तक्षेप नहीं किया है। उन्होंने कहा, बिहार में जहां कहीं भी घटना होती है तो उसकी बारीकी से जांच होती है। जिन दो जगहों पर घटनाएं हुई है, वहां पर कड़ी कार्वाई की गई है। घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन पूरे तौर पर सतर्क रहता है। घटना में कोई भी अगर दोषी पाया जाएगा तो चाहे वह किसी दल का हो, उस पर कार्वाई होगी। दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, भाजपा के नेता क्या बोलते हैं उस पर मैं ध्यान नहीं देता। गौरतलब है कि सासाराम विधानसभा सीट से 1990 से पांच बार विधायक रहे जवाहर प्रसाद को पुलिस ने बीती रात्रि सासाराम स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया। रोहतास की एक अदालत ने जवाहर प्रसाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

# सामरिक स्वायत्तता के लिए सैन्य आत्मनिर्भरता अहम : सीडीएस

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि अपनी सामरिक स्वायत्तता बरकरार रखने और अपने उभरते कद के अनुरूप नई जिम्मेदारियां उठाने के मद्देनजर भारत के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना और सैन्य उपकरणों के लिए आयात पर निर्भरता कम करना महत्वपूर्ण है। एक थिंक–टैंक चाणक्य डायलॉग के अपने संबोधन में जनरल चौहान ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि के साथ–साथ इसकी नरम शक्ति (सॉफ्ट पॉवर), तकनीकी प्रगति और अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए मजबूती से डटे रहने की क्षमता इसकी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के उदय में योगदान दे रही है। अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए मजबूती से डटे रहने की क्षमता संबंधी जनरल चौहान की टिप्पणी पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में पिछले तीन साल से चीन के साथ जारी गतिरोध के स्पष्ट संदर्भ में है। जनरल चौहान ने रक्षा में आत्मनिर्भरता के महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि सशस्त्र बलों की आयात निर्भरता को कम करना भारत के लिए अपनी सामरिक स्वायत्तता बनाए रखने और अपने आकार एवं अर्थव्यवस्था के अनुरूप नई जिम्मेदारियों को निभाने के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बल सैन्य उपकरणों के लिए विदेशी ओईएम पर बहुत अधिक निर्भर हैं। मेरा मानना है कि उभरते हुए भू–राजनीतिक माहौल में ऐसी स्थिति टिकाऊनहीं है। वैश्विक भू–राजनीतिक उथल–पुथल का हवाला देते हुए जनरल चौहान ने कहा कि जापान, ब्रिटेन, रूस, चीन, जर्मनी, पोलैंड, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देश अपने रक्षा बजट में काफी वृद्धि कर रहे हैं ।

### महासागर क्षेत्र में चीनी जहाजों की बड़ी उपस्थिति, भारत रख रहा है पैनी नजरः नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र मे चीनी जहाजो की बड़ी उपस्थिति है और भारत समुद्री क्षेत्र मे अपने राष्ट्रीय हितो की रक्षा के लिए क्षेत्र के घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होने यहां एक सम्मेलन मे यह भी कहा कि भारतीय नौसेना पाकिस्तान में बंदरगाहों पर चीनी नौसेना के विभिन्न जहाजों के ठहरने पर नजर रख रही है। खतरे के पहलुओ के बारे मे पूछे जाने पर, नौसेना प्रमुख ने पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों तरह के खतरों के अलावा उभर रहे समग्र हालात पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की भूमिका समुद्री क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की है, चाहे वे कही भी हो, और वह खतरो और चुनौतियो का आकलन करती है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि आए दिन यह देखा जा रहा है कि समुद्र में कुछ न कुछ विवाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष के बिदु से काफी नीचे है, लेकिन टकराव की स्थिति बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। पाकिस्तान में बंदरगाहो पर चीनी नौसेना के जहाजो के ठहरने के संबंध मे एक सवाल पर उन्होने कहा कि ए जहाज सिर्फ पाकिस्तान मे ही नही, बल्कि विभिन्न देशों के बंदरगाहो पर लंगर डाल रहे है। उन्होंने कहा कि जहां तक पाकिस्तान के बंदरगाहो पर चीनी जहाजों की यात्रा का सवाल है, हम इस पर नजर रख रहे है। एडमिरल कुमार ने कहा कि पाकिस्तानी नौसेना बहुत तेजी से आधुनिकीकरण कर रही है और वह अपने बेड़े मे नए युद्धपोत जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि जहां तक चीन की बात है, पिछले 10 वर्षों मे उसके द्वारा बड़ी संख्या में जहाजो और पनडुब्बियो का जलावतरण किया गया है, तीसरा विमानवाहक पोत निर्माणाधीन है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि चीन बहुत बड़े विध्वंसक पोत पर भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हमे लगता है कि यह कुछ समय में स्थिर हो जाएगा। नौसेना प्रमुख ने कहा, हम हिंद महासागर क्षेत्र मे बहुत पैनी नजर रख रहे है...कोशिश यह जानने की है कि वहां किसकी मौजूदगी है और वे क्या कर रहे है, इसकी निरंतर निगरानी कर रहे है तथा हम विमान, ड्रोन, जहाज, पनडुब्बी तैनात कर रहे है। उन्होने कहा, बड़ी संख्या मे चीनी जहाज मौजूद है। हिंद महासागर क्षेत्र में किसी भी समय चीन के 3-6 युद्धपोत होते है।

# मणिपुर के चुराचांदपुर में स्थिति गंभीर

**रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू**

**भाषा।** इम्फाल

**मणिपुर के** हिंसा प्रभावित चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बदमाशों ने वन विभाग की इमारत में आग लगा दी, जबकि जिले में शनिवार से रात्रिकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोगों के एक समूह ने आधी रात में तुइबोंग क्षेत्र स्थित रेंज वन अधिकारी के कार्यालय भवन में आग लगा दी, जिसे बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियों को लगाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने से लाखों रुपए की सार्वजनिक संपत्ति कथित रूप से नष्ट हो गई और कई आधिकारिक दस्तावेज जल गए। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, अगला आदेश दिए जाने तक जिले में शनिवार से शाम पांच बजे से सुबह पांच बजे तक रात्रि कर्फ्यू लागू रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि जिले में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू ी गई है और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बंद रहेंगी। पुलिस अधिकारी ने कहा, स्थिति अब भी गंभीर है। हर प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए शहर के सभी प्रमुख चौराहों और बड़े इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। चुराचांदपुर में शुक्रवार रात प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों के बीच फिर से झड़प हो गई थी और भीड़ को तितर–बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज किया था और आंसू गैस और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया था।स्थानीय लोगों ने दावा किया था कि इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) द्वारा शाम चार बजे तक बुलाए गए बंद के बाद की गई पुलिस कार्वाई में कुछ लोगों की मौत हो गई और कुछ लोग घायल हो गए। हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को चुराचांदपुर जिले के न्यू लमका क्षेत्र में सद्भावना मंडप में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुईं थी। उसने बताया कि ए घटनाएं जहां हुईं, वहां मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को एक जनसभा को संबोधित करना था, लेकिन प्रदर्शनों और बंद के आह्वान के मद्देनजर उन्होंने चुराचांदपुर जाने की अपनी योजना स्थगित कर दी थी। संरक्षित वन क्षेत्रों से कुकी ग्रामीणों को हटाने के विरोध में स्थानीय आदिवासियों ने आठ घंटे के बंद का आह्वान किया था, जिसके कारण यहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। सिंह ने हालांकि, प्रदर्शन और बंद के आह्वान के कारण दौरे को टाल दिया था। प्रदर्शनकारियों ने बृहस्पतिवार को उस कार्यक्रम स्थल पर हमला किया था, जहां मुख्यमंत्री को आना था। प्रदर्शनकारियों ने स्थल पर लगभग 100 कुर्सियों और अन्य उपकरणों में आग लगा दी थी।

### भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक हेरोइन का पैकेट बरामद

**भाषा।** चंडीगढ़

**सीमा सुरक्षा बल** (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार को पंजाब के अमृतसर में भारत–पाकिस्तान सीमा के नजदीक खेत से हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने एक बयान में कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर के हरदो रतन गांव के बाहरी इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान जवानों ने गांव में खेत से पैकेट बरामद किया जिसमें करीब 1.5 किलोग्राम मादक पदार्थ है।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना की एंबुलेंस खाई में गिरी, दो जवानों की मौत

राजौरीजम्मू, 29 अप्रैल (भाषा) जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को सेना की एक एंबुलेंस के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से सेना के दो जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एंबुलेंस नियंत्रण रेखा के पास डुंगी गाला के करीब तब दुर्घटनाग्रस्त हुई, जब उसके चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में एंबुलेंस चालक और एक जवान की मौत हो गई। बचावकर्मियों ने उनके शव खाई से निकाल लिए हैं।

# शंकर के तूफानी पारी से गुजरात विजयी

● केकेआर पर बड़ी जीत से शीर्ष पर पहुंचा टाइटंस

● कोलकता को सात विकेट से पराजित किया

भाषा। कोलकाता

**विजय शंकर** के तूफानी अर्धशतक की मदद से गुजरात टाइटंस ने शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 13 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से पराजित करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया।गुजरात टाइटंस के सामने 180 रन का लक्ष्य था। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने 35 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 49 रन बनाकर उसे ठोस शुरुआत दी। इसके बाद विजय शंकर ने अपना जलवा दिखाया तथा 24 गेंदों पर दो चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 51 रन बनाए। उन्होंने इस बीच डेविड मिलर (18 गेंदों पर नाबाद 32) के साथ 39 गेंदों पर 87 रन की अटूट साझेदारी की जिससे गुजरात ने 17.5 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। इससे पहले रहमानुल्लाह गुरबाज ने 39 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से 81 रन की तूफानी पारी खेली। उनके अलावा आंद्रे रसेल ने आखिरी ओवरों में 19 गेंदों पर 34 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इससे बावजूद नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के कारण केकेआर सात विकेट पर 179 रन ही बना पाया। गुजरात की तरफ से मोहम्मद शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। उनके अलावा नूर अहमद (21 रन देकर दो) और जोश लिटिल (25 रन देकर दो) ने भी विकेट हासिल किए। गुजरात की यह 8 मैचों में छठी जीत है जिससे उसके 12 अंक हो गए हैं। केकेआर को नौ मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की राह बेहद मुश्किल हो गई है। गिल ने पावर प्ले के शुरू में चौकों की झड़ी लगा दी। इनमें हर्षित



राणा के ओवर में लगाए गए चार चौके भी शामिल है। रिद्धिमान साहा (10) हालांकि फिर से उनका अच्छा साथ नहीं दे पाए। टाइटंस ने पहले छह ओवर में एक विकेट पर 52 रन बनाए। गुजरात की पारी का पहला छक्का 10वें ओवर में हार्दिक पंड्या (20 गेंदों पर 26 रन) ने सुनील नारायण पर लगाया, लेकिन हर्षित ने उन्हें पगबाधा आउट करके उनके तेवरों को ठंडा कर दिया। इसके बाद नारायण ने गिल को अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया। गिल और पंड्या ने दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। गुजरात की टीम ने बीच के नौ ओवर में 77 रन बनाए जिसमें मिलर के सुयश शर्मा पर लगाए गए लगातार दो छक्के शामिल हैं। विजय शंकर ने वरुण चक्रवर्ती के पारी के 17वें ओवर में तीन छक्के लगाए और फिर नितीश राणा की गेंद छह रन के लिए भेज कर स्कोर बराबर किया। इससे पहले आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच 45 मिनट की देरी से शुरू हुआ। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर गुरबाज की लंबे शॉट खेलने की काबिलियत के दम पर पावर प्ले में दो विकेट पर 61 रन बनाए। हार्दिक पंड्या का स्वयं नई गेंद संभालने का फैसला सही साबित नहीं हुआ। पहले एन जगदीशन (15 गेंदों पर 19 रन) ने उन पर लगातार तीन चौके जमाए जबकि गुरबाज ने उनके अगले ओवर में दो छक्के लगाए। गुरबाज ने इसके बाद शमी और अफगानिस्तान के अपने साथी राशिद पर भी छक्के जमाए। इस बीच शमी ने जगदीशन को पगबाधा और शार्दुल ठाकुर को मोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। केकेआर का शार्दुल को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला सही साबित नहीं हुआ क्योंकि वह खाता भी नहीं खोल पाए।

### स्कोरबोर्ड

**कोलकाता** : जगदीशन पगबाधा बो शमी 19,गुरबाज का राशिद बो नूर अहमद 81,ठाकुर का मोहित बो शमी 00 ,अय्यर पगबाधा बो लिटिल 11, राणा का तेवतिया बो लिटिल 04, रिंकू का लिटिल बो नूर अहमद 19,रसेल का तेवतिया बो शमी 34, वीज नाबाद 08,अतिरिक्त : 03, **कुल** (20 ओवर में, सात विकेट पर) 179, **विकेट पतन** :1-23, 2-47, 3-84, 4-88, 5-135, 6-156, 7-179 , गेंदबाजी : शमी 4-0-33-3,पंड्या 3-0-34-0,खान 4-0-54-0, लिटिल 4-0-25-2,अहमद 4-0-21-2,मोहित 1-0-12-0

**गुजरात टाइटंस**: साहा का हर्षित बो रसेल 10, गिल का रसेल बो नारायण 49,पंड्या पगबाधा हर्षित 26,शंकर नाबाद 51, मिलर नाबाद 32,**अतिरिक्त**: (लेगबाई : 09, वाइड: 03) 12,कुल योग: (17.5 ओवर में तीन विकेट पर) 180 रन,**गेंदबाजी**: हर्षित 3-0-25-1,रसेल 3-0-29-1,चक्रवर्ती 4-0-42-0,सुयश4-0-37-0,नारायण 3-0-24-1, राणा 0.5-0-14-0

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## रोहित की गैर मौजूदगी में डब्ल्यूटीसी फाइनल जैसे बड़े मैचों में कोहली करें कप्तानी : शास्त्री



**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा अगर किन्ही कारणो से उपलब्ध नही रहते है तो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जैसे बड़े मैचो में विराट कोहली को कप्तानी सौपी जानी चाहिए। शास्त्री ने आगे कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को पिछले साल इंग्लैड दौरे पर स्थगित हुए आखिरी टेस्ट मे कप्तानी के लिए कोहली को कहना चाहिए था चूंकि रोहित उस मैच के लिए उपलब्ध नही थे। शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा , ऐसे बड़े मैच के लिए मै चाहूंगा कि रोहित फिट रहे क्योंकि वह कप्तान है। लेकिन अगर किन्ही कारणों से वह नही खेल पाते है तो भारतीय टीम को उस दिशा में सोचना चाहिए। उनसे पूछा गया था कि रोहित के नही खेलने पर क्या कोहली को टीम की कप्तानी करनी चाहिए। शास्त्री ने कहा कि इंग्लैड के खिलाफ पांचवे टेस्ट के लिए भी ऐसा ही किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा , रोहित के चोटिल होने पर मुझे लगा था कि विराट कप्तान होंगे। उन्होंने कहा , अगर मै कोच होता तो यही सुझाव देता। मुझे यकीन है कि राहुल (द्रविड़) ने भी यही किया होगा। मेरी उससे बात नही हुई है। विराट की कप्तानी मे भारत ने श्रृंखला में 2 .1 की बढत बनाई थी। फाफ डु प्लेसी के चोटिल होने के कारण कोहली इस समय आईपीएल मे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तानी भी कर रहे है। डु प्लेसी इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर खेल रहे है। वह अपने खेल का पूरा मजा ले रहा है। पिछले साल जब हम बात कर रहे थे कि क्या उसे ब्रेक की जरूरत है या नही है। उसके कंधो पर मानो पूरी दुनिया का बोझ था लेकिन अब वह ऊर्जा, आनंद और उत्साह फिर लौट आया है जिसे देखकर अच्छा लग रहा है।

## रोहित ने विश्राम देने के लिए नहीं कहा है, अगर वह ऐसा करते हैं तो विचार करेंगे : बाउचर



**मुंबइ**। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने शनिवार को कहा कि टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग से विश्राम देने के लिए नही कहा है लेकिन अगर वह ऐसा करते है तो उस पर विचार किया जाएगा। रोहित पिछले कुछ समय से लगातार क्रिकेट खेल रहे है और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने हाल में सुझाव दिया था कि भारतीय कप्तान रोहित को आईपीएल से कुछ समय के लिए विश्राम लेना चाहिए ताकि वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ लंदन के ओवल मे सात से 11 जून के बीच होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को तरोताजा रख सकें। बाउचर ने मुंबई और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, नही मुझे नही लगता कि उन्हे विश्राम लेना चाहिए। इस पर फैसला करना मेरा काम नही है। निश्चित तौर पर हम चाहते है कि रोहित खेलता रहे क्योंकि वह बहुत अच्छा खिलाड़ी और कप्तान है। उन्होंने कहा, अगर यह रोहित के लिए अच्छा है और वह मेरे पास आकर कहता है कि उन्हें विश्राम चाहिए तो तब हम उस पर गौर करेंगे। उन्होंने अभी ऐसा नही किया है इसलिए अभी अगर वह खेलने के लिए उपलब्ध है तो वह खेलेगा।

## ऐसा दिन जब विरोधी टीम का हर दाव चल गया : जाफर



**मोहाली**। पंजाब किंग्स के बल्लेबाजी कोच वसीम जाफर ने लखनऊ सुपर जाइंट्स से मिली करारी हार के बाद कहा कि यह ऐसा दिन था जब विरोधी टीम की हर रणनीति कारगर साबित हुई। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 257 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 19.5 ओवर में 201 रन ही बना सकी। जाफर ने मैच के बाद कहा , यह ऐसा दिन था जब विरोधी टीम का हर दाव चल गया। लेकिन हमारे गेंदबाज मजबूती से वापसी करेंगे। हमारे गेंदबाज नही चल सके। उन्होंने पावरप्ले में आक्रामक शुरूआत की और रूके ही नही। हर बल्लेबाज चला। आयुष बडोनी, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन। जब कोई ऐसे खेलता है तो उसे रोकना मुश्किल होता है। पावरप्ले के बाद भी उन्होंने लय नही खोई। जाफर ने कहा कि घबराने की जरूरत नही है लेकिन गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह चिंता का सबब नही है। इससे पहले भी हमारे गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उनके लिए यह एक खराब दिन था। हमें प्लान बी रखना चाहिए था।

## लखनऊ जिला पुरुष व महिला टीम ट्रायल 3 मई को

**लखनऊ**। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला पुरुष व महिला टीम के चयन के लिए सलेक्शन ट्रायल आगामी 3 मई 2023 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सुबह 7 बजे से होगा। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार सलेक्शन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक मोबाइल नम्बर 9415027942 पर संपर्क कर सकते है। लखनऊ की चयनित टीम वाराणसी में आगामी 5 से 7 मई 2023 तक होने वाली यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेगी।

## विश्व ताइची दिवस मना

**लखनऊ**। कुंगफू फेडरेशन आफ इंडिया व ड्रैगन एकेडमी द्वारा विश्व ताइची दिवस पूरे धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर एकेडमी के परिसर में 80 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया। पूरे प्रदेश में इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बारीकियां बताई गई। एक मुख्य आयोजन लोहिया पार्क में भी किया गया। इसमे 90 छात्रों को ट्रेनिंग दी गई। इस अवसर पर महासचिव मंजू त्रिपाठी, जीपी त्रिपाठी समेत कोचों व अन्य लोगों ने भाग लिया।

## अभिलाष गोल्डन ग्लोब रेस पूरी करने वाले पहले भारतीय

**तिरुवनंतपुरम**। नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी कमांडर अभिलाष टॉमी प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब रेस पूरी करने वाले पहले भारतीय बन गए है। यह एकल नौकायन रेस चार सितंबर, 2022 को फ्रांस में लेस सेबल्स-डी,ओलोन में शुरू हुई थी। टॉमी इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम आयोजनकर्ता ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर घोषणा की, जीजीआर2022 मे भारत के अभिलाष टॉमी (43) ने दुनियाभर मे दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## मैड्रिड ओपन : अलकाराज पहले दौर में बचे

**मैड्रिड**। गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अलकाराज मैड्रिड ओपन के पहले दौर मे फिनलैंड के 41वी वरीयता प्राप्त एमिल रूसुवुओरी के हाथों उलटफेर का शिकार होने से बाल बाल बचे। अगले महीने 20 वर्ष के होने जा रहे अलकाराज ने यह मुकाबला 2-6, 6-4, 6-2 से जीता। अब उनका सामना ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने ग्रेगोइर बारेरे को 6-0, 5-7, 6-3 से मात दी। पांचवी वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव ने स्टान वावरिंका को 7-5, 6- 4 से हराया। महिला वर्ग मे नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने आस्ट्रिया की जूलिया ग्राबेर को 6-3, 6-2 से हराया।

## ईसीबी के रणनीति सलाहकार पद से इस्तीफा दिया

**लंदन**। एंड्रयू स्ट्रॉस इंग्लैड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के रणनीति सलाहकार और क्रिकेट परफॉर्मेंस समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देंगे। इंग्लैड के पूर्व कप्तान इससे पहले 2015 से 2018 के बीच इंग्लैड पुरूष क्रिकेट टीम के निदेशक रह चुके है। वह 2020 मे ईसीबी के रणनीति सलाहकार और समिति के अध्यक्ष बने थे। स्ट्रॉस ने शुक्रवार को एक बयान मे कहा , ईसीबी के साथ अपने कार्यकाल का मैने पूरा मजा लिया। मुझे खुशी है कि इंग्लैड टीमो की सफलता मे योगदान दे सका।

## मैक्सिको ओपन में कट से चूके अर्जुन अटवाल

**वालार्टा (मैक्सिको)**। भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल ट्रिपिल बोगी करने के कारण मैक्सिको ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे कट मे जगह बनाने से चूक गए। पहले दौर मे एक अंडर 70 का स्कोर बनाने वाले अटवाल ने दूसरे दौर मे तीन ओवर 74 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर दो ओवर 144 रहा। कट एक अंडर पर गया। इस बीच भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दौर मे छह अंडर 65 का कार्ड खेला और वह अभी संयुक्त चौथे स्थान पर है।

# अभिषेक के हरफनमौला खेल से सनराइजर्स हैदराबाद चमका

● दिल्ली कैपिटल्स को नौ रन से हराया



भाषा। नई दिल्ली

**अभिषेक शर्मा** के हरफनमौला खेल और आखिरी ओवरों में हेनरिच क्लासेन की आक्रामक बल्लेबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को नौ रन से शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक की 36 गेंद में 67 रन और क्लासेन की 27 गेंद में नाबाद 53 रन की पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 197 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में इस मैदान का सर्वोच्च स्कोर है। टीम के लिए अब्दुल समद ने 21 गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाए। दिल्ली की टीम के लिए मिशेल मार्श का हरफनमौला खेल और फिल साल्ट के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 गेंद में 112 रन की साझेदारी नाकाफी साबित हुई और टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 188 रन ही बना सकी। मार्श ने चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटकने के बाद 39 गेंद में एक चौका और छक्के की मदद से 63 रन बनाए। साल्ट ने 35 गेंद में 59 रन की पारी में नौ चौके जड़े। आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल ने 14 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से नाबाद 29 रन की पारी खेली। इस जीत के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद ने 24 अप्रैल को इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। हैदराबाद के लिए यह आठ मैचों में तीसरी जीत है जबकि दिल्ली के लिए आठ मैचों में यह छठी हार है। सनराइजर्स के लिए मयंक मार्कंडेय ने चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। भुवनेश्वर कुमार , अकील हुसैन, टी नटराजन और अभिषेक शर्मा को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए भुवनेश्वर ने पारी की दूसरी ही गेंद पर डेविड वार्नर को बोल्ड कर सनराइजर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन फिल साल्ट ने शुरुआती तीन ओवरों में तीन चौके लगाए। दूसरे छोर से मार्श ने अकील हुसैन और फिर टी नटराजन के खिलाफ छक्का जड़ा। पावरप्ले के बाद दिल्ली का स्कोर एक विकेट पर 57 रन था। उमरान मलिक का स्वागत साल्ट ने चौके से किया फिर मार्श ने दो छक्के लगाए।

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी**: अभिषेक का वार्नर बो अक्षर 67,मयंक का साल्ट बो इशांत,राहुल का पांडे बो मार्श 10,मार्क्रम का अक्षर बो मार्श 08, ब्रुक्स का अक्षर बो मार्श 00, क्लासेन नाबाद 53,समदका साल्ट बो मार्श 28, हुसैन नाबाद 16,**अतिरिक्त**: (लेग बाई: 01, नोबॉल: 01, वाइड: 08) 10,**कुल योग**: (20 ओवर में छह विकेट पर) 197 रन , **विकेट पतन**:1-21, 2-, 3-83, 4-83 , 5-, 6-162,गेंदबाजी:इशांत 3-0-31-1,नोर्किया 4-0-44-0, कुमार 2-0-38-0,मार्श4-0-27-4,यादव 3-0-27-0, पटेल 4-0-29-1

**दिल्ली पारी**: वार्नर बो भुवनेश्वर 00,साल्ट का एवं बो मार्कंडेय 59,मार्श का मार्क्रम बो हुसैन 63,पांडे स्टं. क्लासेन बो अभिषेक 01,गर्ग बो मार्कंडेय 12, खान बो नटराजन 09,पटेल नाबाद 29, पटेल नाबाद 11,**अतिरिक्त**: (लेग बाई: 01, वाइड 03) 04,कुल योग: (20 ओवर में छह विकेट पर) 188 रन,**विकेट पतन**:1-0, 2-112, 3-115, 4-125, 5-140, 6-148,**गेंदबाजी**: भुवनेश्वर 4-0-45-1, हुसैन 4-0-40-1, नटराजन 4-0-34-1, मलिक 1-0-22-0, मार्कंडेय4-0-20-2, शर्मा 3-0-26-1

# मुंबई के सामने राजस्थान पर अंकुश लगाने की चुनौती

भाषा। मुंबई

**खराब** दौर से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को रोकने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। राजस्थान इस समय अंकतालिका में शीर्ष पर है जिसने चेन्नई सुपर किंग्स पर पिछले मैच में एकतरफा जीत दर्ज की। पिछले तीन में से दो मैच गंवाने के बावजूद संजू सैमसन की टीम हर विभाग में बेहतरीन फॉर्म में है। दूसरी ओर मुंबई की डैथ गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है जिसकी वजह से उसे पिछले दो मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा। पिछले सप्ताह वानखेड़े स्टेडियम पर हुए मैच में मुंबई के गेंदबाजों ने आखिरी पांच ओवरों में 96 रन देकर पंजाब को चमत्कारिक जीत दर्ज करने का मौका दिया। इसके अलावा गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी 24 गेंद में 70 रन दे डाले। मुंबई के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योकि राजस्थान की बल्लेबाजी में काफी गहराई है। रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को प्रदर्शन में निरंतरता लानी



होगी। मुंबई इस समय दस टीमों में आठवें स्थान पर है। गेंदबाजी में देखना होगा कि कोहनी की चोट से जूझ रहे इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर खेलने के लिए फिट हैं या नहीं। जासन बेहरेनडोर्फ, रिले मेरेडिथ और अर्जुन तेंदुलकर महंगे साबित हुए हैं। दूसरी ओर राजस्थान के बल्लेबाज इस पिच पर 200 से अधिक रन बना सकते हैं। उनके पास जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल जैसे शीर्षक्रम के बल्लेबाज हैं तो मध्यक्रम में संजू सैमसन, देवदत्त पड्डिकल , शिमरोन हेटमाएर और ध्रुव जुरेल उतरते हैं। जुरेल ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

## किंग्स पंजाब के मुकाबले में चेन्नई का पलड़ा पंजाब पर भारी

**चेन्नई**। चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल में रविवार को होने वाले मुकाबले मे स्पिनरो का दबदबा रहेगा और इसमे मेजबान टीम का पलड़ा भारी दिख रहा है। दोनो टीमों को पिछले मैच में पराजय का सामना करना पड़ा है।चेन्नई को राजस्थान रॉयल्स ने 32 रन से हराया तो पंजाब किंग्स को लखनऊसुपर जाइंट्स ने 56 रन से शिकस्त दी। चेन्नई



हालांकि अब अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी जहां स्पिनरों की तूती बोलती है और महेंद्र सिंह धोनी जैसा चतुर कप्तान पंजाब को फिरकी के जाल में फंसाने मे कोई कसर नही छोड़ेगा। राजस्थान के खिलाफ जयपुर में 203 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई के बल्लेबाज दबाव में आ गए। फॉर्म में चल रहे डेवोन कोंवे भी कुछ नही कर पाए। कोंवे के अलावा चेन्नई के लिए इस सत्र मे रूतुराज गायकवाड़, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे ने रन बनाए है। रविंद्र जडेजा के बल्ले की खामोशी चेन्नई की चिंता का सबब जरूर है लेकिन इस हरफनमौला ने शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से वह कमी पूरी कर दी है। शायद अपना आखिरी आईपीएल खेल रहे धोनी पर सभी की नजरे होगी। पीली जर्सी मे मैदान मे मौजूद प्रशंसक उनकी बल्लेबाजी देखना चाहेगे। चेन्नई इस मैच मे भी जडेजा, महीष तीक्षणा और मोईन अली के रूप में तीन तरफा स्पिन आक्रमण उतार सकता है। तेज गेंदबाजी में दीपक चाहर की गैर मौजूदगी में तुषार देशपांडे ने 14 विकेट लिए है हालांकि उनका इकॉनामी रेट 12 . 57 रहा है। युवा आकाश सिंह और मतीषा पथिराना से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। चेन्नई की टीम मे ज्यादा बदलाव नही होते हें लेकिन चोट से उबर चुके इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स की वापसी हो सकती है। दूसरी ओर पंजाब की समस्या प्रदर्शन मे निरंतरता का अभाव है। कप्तान शिखर धवन की वापसी का भी कोई फायदा नही हुआ। धवन , प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे को रन बनाने होंगे।

# कुछ लोग हमारा आंदोलन दूसरी दिशा में ले जाना चाहते हैं: बजरंग पूनिया



भाषा। नई दिल्ली

**प्रदर्शनकारी** पहलवानों ने शनिवार को दावा किया कि कुछ लोग उनके आंदोलन को दूसरी दिशा में ले जाने के उद्देश्य से यहां आए हैं लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे लोग कौन हैं। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया ने कहा कि पहलवान उनके मंच का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए नहीं करने देंगे। बजरंग ने कहा, कुछ लोग हमारे आंदोलन को एक अलग दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं और हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। यह भारत की बेटियों के लिए न्याय की लड़ाई है। बजरंग संभवत: उन लोगों का जिक्र कर रहे थे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाते सुना गया था। उन्होंने कहा, कई लोग प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गए हैं और इसे भड़काऊ आंदोलन के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह भारतीय कुश्ती को बचाने की लड़ाई है। जो लोग यहां आए हैं हैं, वे किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि हमारा समर्थन करने के लिए यहां पहुंचे हैं। बजरंग ने कहा, राजनीति और अन्य चीजें गौण हैं, महिलाओं की गरिमा और सम्मान पहले है, इसलिए कृपा करके इसमें राजनीति को शामिल ना करें। यह खिलाड़ियों का आंदोलन है और इसका किसी राजनीतिक पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। पहलवानों ने जब भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपना आंदोलन फिर से शुरू किया था तो राजनीतिज्ञों, किसानों और महिला संगठनों से समर्थन की अपील की थी।

## विनेश ने चचेरी बहन बबीता से कहा, पहलवानों का प्रदर्शन कमजोर ना करो

**नई दिल्ली**। विनेश फोगाट और उनकी चचेरी बहन बबीता फोगाट के बीच शनिवार को पहलवानो के प्रदर्शन को लेकर जुबानी जंग देखने को मिली। विनेश ने बबीता से भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चल रहे आंदोलन को कमजोर नही करने को कहा। विनेश ने ट्वीट किया, अगर पीड़ित महिला पहलवालो के हक मे नही खड़ी हो सक्ती तो बबीता बहन आपसे हाथ जोड़कर विनती है कि हमारे आंदोलन को कमज़ोर तो मत करो। सालो लगे है महिला पहलवानो को अपने उत्पीड़क के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने मे। आप भी महिला है और हमारा दर्द समझने की कोशिश करो। इससे पहले बबीता ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के प्रदर्शनकारी पहलवानो से मिलने के लिए जंतर-मंतर पहुंचने के बारे मे ट्वीट किया था। भाजपा से जुड़ी बबीता ने कहा था, प्रियंका वाड्रा अपने निजी सचिव संदीप सिंह को लेकर जंतर मंतर महिला पहलवानो को न्याय दिलाने पहुँची है लेकिन इस व्यक्ति पर खुद महिलाओ से छेड़छाड़ और एक दलित महिला को दो कौड़ी की औरत कहने जैसे तमाम आरोप लगे है।

## पहलवानों का प्रदर्शन : कपिल सिब्बल ने कहा बृजभूषण की अंतरात्मा की कोई आवाज नहीं

**नई दिल्ली**। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सात महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर बरसते हुए शनिवार को कहा कि उनकी अंतरात्मा की कोई आवाज नही है। सीनियर एडवोकेट सिब्बल उच्चतम न्यायालय मे पहलवानो के वकील है। सिब्बल ने ट्वीट किया , पहलवानो का प्रदर्शन : बिजली और पानी कटा लेकिन वे लड़ेंगे और कामयाब होंगे। दोषी की अंतरात्मा की कोई आवाज नही है।


## दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट : नेपाल ने भारत को दस विकेट से हराकर श्रृंखला जीती

**काठमांडो**। मनकेशी चौधरी और बिनिता पुन के बीच 209 रन की नाबाद साझेदारी की मदद से नेपाल ने भारत को 10 विकेट से हराकर पांच मैचों की दृष्टिबाधित महिला टी20 क्रिकेट श्रृंखला में 3-1 की विजई बढ़त बना ली। नेपाल ने पहला मैच जीता था जबकि भारत ने अगला मैच जीतकर श्रृंखला में बराबरी की। नेपाल ने तीसरा मैच जीतकर बढ़त बना ली थी। नेपाल की कप्तान भगवती भटारी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने पहले छह ओवर में विकेट जल्दी गंवाए लेकिन 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन बना लिए। गंगा ने 27 गेंद में 57 रन बनाए। जवाब में मनकेशी ने 59 गेंद में 17 चौकों की मदद से 116 रन जोड़े जबकि पुन ने 50 गेंद में 89 रन बनाए। नेपाल ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

# सनी व धीरज ने दिल्ली कैफे को दिलाई जीत

**लखनऊ**। मैन ऑफ द मैच सनी मेहरोत्रा -87 व धीरज अग्रवाल 56 के अर्धशतकों से द दिल्ली कैफे ने प्रथम आइरिस क्राउन स्कूल कॉरपोरेट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एफसीआई वारियर्स को 169 रन से हराया। एक अन्य मैच में कैरियर क्रिकेट क्लब ने बनारस क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से मात दी। कैरियर ग्राउंड पर द दिल्ली कैफे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 216 रन बनाए। एफसीआई वारियर्स से जावेद खान ने दो विकेट हासिल किए।जवाब में एफसीआई वारियर्स की टीम 11.5 ओवर में 9 विकेट पर 47 रन ही बना सकी। टीम से अखिलेश मिश्रा -17 व मुजम्मिल हुसैन 10द्ध ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। द दिल्ली कैफे से वसीम ने चार व अनिल लाल ने दो विकेट हासिल किए। दूसरे मैच में कैरियर क्रिकेट क्लब ने मैन ऑफ द मैच अपूर्व मेहरोत्रा -52 के अर्धशतक से बनारस क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से पराजित किया। बनारस क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में कैरियर क्रिकेट क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.5 ओवर में 5 विकेट पर 176 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## इंस्ट्रक्टर व नेशनल रेफरी कोर्स का आयोजन



**लखनऊ**। ताइक्वांडो अकादमी ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में आयोजित नेशनल इंस्ट्रक्टर कोर्स, व नेशनल रेफरी कोर्स आज दूसरे दिन ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर जगतियानी के दिशा निर्देशन में ताइक्कांडो जिम्नेजियम हॉल लालबाग लखनऊ में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। ग्रैंड मास्टर सोंग कुक जेओंग ने आज सेमिनार में पूरे देश से आये ताइक्कांडो के खिलाड़ियों को ताइक्कांडो की बारीकियों से अवगत करायाए साथ ही ताइक्कांडो खेल में आये बहुत सारे बदलावों और तकनीको के पहलुओं की जानकारी प्रदान की। रेफरी की भूमिका निभाने के दौरान रेफरी को किन किन स्टेप का पालन करना चाहिए तथा फाइट के दौरान खिलाड़ियों को चेतावनी कैसे देनी चाहिएए कब और कैसे पॉइंट दिए जाते है और कैसे काटे जाते है इसकी गहन प्रायोगिक जानकारी प्रदान की। आयोजन सचिव पीटर जगतियानी के अनुसार कल अंतिम दिन खिलाड़ियों का रेफरी टेस्ट होगाए टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के द्वारा प्रथम और द्वितीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ी आगामी 9 से 11 जून 2023 तक लखनऊ के केडी् सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित होने वाली 40वी नेशनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका निभाएंगे।

# सात्विक- चिराग ने बैडमिंटन एशिया के फाइनल में पहुंचे

● इतिहास रचा

भाषा। दुबई

**सात्विक साईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली पुरुष युगल जोड़ी बन गई है। इस भारतीय जोड़ी ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में अपनी प्रतिद्वंदी जोड़ी के बीच से हट जाने के कारण आसानी से फाइनल में जगह बनाई। सात्विक और चिराग पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में जब 13-14 के मामूली अंतर थे पीछे चल रहे थे तब ली यांग और वांग ची-लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी ने मैच से हटने का फैसला किया।रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना ओंग यू सिन और टियो ई ई की आठवीं वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जापान की ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की



चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-6, 26-24 से हराया। सात्विक और चिराग ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की अनुभवी जोड़ी को 21-11 21-12 से हराकर इतिहास रचा था।